CMYK

सूर्योदय : 6:32
सूर्यास्त : 5:13
अधिकतम तापमान : 27.0
न्यूनतम : 14.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-168 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, सोमवार, 27 नवम्बर 2023
11 जमादिउल अव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com









CMYK

# भाजपा सरकार में देश का संविधान, लोकतंत्र और दलित का सम्मान खतरे में: तनुज

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** भारत का संविधान जन, गण, मन का भाग्य विधाता हैं, संविधान भारत का राजधर्म हैं। संविधान सभा ने 26 नवम्बर 1949 के दिन संविधान पारित किया था देश के लिये आज की तारीख कभी भूलने वाली नही है। आज के दिन देश की जनता को मौलिक अधिकार मिले थे लेकिन आज बड़े ही अफसोस के साथ कहना पड़ रहा हैं कि भाजपा सरकार में देश का संविधान, लोकतंत्र और दलित का सम्मान खतरे में हैं। कांग्रेस पार्टी देश के संविधान, लोकतंत्र तथा दलित के सम्मान को बचाने की लड़ाई लड़ रही है। उक्त उद्गार आज संविधान दिवस के अवसर पर विकास खण्ड सिद्धौर के ग्राम बब्बकरपुर में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित दलित गौरव संवाद कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश कांग्रेस के नवमनोनीत उपाध्यक्ष सुशील पासी ने व्यक्त किए। इस दौरान संविधान के रचयिता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मो. मोहसिन ने तथा संचालन कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के पूर्व अध्यक्ष रामहरख रावत ने किया। दलित गौरव संवाद कार्यक्रम में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के मध्य जोन के अध्यक्ष नवमनोनीत प्रदेश कांग्रेस के महासचिव तनुज पुनिया ने संविधान के रचयिता बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात् कहा कि आज भाजपा की सरपरस्ती में दलितों पर अत्याचार हो रहा हैं। दलितों पर हो रहे लगातार अत्याचार ने देश एवं प्रदेश की आत्मा को झकझोर दिया हैं। इस सरकार में संविधान खतरे में हैं, एस.सी. समाज का सब-प्लान समाप्त कर दिया गया हैं। आरक्षण को खत्म करने की साजिश की जा रही हैं जिसे कांग्रेसजन कतई बर्दाश्त नही करेंगे और देश के संविधान तथा दलित समाज के गौरव को बचाने के लड़ाई में कोई भी कुर्बानी देने से पीछे नही हटेंगे। तनुज पुनिया ने कहा कि 2010 में कांग्रेस की यूपीए सरकार ने दलित सब प्लान के लिये बजट का कम से कम 4.63 प्रतिशत आवंटित करने के लिये ''नरेन्द्र जाधव'' गाइड लाइन्स पेश की थी लेकिन भाजपा सरकार ने बजट में वंचित वर्गों का हिस्सा खत्म कर दिया। हमें यह संकल्प लेना होगा कि सरकार के इस रवैया का हर स्तर पर विरोध किया जायेंगा और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिये संघर्ष किया जायेंगा। मो. मोहसिन ने देश व प्रदेश की भाजपा सरकार की कार्य प्रणाली की तीव्र निन्दा की। ग्राम बब्बकरपुर में आयोजित दलित गौरव संवाद में दलित अधिकार पत्र भी भरवाये गये, कार्यक्रम में मुख्य रूप से आयोजक गजराज रावत, मन्नू रावत, राजू जैदी, डॉ. लल्ला रावत, अजीत रावत, अवधेश रावत, रामसुमिरन रावत, शिवनरायन रावत आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थें।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक हुआ घायल

**बेलहरा बाराबंकी।** ट्रक और बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार कुर्सी थाना क्षेत्र अंतर्गत महमूदाबाद?लखनऊ मार्ग पर स्थित अमरुन चौराहे के निकट रविवार देर शाम तेज रफ्तार ट्रक और मोटरसाइकिल में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई जिसमें बाइक सवार युवक लखनऊ के विकास नगर सेक्टर 12 निवासी 20 वर्षीय विशाल गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि यह हादसा ओवरटेक करते समय पेश आया है। वहीं राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# संविधान दिवस पर दिलाई भारत को पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने की शपथ



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** संविधान दिवस के अवसर पर विविध आयोजन हुए। इस दौरान भारत को संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए शपथ ग्रहण कराई गई। कलेक्ट्रेट लोक सभागार में संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने सभी को संवैधानिक मूल्यों एवं मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित वेबिनार, गोष्ठी में प्रतिभाग करते हुए भारत को संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए शपथ ग्रहण कराई।

संविधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार ने पुलिस कार्यालय प्रांगण में संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। प्रत्येक वर्ष 26 नवम्बर संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर एसपी द्वारा पुलिस कार्यालय प्रांगण में समस्त पुलिस कर्मियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाकर भारत को एक लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा समस्त नागरिकों को सामाजिक,आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित कराने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए समस्त पुलिस कर्मियों को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर डॉ0 बीनू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर श्री सुमित त्रिपाठी व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक उत्तरी आशुतोष मिश्र द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स में व समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने कार्यालयों में तथा थाना प्रभारियों/चौकी इंचार्ज द्वारा थाना/चौकी पर पुलिस कर्मियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गयी।

## सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौत, पति सुरक्षित

**कोठी बाराबंकी।** सड़क हादसे में महिला की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कोठी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

जानकारी के अनुसार बाराबंकी हैदरगढ़ मार्ग पर कोठी थाने के पूरे रूद्र गांव के पास बाराबंकी की ओर से आ रहे सोमैया ढकोली थाना कोतवाली नगर निवासी संतोष मिश्रा अपनी बाइक से पत्नी सरिता मिश्रा 38 वर्ष को लेकर अपनी ससुराल हैदरगढ़ जा रहा थे। तभी अचानक पूरे रूद्र गांव के पास बाइक पर पीछे बैठी पत्नी सरिता मिश्रा 38 वर्ष का बैग अचानक ओवरटेक कर रहे अज्ञात वाहन में फस गया जिससे सरिता मिश्रा गिर गई और गिरते ही सिर में काफी गहरी चोट लगने के कारण घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत



**सिसवा बाजार(महराजगंज)**नगर पालिका कस्बे के लक्ष्मीबाई नगर लोहेपार में रविवार की सुबह एक महिला घर के अंदर पंखे में लटकती हुई पाई गई। जिसे परिजनआनन फानन में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिसवा लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। इस बात की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची कोठीभार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ निचलौल भी मौके पर पहुंचे और स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। खबर लिखे जाने तक पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली थी।

सिसवा कस्बे के वार्ड नंबर 18 लक्ष्मीबाई नगर लोहेपार निवासी पप्पू श्रीवास्तव की 26 वर्षीय पत्नी सोनम रविवार की सुबह अपने घर के दूसरी मंजिल के कमरे में पंखे से लटकती हुई पाई गई। मृतका का पति पप्पू उस समय गांव में ही दूध लेने गया था। बुजुर्ग ससुर सुरेंद्र अपने घर के नीचे वाले कमरे में सोए हुए थे। पप्पू ज़ब दूध लेकर घर पहुंचा तो पत्नी सोनम को आवाज़ देकर बुलाने लगा। लेकिन उसके तरफ से जब कोई जबाब नहीं मिला तो वह अपने कमरे में पहुंचा। वहां का नजारा देख पप्पू के पैरों तले जमीन खिसक गई और वह दंग रह गया, पत्नी सोनम पंखे से लटक रही थी। इसके बाद पप्पू ने किसी तरह से सोनम को फंदे से नीचे उतारा और कुछ लोगों की मदद से सिसवा कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा जहां चिकित्सकों ने सोनम को देखते ही मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतका के मायके वाले भी मौके पर पहुंच गये। सभी का रो-रोकर बुरा हाल था। सूचना पर पहुंची कोठीभार पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। वहीं सीओ निचलौल अनिरुद्ध कुमार भी सूचना मिलते ही घटना स्थल का जायजा लिए और प्राभारी निरीक्षक को कार्रवाई का उचित निर्देश दिया। इस संदर्भ में प्रभारी निरीक्षक कोठीभार सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि अभी तक मृतका के परिजनों के तरफ से कोई तहरीर नही मिली है, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

## अज्ञात युवक का शव मिला, नहीं हो सकी पहचान, कल होगा पोस्टमार्टम



**सुल्तानपुर, दूबेपुर।** विकास खंड के दूबेपुर ग्राम सभा के होली का पुरवा गांव के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला,शव की पहचान नही हो पायी है। अज्ञात शव का कल पोस्टमार्टम होगा। शुक्रवार को कोतवाली देहात अंतर्गत प्रतापगंज चौकी की पुलिस ने युवक को मूर्छित अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती करवाया था,लेकिन उसी दिन शाम को उसकी मौत हो गयी थी। इलाज के दौरान उसे होश भी नही आया। प्रभारी चौकी इंचार्ज प्रवीण मिश्रा ने मृतक की पहचान के लिए शोशल मीडिया और आसपास के थाने से भी मालूमात किया लेकिन पहचान हो न सकी। अब 72 घण्टे बाद शव को मोर्चरी से निकाला जाएगा। ग्रामीणों के मुताबिक यह व्यक्ति करीब दो दिन से क्षेत्र में टहलता हुआ दिखाई दे रहा था। डायल-112 की मदद से जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। मामला कोतवाली देहात अंतर्गत प्रतापगंज चौकी क्षेत्र का है।

## प्रधानमंत्री के मन की बात को बूथों पर लाइव सुना गया

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री के मन की बात को बूथों पर लाइव सुना गया। सांसद लल्लू सिंह ने निषाद नगर रेतिया, प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने विद्याकुंड बूथ पर, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने अश्वनीपुरम, महामंत्री परमानंद मिश्रा ने महाराजा इंटर कालेज अयोध्या, पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह व शैलेन्द्र कोरी ने बूथ नम्बर 6, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल, दिवाकर सिंह व राजेश सिंह ने बूथ नम्बर 19 पर मन की बात सुनी। कार्यक्रम के उपरान्त सांसद लल्लू सिंह बेगमगंज गढ़ैया के प्राथमिक विद्यालय में आयोजित वोटर चेतना अभियान में शामिल हुए।

सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि मन की बात की मुख्य उद्देश्य राष्ट्रनिर्माण के साथ ही चरित्र निर्माण करना है। मन की बात कार्यक्रम ने लोकप्रियता को लेकर कीर्तिमान स्थापित किया है। देश हित के अभियानों को गति प्रदान करने के साथ राष्ट्र व समाज के हित में अच्छा कार्य कर रहे लोगों से सीधे संवाद कर प्रधानमंत्री ने उनका उत्साह वर्धन किया है।महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम ने मनन व चिंतन के दृष्टिकोण को विकसित किया है। यह जनता की सोच में बदलाव लाने में सक्षम हुआ है। प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि मन की बात को मिल रहा ऐतिहासिक समर्थन शक्तिशाली और निर्णायक नेतृत्व पर जनता के भरोसे को दर्शाता है। इससे नागरिकों से प्रधानमंत्री की सीधी बात होती है तथा उनका मार्गदर्शन होता है।

## रेलवे जंक्शन पर तैनात पुलिस कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

**अयोध्या।** राजकीय रेलवे पुलिस के वरिष्ठ अधिकारीगण के आदेश से रेलवे में होने वाली आगजनी जैसी घटनाओं की रोकथाम एवं जान माल की सुरक्षा एवं बचाव कार्य हेतु अग्निशमन विभाग जनपद अयोध्या के मुख्य अग्निशमन अधिकारी सी एफओ महेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में अपने टीम के द्वारा साथ थाना जीआरपी अयोध्या कैन्ट एवं चौकी जीआरपी अयोध्या जं0 पर नियुक्त समस्त अधिकारी कर्मचारीगण को भली भांति ट्रेन रेलवे स्टेशन/प्लेटफार्म पर आगजनी जैसी घटना होने के उपरान्त विस्तृत रूप से ब्रीफ करके माक ड्रील भी कराया गया । इस अवसर पर विस्फोटक ज्वलनशील पदार्थ एलपीजी आदि से लगने वाली आग को काबू पाने के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया गया जिसमें प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी अयोध्या कैन्ट राकेश कुमार राय व चौकी प्रभारी जीआरपी अयोध्या जं0 सुशील कुमार मिश्र सहित थाने पर मौजूद समस्त उ0नि0 एवं थाने पर उपस्थित समस्त पुलिस जिसमें ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों द्वारा फायर पावडर एक्सीटिंग्विशर एवं कार्विन डाई आक्साइड गैस सिलेण्डर का नियमानुसार प्रयोग कर पूर्ण रूप से आगजनी की घटनाओं की रोकने अथवा काबू पाने हेतु प्रयोगिक जानकारी प्राप्त किया गया ।

# सौर ऊर्जा पर निर्भरता को बढ़ावा दे रही है योगी सरकार

## एयरपोर्ट में 600 किलोवाट के सोलर प्लांट की स्थापना की प्रक्रिया तेज

*अवधनामा संवाददाता*

**प्रयागराज।** यूपी की योगी सरकार प्रदेश में ऊर्जा सरंक्षण और नवीनीकरण योग्य ऊर्जा के स्रोतों का विकास पर निरंतर जोर दे रही है। इसी उद्देश्य से सरकार प्रयागराज एयरपोर्ट को सोलर ऊर्जा से संचालित करने के प्रोजेक्ट पर कार्य कर रही है। महाकुंभ से पहले प्रयागराज एयरपोर्ट का यह नया स्वरूप सामने आ जाएगा। प्रयागराज एयरपोर्ट के कायाकल्प के साथ योगी सरकार की यह इस क्षेत्र में दूसरी बड़ी उपलब्धि होगी। प्रदेश में विमानन सेवा के निरन्तर विकास से प्रयागराज एयरपोर्ट नयी उपलब्धियां हासिल कर रहा है । प्रदेश की योगी सरकार बिजली की लागत को कम से कम करने और ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को विकसित करने की तरफ तेजी से आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में कुंभ नगरी के प्रयागराज एयरपोर्ट को सौर ऊर्जा से संचालित करने के प्रोजेक्ट को योगी सरकार ने हरी झंडी दी है। प्रयागराज एयरपोर्ट के निदेशक आर आर पांडेय के मुताबिक एयरपोर्ट को सोलर एनर्जी से संचालित के प्रोजेक्ट की संस्तुति सरकार की तरफ की गई है। इसके लिए रोड मैप तैयार कर लिया गया है। एक वर्ष के अन्दर इसका प्रथम चरण पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रयागराज एयरपोर्ट सौर ऊर्जा संचालित करने के लिए सोलर प्लांट की स्थापना की जा रही है। एयरपोर्ट के निदेशक आर आर पांडेय बताते हैं कि एयरपोर्ट टर्मिनल के बिल्डिंग के ऊपर और पार्किंग क्षेत्र के ऊपर हिस्से में इस सोलर प्लांट के सौर पैनल लगाए जायेंगे। नए टर्मिनल भवन का विकास भी उसी के मुतबिक किया जाएगा। 600 किलो वाट का यह सौर ऊर्जा संयंत्र लगभग ?10 करोड़ की लागत से स्थापित होगा। इसके लिए 7 एकड़ भूमि पर 7000 सोलर पैनल लगाए जाएंगे। एयरपोर्ट के पास सड़क के दूसरे हिस्से में 25 एकड़ से अधिक की भूमि का इस्तेमाल भी आवश्यकता पड़ने पर सोलर प्लांट के विस्तार के लिए किया जाएगा।

### प्रति वर्ष 5 करोड़ की बिजली की होगी बचत

प्रयागराज। पर्यावरण संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन को कम करने में यह प्रोजेक्ट उपयोगी साबित होगा। एयरपोर्ट निदेशक आर आर पांडेय बताते हैं कि एयरपोर्ट पर हर महीने 45 लाख बिजली का बिल आता है। यहाँ सोलर प्लांट लगने से प्रतिदिन लगभग 7000 यूनिट बिजली एयरपोर्ट को मिलेगी। इस तरह यह सोलर ऊर्जा हर साल 5 करोड़ से अधिक के बिजली के बिल की बचत करेगी। एयरपोर्ट के इस्तेमाल के बाद बची हुई बिजली को ग्रिड सिस्टम के माध्यम से संग्रहित कर बेचा जाएगा। इससे भी एयरपोर्ट प्रशासन को राजस्व की अतिरिक्त बचत होगी।

## जिला जज ने किया केंद्रीय कारागार नैनी का औचक निरीक्षण

**प्रयागराज।** नैनी केंद्रीय कारागार का जिला जज ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में न्यायिक अधिकारियों के साथ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। औचक निरीक्षण से जेल में खलबली मची रही। अधिकारियों ने जेल की व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही मेस और बैरकों का निरीक्षण किया। जिला जज संतोष कुमार राय ने बड़ी संख्या में न्यायिक और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ औचक निरीक्षण किया। रविवार को अचानक अधिकारियों के जेल पहुंचने से खलबली मच गई। नैनी जेल के भीतर व्यवस्थाओं का अधिकारियों ने जायजा लिया।

# भारत संकल्प यात्रा के तीसरे दिन जनपद में कई जगह चला जागरुकता अभियान

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार और लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए शुरू हुई 60 दिवसीय विकसित भारत संकल्प यात्रा के तीसरे दिन सदर, नौतनवा, निचलौल, परतावल और फरेंदा में चौपाल आयोजित कर लोगों को विभिन्न योजनाओं के विषय में जागरूक किया गया। मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार राय ने बताया की विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आई 05 एलईडी वैन के माध्यम से आज नौतनवां विकास खंड के तहत हनुमानगढ़िया व बड़हरा, परतावल के सोनकटिया व परसौनी , फरेंदा के गढ़वा व महादेवा दूबे, निचलौल के लोढ़िया एवं रामपुरवा और सदर विकास खंड कृत पिपरा व पकड़ी खुर्द ग्राम पंचायतों में लोगों को विभिन्न योजनाओं के विषय में लोगों को जागरूक किया गया। वैन के साथ नोडल अधिकारी और विभिन्न विभागों के स्टाफ मौके पर यथासंभव नियमानुसार लोगों के आवेदनों और शिकायतों का निस्तारण कर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा भारत सरकार का महत्वाकांक्षी जागरूकता कार्यक्रम जो अंतर्विभागीय सहयोग द्वारा संचालित किया जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज विभिन्न ग्राम पंचायतों में जागरूकता अभियान चलाने के साथ गांवों में पात्रों को चिन्हित कर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, वृद्धावस्था पेंशन, व्यक्तिगत शौचालय जैसी योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया, साथ ही लोगों की शिकायतों को सुनकर नियमानुसार उनका निस्तारण भी किया जा रहा है। साथ ही सहकारिता विभाग के सहयोग से किसानों के खेतों नैनो डीएपी और नैनो यूरिया का छिड़काव भी ड्रोन के माध्यम से इफको द्वारा किया गया।

## संविधान से देश केहर तबके को मिला अधिकार : बसपा



**प्रयागराज।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में मंडल कार्यालय मंफोर्डगंज प्रयागराज में संविधान दिवस के अवसर पर रविवार को संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर साहब के चित्र पर माल्यार्पण व श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया एवं संविधान में निहित स्वतंत्रता समता बंधुता और न्याय पर आधारित समता मूलक राष्ट्र निर्माण के लिए माननीय बहन कुमारी मायावती जी को 2024 में प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर डॉ. अशोक गौतम मंडल प्रभारी प्रयागराज मिर्जापुर मण्डल, राजू गौतम मंडल प्रभारी प्रयागराज, अभिषेक गौतम मंडल प्रभारी प्रयागराज, मोहम्मद अकरम मंडल प्रभारी प्रयागराज व विजय सरोज, अतुल कुमार टीटू, आकाश वर्मा, घनश्याम पटेल, चिंतामणि वर्मा, राजनाथ पाल, मनोज कुशवाहा, मनोज पाल, जंगबहादुर मौर्या, रवींद्र कुमार, शिव बरन पासी, सूरज पासी, परमानंद गौतम, श्याम किशोर, विनय पासी, बालगोविंद, योगेश्वर कांत, मो. शाहिद, अवधेश गौतम, रमेश गौतम, शेषनाथ पासी, प्रेमचंद्र गौतम, अनिल सोनकर, गुड्डू निषाद, अशोक बिंद आदि लोग उपस्थित रहे।

विजय कुमार सरोज जिला महासचिव प्रयागराज व मंडल प्रभारी प्रयागराज ने बताया कि डिबेट करने वाले पदाधिकारी चौधरी शहीद अहमद नगर अध्यक्ष प्रयागराज व श्री अतुल कुमार टीटू पूर्व जिला अध्यक्ष प्रयागराज बहुजन समाज पार्टी ने संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला।

# कार्तिक पूर्णिमा के स्नान पर्व को देखते जय गोमती मित्रों ने किया विशेष श्रमदान

*अवधनामा संवाददाता*

**सुल्तानपुर।** वैसे तो गोमती मित्र हर रविवार को साप्ताहिक श्रमदान के तहत श्री सीताकुंड धाम पर पूरी शिद्दत के साथ साफ सफाई करते हैं,लेकिन जब विशेष पर्व होता है तब मेहनत और बढ़ जाती है।सोमवार को होने वाले कार्तिक पूर्णिमा स्नान व देव दीपावली उत्सव को ध्यान में रखते हुए प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह के निर्देश पर गोमती मित्रों ने पूरे तट, श्राद्ध स्थल व सीता उपवन में प्रातः 07:00 से ही तीन घंटे तक लगातार श्रमदान किया।स्नान के लिये पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो इसके लिए प्रबंधक राजेंद्र शर्मा के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई,जो प्रातः से लेकर शाम तक धाम पर मौजूद रहकर व्यवस्था को बनाए रखेंगे साथ ही सोमवार सायंकाल गोमती मित्र मंडल व संस्कार भारती के संयुक्त तत्वाधान में 7051 दीपों से होने वाले दीपोत्सव के लिए भी कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर कुंवर दिनकर प्रताप सिंह द्वारा गोमती मित्रों को जिम्मेदारी सौंप गई श्रमदान में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, राजेश पाठक, मुन्ना सोनी, आलोक तिवारी, सुजीत कसौधन, अर्जुन यादव, आयुष सोनी, हैप्पी, अर्पित, तुषार, पीयूष, अभिषेक, सौरभ, आदित्य, श्रेयांश, दीपू देवनारायण यादव आदि शामिल रहे।



# सुरक्षा एजेंसियों ने खंगाला लारेब हाशमी का घर

*अवधनामा संवाददाता*

**प्रयागराज।** औद्योगिक थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह ई-बस में धार्मिक नारे लगाकर परिचालक हरिकेश विश्वकर्मा पर चापड़ से हमला करने वाले बीटेक छात्र लारैब हाशमी से शनिवार को एटीएस समेत अन्य खुफिया एजेंसियों ने पूछताछ की। वाराणसी से एटीएस की एक टीम सुबह ही पूछताछ के लिए एसआरएन अस्पताल पहुंची। आईबी और लोकल इंटेलिजेंस यूनिट ने भी पूछताछ की।

एजेंसियों ने लारैब के सोरांव के हाजीगंज स्थित घर को भी खंगाला। घर से डेस्कटॉप, चिप, पैन ड्राइव, दो मोबाइल पांच डायरी और पूरे परिवार के बैंक पासबुक तथा अन्य चीजों को जब्त किया गया है। इनकी जांच की जा रही है। एजेंसियां इस बात की जांच में भी जुटी हैं कि लारैब का किसी आतंकी संगठन से तो संबंध नहीं है। उसने घटना के बाद चापड़ के साथ एक वीडियो बनाया था, जिसमें आपत्तिजनक तरीके से एक वर्ग को उकसाया। इसमें वह कहता दिखाई दे रहा है कि जो भी उसके मजहब की बेइज्जती करेगा, उसका यही हस्र होगा। वीडियो में भी वह लगातार धार्मिक नारेबाजी कर रहा था।

पुलिस ने रात से ही लारैब के घर पर पहरा लगा रखा था। घर वाले पहले ही फरार हो गए थे। एजेंसियों ने लारैब के कमरे और घर को खंगाला। कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए। उनकी जांच की जा रही है। उसकी पिछले कुछ महीनों की गतिविधियों के बारे में पड़ोसियों और दोस्तों से पूछताछ की गई है। वह किससे मिलता था।

# सभी ब्लॉकों को प्रतिदिन हरहाल में बनाने होंगे पांच सौ आयुष्मान कार्डः राम्या आर



*अवधनामा संवाददाता*

**बहराइच।** जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी राम्या आर की अध्यक्षता में सम्पन्न की गयी। इस बैठक का संचालन डीपीएम सरजू खान ने किया। बैठक में पिछले माह में दिये गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा के साथ ही मातृत्व स्वास्थ्य टीकाकरण आयुष्मान भारत कायाकल्प ई संजीवनी मातृत्व वंदना योजना सुरक्षित मातृत्व अभियान कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम कुपोषण सहित 30 बिन्दुओं की समीक्षा की गयी ।

मुख्य विकास अधिकारी राम्या आर ने आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की कम प्रगति पर नाराजगी जताई और कम प्रगति वाले ब्लॉक तेजवापुर, महसी, फखरपुर, मिहींपुरवा के आरोग्य मित्रों और चिकित्सा अधीक्षक को चेतावनी देते हुए सभी ब्लॉकों को प्रतिदिन 500 आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिये । इसी के साथ ही उन्होंने विकसित भारत यात्रा में सभी सीएचसी अधीक्षकों को यात्रा में शामिल होने के साथ ही योजनाओं से लाभन्वित लाभार्थियों से संवाद करने के निर्देश दिये ।

उन्होंने ग्रामीण स्तर पर आयोजित होने वाले ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस में जांच के सभी प्रकार के आवश्यक उपकरणों व खराब हो चुके उपकरणों की पुनः खरीद के साथ ही सभी गर्भवती के पेट की जांच के लिए सत्र स्थल पर गोपनियता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये । इसके लिए उन्होंने आशा व ग्राम प्रधान के संयुक्त खातों में जमा अंटायड फंड का नियमानुसार उपयोग करने का सुझाव दिया। इसके अलावा सत्र स्थल पर अपडेटेड ड्यू लिस्ट व सभी उपकरणों की फोटोग्राफ साझा करने के लिए निर्देशित किया ।

वित्तीय प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा ऐसे ब्लॉक जिन्होंने लक्ष्य के सापेक्ष्य 35 फीसदी से कम धनराशि का उपयोग किया है उन्हें नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा जाय । हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की वित्तीय समीक्षा में पयागपुर व नवाबगंज ने सौ फीसदी धनराशि व्यय कर इसे माडल के रूप में तैयार किया है । इसके लिए मुख्य विकास अधिकारी ने ऐसे ब्लॉक जहां इसको लेकर कम प्रगति है वहाँ जन आरोग्य समिति के माध्यम से उपलब्ध धनराशि का उपयोग कर मूलभूत सुविधाओं सहित आवश्यक उपकरणों की खरीद सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।ई संजीवनी की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जो सीएचओ सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी लगातार अनुपस्थित हैं उन्हें तीन नोटिस देकर जिला स्वास्थ्य समिति को सूचित करें।

## राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम को जन जन तक पहुंचाएं

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि वर्तमान में क्षय रोगी खोजी अभियान चलाया जा रहा है । इसमें भाग लेने वाली टीम के साथ ही सभी सुपरवाइजर टीबी के संभावित लक्षणों वाले सभी व्यक्तियों की जांच कराना सुनिश्चित करें । साथ ही उन्होंने आमजन से अपील किया कि ऐसे लोग जिन्हें दो हफ्तों से अधिक समय से खांसी के साथ बुखार आ रहा है और वजन लगातार कम हो रहा है । वह सभी अपने बलगम की जांच अवश्य करा लें। ताकि बीमारी की शुरुआत में ही इलाज से उन्हें टीबी मुक्त किया जा सके।

# विदेशी नहीं बल्कि वैदिक सनातनी संविधान की आवश्यकता



मनु स्मृति घोषित हो भारत का संविधान

**अयोध्या।** हिंदू महासभा के प्रवक्ता, सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी, एवं अधिवक्ता मनीष पांडेय ने संविधान दिवस के अवसर पर कहा कि आज संविधान दिवस है, 26 नवंबर 1949 को बनकर तैयार हुआ संविधान को 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया, सवाल यह उठता है कि इस संविधान के लागू होने की तिथि के 73 वर्ष बीत जाने के बाद भी क्या संविधान अपने सिद्धांतों पर खरा उतरा? क्या वह भारत की आत्मा को आत्मसात कर पाया और क्या कहीं ऐसा तो नहीं है कि संविधान दिवस एक षड्यंत्र कारी राजनैतिक इच्छाओं का शिकार हो गया, श्री पांडेय ने आगे कहा कि कहीं ईंट कहीं का रोड़ा भानुमति ने कुनबा जोड़ा यह कहावत संविधान पर पूरी तरह से चरितार्थ होती है, और इसी का फायदा उठाकर ना सिर्फ और राजनैतिक दलों ने बल्कि न्यायपालिका ने भी समय-समय पर इसे अपने अनुसार तोड़ मरोड़ कर भरपूर इस्तेमाल किया विशेषकर राजनीतिक दलों द्वारा चीन के दबाव में कहीं ना कहीं न्यायपालिका ने भी संविधान को ताक पर रखते हुए अपने निर्णय इस देश की जनता पर थोपे, यह कैसी विडंबना है यह कैसा संविधान है जो आज तक इस देश को मकड़जाल की तरह लपेट चुके भ्रष्टाचार ,जातिवाद, भाषावाद, प्रांतवाद, और सामाजिक विखंडिताओ को समाप्त नहीं कर पाया, अधिवक्ता मनीष पांडेय ने संविधान दिवस पर अपने विचार रखते हुए आगे कहा कि इतिहास गवाह रहा है कि ना जाने कितने सैकड़ों मौकों पर राजनीतिक दलों द्वारा इसी संविधान का सहारा लेकर उसे तोड़ मरोड़ कर अपने अनुसार अपनी व्याख्या के अनुसार निर्णय अपने पक्ष में किए गए हैं।

सूर्योदय : 6:32
सूर्यास्त : 5:13
अधिकतम तापमान : 27.0
न्यूनतम : 14.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-168 पेज-12

मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, सोमवार, 27 नवम्बर 2023

11 जमादिउल अव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com




## चार राज्यों में मारे गए छापे में एनआईए को मिले अहम सबूत

- गजवा-ए-हिंद साजिश के पीछे पाकिस्तान का हाथ




**जयपुर।** भारत में गजवा-ए-हिंद साजिश के पीछे पाकिस्तान का हाथ है। रविवार को उत्तर प्रदेश के आजमगढ़, मध्य प्रदेश के देवास, गुजरात के गिर सोमनाथ और केरल के कोझिकोड जिले में मारे गए छापे में एनआइए को इसके अहम सबूत मिले हैं।

जुलाई 2022 को पटना के फुलवारी शरीफ में मारे गए छापे में भारत को 2047 तक इस्लामिक देश बनाने की साजिश से जुड़े अहम दस्तावेज मिले थे। इसके साथ ही गिरफ्तार मरघूब अहमद दानिश के मोबाइल से गजवा-ए-हिंद के नाम से व्हाट्सएप ग्रुप भी सक्रिय मिला था। एनआइए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि असल में इस ग्रुप को एक पाकिस्तानी ने तैयार किया था। एनआइए ने रविवार को मारे गए छापे में मोबाइल फोन, सिम और अन्य दस्तावेज बरामद किया है। इनमें भारत में कट्टर इस्लाम को बढ़ावा देने और गजवा-ए-हिंद के पीछे पाकिस्तानी हैंडलर्स का हाथ होने के अहम सबूत मिले हैं। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नए सबूतों के आधार पर फुलवारी शरीफ में दर्ज गजवा-ए-हिंद केस की जांच का दायरा बढ़ गया है और इसके पीछे पाकिस्तानी साजिश की गहन जांच शुरू कर दी गई है।

अभी तक इसके पीछे सिर्फ पीएफआइ की साजिश की आशंका जताई जा रही थी।

## पीएम मोदी ने मन की बात के 107वें संस्करण को किया संबोधित

# देश में मनाएं शादी ब्याहः मोदी

- शादी के मौसम में स्थानीय उत्पादों को दें महत्व
- अब हम आतंक को मजबूती से कुचल रहे हैं
- मुंबई हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की वोकल फॉर लोकल पहल को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नागरिकों से विदेशों में शादियां आयोजित नहीं करने की अपील की। प्रधानमंत्री मोदी ने आकाशवाणी पर प्रसारित मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 107वें एपिसोड में भारतीय की ओर से विदेशों में शादियां आयोजित के चलन को लेकर अपनी पीड़ा व्यक्त की।

प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से वोकल फॉर लोकल अभियान को सिर्फ त्योहारों तक ही सीमित न रखने की अपील की और उनसे अनुरोध किया कि उन्हें शादी के मौसम में भी स्थानीय उत्पादों को महत्व देना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन दिनों ये जो कुछ परिवारों में विदेशों में जाकर के शादी करने का जो एक नया ही वातावरण बनता जा रहा है। क्या ये जरूरी है? भारत की मिट्टी में, भारत के लोगों के बीच अगर हम शादी ब्याह मनाएं तो देश का पैसा, देश में रहेगा। देश के लोगों को आपकी शादी में कुछ-न-कुछ सेवा करने का अवसर मिलेगा, छोटे-छोटे गरीब लोग भी अपने बच्चों को आपकी शादी की बातें बताएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि 26 नवंबर की तारीख हम भूल नहीं सकते। इस दिन मुम्बई पर जघन्य आतंकी हमला हुआ। मुंबई सहित पूरे देश को इस हमले ने थर्रा कर रख दिया। भारत का सामर्थ्य है कि हम इस हमले से उबरे और अब अपने इसी हौसले के साथ आतंकवाद को कुचल रहे हैं। पूरा देश उन सभी पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दे रहा है, देश आज उन्हे याद कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक और वजह से भी आज की दिन महत्वपूर्ण है। 1949 में आज ही के दिन संविधान को आंगिकार किया गया। साल 2015 में हमारे मन में विचार आया कि संविधान दिवस मनाया जाए।

### वोकल फॉर लोकल से लद्दाखी महिलाओं की बढ़ी कमाई

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब किसी एक लक्ष्य के लिए सामूहिक प्रयास होता है तो सफलता की ऊंचाई भी और ज्यादा हो जाती है। देशवासियों से लद्दाख का प्रेरक उदाहरण साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ समय से लद्दाखी पश्मीना की भी बहुत चर्चा हो रही है। लद्दाखी पश्मीना लूम्स आफ लद्दाख के के नाम से दुनियाभर के बाजारों में पहुंच रहा है। लद्दाखी पशमीना को तैयार करने में 15 गांवों की 450 से अधिक महिलाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले से महिलाएं अपना पश्मीना वहां आने वाले पर्यटकों को ही बेचती थीं। अब डिजीटल भारत के इस दौर में उनके द्वारा बनाए गए उत्पाद देश-विदेश के बाजारों में पहुंचने लगे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वोकल फॉर लोकल अब वैश्विक होने से लद्दाखी महिलाओं की कमाई भी बढ़ी है।

## सीएम योगी ने दी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने गुरु नानक जयन्ती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। जारी एक सन्देश में मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी के सर्व-धर्म समभाव एवं सामाजिक सद्भाव के सन्देश में सम्पूर्ण मानवता का कल्याण निहित है। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी ने आडम्बरों और अंधविश्वासों का प्रतिकार करके समाज को नई दिशा प्रदान की। वहीं कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर भी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। जारी एक शुभकामना सन्देश में मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सांस्कृतिक परम्परा में इस अवसर का विशेष महत्व है। भगवान विष्णु ने इसी दिन मत्स्य अवतार लेकर प्रलय के अंत तक सप्त ऋषियों एवं वेदों की रक्षा की, जिससे पुनः सृष्टि का निर्माण सम्भव हो सका।

## भारत की ऑस्ट्रेलिया पर लगातार दूसरी जीत, दूसरे टी-20 में 44 रन से हराया

- रिंकू सिंह ने खेली तूफानी पारी
- भारत ने सीरीज में बनाई 2-0 की बढ़त
- भारत के तीन बल्लेबाजों ने जड़े अर्धशतक




**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टी-20 सीरीज का दूसरा मैच तिरुवनंतपुरम में खेला गया।

भारत ने बल्ले और गेंद से दमदार प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 44 रन से हरा दिया। भारत ने पहला मुकाबला 2 विकेट से जीता था। टीम इंडिया ने सीरीज में 2-0 से बढ़त बना ली है। मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड़ ने भारत को तेज शुरुआत दी। तेज खेलते हुए यशस्वी जायसवाल ने 24 गेंद पर अर्धशतक जड़ा। जायसवाल 25 गेंद पर 53 रन बनाकर आउट हुए। गायकवाड़ ने संभलकर खेलते हुए 58 रन की पारी खेली। ईशान किशन ने अपने स्वभाव के अनुसार बल्लेबाजी करते हुए 32 गेंद पर 52 रन कूटे। कप्तान सूर्यकुमार ने 10 गेंद पर 19 रन का योगदान दिया।

आखिरी के ओवरों में रिंकू सिंह की तूफानी पारी खेली। रिंकू ने 9 गेंद पर नाबाद 31 रन बनाए और टीम का स्कोर 235 तक पहुंचाया। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से नाथन एलिस को तीन विकेट मिला। भारत के 235 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया 20 ओवर में 9 विकेट 191 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से मार्कस स्टाइनिस ने 45 रन की पारी खेली। मैथ्यू वेड ने 42 रन की पारी खेली। भारत की तरफ से प्रसिद्ध कृष्णा और रवि बिश्नोई को तीन-तीन विकेट मिले।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 44 रन से मात दे दी। इस जीत के साथ भारत पांच मैचों की सीरीज में 2-0 से आगे है। भारत ने पहला मुकाबला 2 विकेट से जीता था। सीरीज का तीसरा मुकाबला गुवाहाटी में खेला जाएगा। 28 नवंबर को खेले जाने वाले इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया वापसी करने को देखेगा।

## तेहरान में विदेश सचिव क्वात्रा और ईरान के विदेश मंत्री की मुलाकात

- द्विपक्षीय संबंधों पर बातचीत
- चाबहार बंदरगाह के विकास में ठोस स्वरूप देने पर भी बातें हुईं



**तेहरान।** विदेश मंत्रालय ने बताया है कि भारत और ईरान के बीच द्विपक्षीय संबंधों पर ईरान के विदेश मंत्री और विदेश सचिव क्वात्रा के बीच विस्तार से बातें हुईं।

रविवार को हुई मुलाकात के बाद जारी बयान के अनुसार भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह से जुड़े मुद्दों के अलावा पश्चिमी एशिया (मध्य पूर्व) के हालात पर भी बातें हुईं। ईरान के विदेश मंत्री के साथ उच्चस्तरीय वार्ता के दौरान विदेश सचिव क्वात्रा ने हमास-इस्राइल संघर्ष से उत्पन्न हालात पर भी चर्चा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बताया, दोनों पक्ष भारत और ईरान के सहयोग को और मजबूत करने पर सहमत हुए। बागची ने कहा, तेहरान में विदेश सचिव विनय क्वात्रा और ईरान के विदेश मंत्री अमीराबदोलाहियान की मुलाकात के दौरान चाबहार बंदरगाह सहित कई और कनेक्टिविटी परियोजनाओं पर चर्चा की गई। मौजूदा चुनौतियों पर दोनों देशों ने अपने दृष्टिकोण भी साझा किए। बता दें कि विनय क्वात्रा की तेहरान यात्रा बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसा इसलिए क्योंकि ईरान के विदेश मंत्री के साथ उनकी बैठक हमास और इस्राइल के हिंसक संघर्ष के बीच हुई है। दोनों पक्षों के बीच बीते 50 दिनों से टकराव जारी है। दोनों की शत्रुता के कारण वैश्विक चिंताएं भी बढ़ रही हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि तेहरान में क्वात्रा ने ईरान के उप विदेश मंत्री मेहदी सफारी से भी मुलाकात की।

सफारी आर्थिक कूटनीति के मामलों को भी देखते हैं। दोनों की मुलाकात के बारे में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बताया कि चाबहार बंदरगाह के विकास में भारत की भागीदारी को ठोस स्वरूप देने पर भी बातें हुईं। दोनों देशों के बीच व्यापक व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ाने के उपायों पर भी मंथन हुआ।

## हमास ने 14 इजरायली और 3 विदेशी बंधकों को किया रिहा



**यरुशलम।** इजरायल और हमास के बीच जारी युद्ध में अब तक करीब 12 हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई है। वहीं, दोनों के बीच एक समझौते के तहत युद्ध विराम लागू हुआ है। गाजा में जारी युद्ध विराम के तीसरे दिन रविवार को हमास ने 14 इजरायली बंधकों और तीन विदेशी नागरिकों को रेड क्रॉस को सौंप दिया। इजरायली सेना ने यह जानकारी दी है।

इजरायली सेना ने अपने एक बयान में कहा कि रेड क्रॉस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, हमास ने 14 इजरायली और तीन विदेशी बंधकों को गाजा पट्टी में रेड क्रॉस में सौंप दिया है। रविवार को समझौते के अनुसार 200 ट्रक राहत सामग्री गाजा पहुंची, डीजल और गैस के टैंकर भी मिस्त्र से फलस्तीनी इलाके में पहुंचे। अमेरिका, कतर और मिस्त्र की कोशिश है कि गाजा पट्टी में लागू चार दिनों का युद्धविराम आगे भी जारी रहे। इसके लिए हमास को प्रतिदिन दस बंधकों की रिहाई करनी होगी, बदले में इजरायल प्रतिदिन 30 फलस्तीनी कैदी छोड़ेगा। इजरायल के कब्जे वाले फलस्तीनी इलाके वेस्ट बैंक में इजरायली सुरक्षा बलों की कार्रवाई जारी है। वेस्ट बैंक के जेनिन शहर में इजरायल के विरोध में एकत्रित हुए लोगों पर सुरक्षा बलों की फायरिंग में छह फलस्तीनी लोगों के मारे जाने की सूचना है। यहां पर छह लोग ही घायल हुए हैं।

## एआईएमआईएम-कांग्रेस-बीआरएस के बीच का फेवीकोल का जोड़ है, छूटेगा नहीं: सीएम योगी

- विकास के लिए केन्द्र से दी जा रही धनराशि केसीआर व बीआरएस के लोग खा रहे हैं



**हैदराबाद।** तेलंगाना में हो रहे विधानसभा चुनाव में रविवार को दूसरे दिन प्रचार करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सत्ताधारी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस), कांग्रेस और एआईएमआईएम पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने जनता से भाजपा को जिताने के साथ ही इस बार चुनाव में बीआरएस को वीआरएस देने की अपील की।

उन्होंने कहा कि एआईएमआईएम कांग्रेस और बीआरएस के बीच फेविकोल का काम कर रहा है। यह सभी एक है, जल्दी साथ नहीं नहीं छोड़ेंगे। योगी ने यह भी आरोप लगाया कि प्रदेश के विकास के लिए केन्द्र से दी जा रही धनराशि केसीआर व बीआरएस के लोग खा जा रहे हैं। तेलंगाना के कई विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार के लिए आयोजित रैली, रोड शो और सभाओं में योगी ने कहा कि तेलंगाना में बेरोजगारी चरम पर है, युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही है। जबकि यूपी में भाजपा सरकार ने साढ़े छह साल में छह लाख से अधिक लोगों को सरकारी नौकरी दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सैकड़ों जवानों ने आहुति देकर तेलंगाना का निर्माण किया। पहले कांग्रेस उनकी भावनाओं से खिलवाड़ करती रही और अब केसीआर के नेतृत्व में बीआरएस सरकार ने उनके सपनों को धूलधूसरित कर दिया। योगी ने कहा कि अगर भाजपा की सरकार बनी तो महबूबनगर का नाम बदलकर पालामुरू किया जाएगा। उन्होंने तेलंगाना की जनता को अयोध्या में राम मंदिर दर्शन करने का निमंत्रण देते हुए कहा कि अगर आपको आना होगा तो विशेष ट्रेन की सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने महबूबनगर (पालामुरू) क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी एपी मिथुन कुमार रेड्डी, देवरकद्रा से प्रशांत रेड्डी, कोडांगल से बंटू रमेश, शदनगर से अंडे बाबैया, जडचेरला से चितरंजन दास, नारायणपेट से रतंग पाडु रेड्डी, मक्थल से जलंधर रेड्डी को विधानसभा भेजने का आह्वान किया।

## देव दीपावली आज



- देव दीपावाली पर बनेगा रिकॉर्ड
- वाराणसी के गंगा घाटों पर जलेंगे 11 लाख दीप

**वाराणसी।** अयोध्या में दीपोत्सव पर दीये जलाने के मामले में रिकॉर्ड कायम हुआ था। अब बारी देव दीपावाली की है। इस बार वाराणसी के गंगा घाटों पर भव्य कार्यक्रम होने जा रहा है। वाराणसी में 27 नवंबर को देव दीपावली के अवसर पर गंगा घाटों पर इस बार 11 लाख दीप जलाए जाएंगे। इसमें एक लाख दीये गोबर के होंगे।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस वर्ष सात से आठ लाख श्रद्धालुओं के काशी पहुंचने का अनुमान है। काफी संख्या में लोगों ने पहले से ही होटल आदि बुक कर लिए हैं। उन्होंने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा यानी देव दीपावली इस बार 27 नवंबर को मनाई जाएगी। देव दीपावली पर 11 लाख दीपकों से घाटों को रोशन किया जाएगा।

## कानून-व्यवस्था को लेकर सतर्क रहें हेडक्वार्टर पर ही करें रात्रि निवास

- मुख्य सचिव ने दिए निर्देश
- हमें सतर्क-सावधान रहना होगा



**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान आदि मेलों के आयोजन के लिहाज से यह समय संवेदनशील है। हमें सतर्क-सावधान रहना होगा। सीओ, थानेदार आदि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अपने हेडक्वार्टर पर ही रात्रि निवास करें, ताकि आवश्यकता पड़ने पर पीड़ित व्यक्ति को तत्काल सहायता मिल सके। साथ ही, निर्धारित समय पर कार्यालय में जनसुनवाई करें।

मुख्य सचिव रविवार को लोक भवन में कानून-व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में जिला, रेंज, जोन व मंडल स्तर के वरिष्ठ अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। डीजीपी विजय कुमार ने बैठक में कहा कि वरिष्ठ अधिकारी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ सप्ताह में दो दिन बैठक करें। एसपी थानों में आने वाली शिकायतों, आवेदनों की प्रतिदिन समीक्षा करें।

निवेशकों, उद्योगपतियों, व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण करें, ताकि अपराधी, अराजक तत्व उन्हें परेशान न कर सकें। महिला संबंधी अपराधों पर सख्त कार्रवाई हो। सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए ओवरस्पीडिंग करने वालों के खिलाफ एक माह का विशेष अभियान चलाएं। गोवध, धर्मांतरण वाले अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी संवेदनशील घटनाओं में घटनास्थल का स्वयं निरीक्षण करें। अस्पतालों तथा रेलवे स्टेशनों पर अवैध एंबुलेंस पर रोक लगे। लव जिहाद के मामलों में त्वरित कार्रवाई हो। जिलों में माफिया के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जाए। रंगदारी के मामलों से निपटने के लिए फुट-पेट्रोलिंग ज्यादा हो। आईजीआरएस पर दर्ज शिकायतों का मेरिट पर निस्तारण किया जाए। धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकरों से होने वाले ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाई जाए।

## उत्तर प्रदेश विधानसभा सत्र की शुरूआत जल्द

### सरकार को गिराने की तैयारी में विपक्ष, आज होगी सर्वदलीय बैठक

- जातिगत जनगणना के मामले पर विपक्ष घेरेंगे
- कांग्रेस और बसपा करेंगे कक्ष की मांग



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में शीतकालीन सत्र की शुरुआत मंगलवार 28 नवंबर से होनी है। उत्तर प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र बेहद अहम होने वाला है। यह सत्र नए नियमों के तहत संचालित होने जा रहा है जिस कारण सदस्यों के लिए यह सत्र खास होगा।

अभी है हम इस विधानसभा सत्र में सदस्य सदन के अंदर मोबाइल फोन लेकर नहीं जा सकेंगे। बता दें कि विधानसभा की कार्यवाही 65 वर्षों बाद बनाई गई नए नियमों के तहत संचालित की जाएगी। इसके साथ ही महिला सदस्यों को भी खास वरीयता दी जाएगी जिससे उनके पास अपनी बात रखने का मौका होगा। संभावना है कि यह सत्र 1 दिसंबर तक चलेगा। इस संबंध में शनिवार को बयान जारी किया गया है। इस बयान में कहा गया कि कई वर्षों के बाद राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकार में विधानसभा सत्र नये नियमों के साथ संचालित होगा। पिछले सत्र में ही बदलावों को अनुमति मिलने के बाद अब इस सत्र से इन्हें लागू कर दिया जाएगा। इसके अंतर्गत अब सदस्यों को सदन में मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा सत्र के दौरान सदन में झंडा और बैनर ले जाने पर भी प्रतिबंध होगा। बयान में यह भी कहा गया कि सत्र के दौरान महिला सदस्यों को खास वरीयता दी जाएगी ताकि वह अपनी बात रखें। विधानसभा के सदस्यों के लिए विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे ने शीतकालीन सत्र की अधिसूचना जारी कर दी है। इसे लेकर दुबे ने अधिसूचना के मुताबिक मंगलवार से शुरू होने वाले राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सदन के वर्तमान और पूर्व सदस्यों के निधन पर शोक व्यक्त किया जाएगा। इसके बाद 29 नवंबर को पहले प्रहर में सदन में औपचारिक कार्य, जिसमें अध्यादेशों, अधिसूचनाओं, नियमों आदि को सदन के पटल पर रखा जाएगा। साथ ही विधेयकों का पुरःस्थापन कार्य होगा। दोपहर 12:30 के बाद वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अनुपूरक अनुदानों की मांगों को प्रस्तुत करने के साथ अन्य विधाई कार्य निपटाए जाएंगे। सत्र के तीसरे दिन 30 नवंबर को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अनुपूरक अनुदानों पर चर्चा होगी। सदस्यों की मांगों पर विचार एवं मतदान होगा।

### होंगे कई बदलाव

सदन की कार्यवाही के दौरान कई बार देखने को मिलता है कि सदस्य सदन की गरीमा का ध्यान नहीं रखते है। ऐसे कई मामलों में विवाद की स्थिति बन जाती है। इससे बचने के लिए राज्य विधानसभा के नियम बदले गए है, जिसके तहत सदन में सत्र के दौरान सदस्य मोबाइल, झंडे, प्रतीक चिन्ह या प्रदर्शन करने के लिए अन्य सामान नहीं ले जा सकेंगे।

# शमशान घाट के पास मिला 17 वर्षीय युवक का शव, हत्या की आशंका

अवधनामा संवाददाता



**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत कुशीनगर जनपद एवं गोरखपुर की सीमा पर स्थित ग्राम बरवा बाबू शमशान घाट के पास रविवार को एक 17 वर्षीय युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया।

प्राप्त सूचना के मुताबिक बरवा बाबू गांव के श्मशान घाट के पास शव मिलने की सूचना पर मृतक के परिजन पहुंचे तो उसकी पहचान राजू पुत्र संजय प्रसाद उम्र 17 वर्ष ग्राम बसंतपुर थाना पिपराइच जनपद गोरखपुर के रूप में हुई। शव को लेकर परिजनो ने पिपराइच हाटा मार्ग पर पिपराइच थानांतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय यादवपुर के पास अपनी मांगों को लेकर पिपराइच हाटा मार्ग पर सड़क जाम कर दिया। जिससे यातायात कई घंटों तक प्रभावित रहा। बताया जाता है कि मृतक राजू गांव के ही एक युवक के साथ 18 नवंबर को घर से निकला था। इसके बाद से वह गायब था मृतक युवक राजू की मां माधुरी देवी ने पिपराइच थाना में एक प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। जिसमें पुलिस ने राजू के मां के दिए गए प्रार्थना पत्र पर मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी हुई थी। इसी बीच राजू का शव कुशीनगर जिले के अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के बरवा बाबू श्मशान घाट पर मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई।परिजनों ने हत्या की अशंका जताते हुए शव को हाटा पिपराइच मार्ग पर रखकर सड़क को जाम कर दिया। जिसकी सूचना पर गोरखपुर और कुशीनगर जिले के कई थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस प्रशासन के अथक प्रयास के बाद सड़क से जाम हटवा गया। वहीं इस घटना से परिजनों को रो रो कर बुरा हाल था। मृतक तीन भाई थे और यह सबसे छोटा था। मृतक के पिता संजय विकलांग तथा भूमिहीन है किसी तरह से मजदूरी कर परिवार के सदस्यों का खर्च चलाते है। उसकी मां माधुरी देवी गांव के प्राथमिक विद्यालय बसंतपुर में रसोईया के रूप में काम करती है।

### सड़क जाम की सूचना पर पहुंची पांच थानों की फोर्स

अहिरौली बाजार और पिपराइच थाने की सीमा पर शव मिलने के बाद कुशीनगर जनपद से अहिरौली बाजार, कप्तानगंज, हाटा तथा गोरखपुर जनपद से पिपराइच, गुलहरिया थानों की पुलिस पहुंची मौके पर पहुंची। क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा योगेन्द्र सिंह नायाब तहसीलदार अरविंद पाण्डेय ने परिजनों से बातचीत कर उनकी मांगों पर विचार कर कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान तहसीलदार अरविंद पांडेय क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा योगेंद्र सिंह क्षेत्राधिकारी कैंपियरगंज अंजनी कुमार पाण्डेय थानाध्यक्ष अहिरौली बाजार श्री प्रकाश राय थानाध्यक्ष कप्तानगंज राजकुमार बरवार, हाटा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राज प्रकाश सिंह अमित शर्मा प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा संजय मिश्रा की उपस्थिति रहे। अहिरौली बाजार पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद विधिक कार्रवाई शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस इस घटना की जांच में जुटी हुई है।

# कप्तानगंज थाने में लावारिस 19 वाहनों की हुई नीलामी



नीलामी से 67,600 रुपए आय के रूप में प्राप्त हुए

अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत थाना कप्तानगंज में मोटर वाहन अधिनियम, लावारिश व अन्य मे दाखिल 18 दो पहिया वाहन व एक चार पहिया वाहन अल्टो कार की नीलामी रविवार को की गई जिसमें 67,600 रुपए आय प्राप्त हुआ।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल द्वारा ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने मालखानों में लावारिस व मोटर अधिनियम के अन्तर्गत कई वर्षो से निरुध्द वाहनों का यथाशीघ्र नियमानुसार निस्तारण कराए जाने हेतु निर्देशित किया था। जिसके क्रम में उपजिलाधिकारी कप्तानगंज के द्वारा निलामी की तिथि निर्धारण के क्रम में तहसीलदार कप्तानगंज कृष्ण गोपाल त्रिपाठी के नेतृत्व में थाना कप्तानगंज के मालखाने में 18 दो पहिया वाहन व एक चार पहिया अल्टो कार वाहन कुल 19 वाहनों की नीलामी थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार, व0उ0नि0 सुर्यभान यादव, हे0मो0 उ0नि0 विनोद कुमार, हे0मो0 राकेश कुमार मिश्रा, बलवन्त गोड की उपस्थित में निलामी की गई। इस नीलामी कुल 67 हजार 600 रुपए आय प्राप्त हुआ।

## संविधान दिवस पर पुलिसकर्मियों को दिलाई शपथ



**इटावा अवधनामा ब्यूरो।** संविधान दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन पर पुलिसकर्मियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई।भारत जैसे विविधताओं वाले देश में यही वह संविधान है,जिसने सभी को एक सूत्र में बांधकर रखा है। संविधान द्वारा समस्त नागरिकों को मौलिक अधिकार प्रदान किया गया है जिसे सुनिश्चित कराना हम सभी की जिम्मेदारी है।

## बजबजाती नालियां मच्छरों का दे रही है जन्म

**बलरामपुर अवधनामा संवाददाता।** सिसहनिया घोपालपुर गांव में घर के



किनारे बज बजती नालियां मच्छरों को जन्म दे रही है जब के वार्ड सदस्य से सफाई के बारे में कहा जाता है तो उनका जवाब होता है प्रधान प्रतिनिधि जुबेर अहमद प्रधान मोहम्मद शब्बीर हसन कोई चीज कभी खुली बैठक कोई जानकारी हम लोग का होता ही नहीं है फिर का जाने सफाई हो या गदगी हम खुद गंदगी में जूझ रहे हैं हो जाएगा सफाई हो जाएगा किंतु ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है गलियों में तमाम नालियां टूट चुकी है जिससे पानी का जमाव अगल-बगल हो जाता है जो मच्छर जनित है कुछ गलियों में तो नाक बंद करके जाना पड़ता है ग्राम सभा सिसहनिया घोपालपुर सड़कों पर कभी झाड़ू लगते ही नहीं है फिर नालियां गंदगी से भरी पड़ी है जिससे मच्छरों का आतंक जारी है सड़कों को छोड़कर जैसे किसी गली या मोहल्ले में घुसते हैं तो गंदगी की अंबद्यर खुद व खुद दिख जाता है सिसहनिया घोपालपुर की जागरूक जनता ने एडियो पंचायत से साफ सफाई करने एवं दवा ब्लीचिंग पाउडर नालियों में डलवाने की बात कही है संवाददाता फोन पर संपर्क डीपीआरओ से किया तो कहा गया की देखा जाएगा आपके कहने पर काम होता है।

### परिवारिक विवाद को निपटाया

**बलरामपुर।** आवेदिका श्रीमती फूल जहां पत्नी हसिमअली पुत्री चिन्के मास्टर निवासी नाम नगर महदेईया मोड थाना कोतवाली उतरौला ने एक प्रार्थना पत्र अपने पति हाशिम अली पुत्र हफीजुल्ला सास श्रीमती साकरून्निशा और नासिर अली पता महदेईया मोड कादरी नगर के खिलाफ दिया था जिसमें प्रार्थिनी ने बताया कि विपक्षीगण घरेलू विवाद को लेकर ताना उलाहना देते एवं प्रताड़ित करते रहते हैं, दिनांक 23/11/23 समय 4 बजे विपक्षीगण एक राय होकर अपाचे गाड़ी की मांग करने लगे जब प्रार्थिनी ने अपनी असमर्थता जताई तो विपक्षीगण आग बबूला हो गये और मारपीट कर प्रार्थिनी को घर से भगा दिया जिसमें चौकी प्रभारी महोदया ने मामले का संज्ञान लेते हुए गांव के संभ्रांत व्यक्तियों से मामले के बारे में जानकारी प्राप्त कर दोनों पक्षों को चौकी हाजा पर बुलाकर काफी समझाया बुझाया इसके पश्चात दोनों पक्ष प्रभारी महोदया की बात मानकर राजी खुशी साथ रहने को तैयार हुये।

# गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व पर निकली शोभा यात्रा

वहाज अली निहाल



**इटावा।** कलितारन गुरु नानक आया श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव को मुख रखते हुए बड़ी प्रभात फेरी शोभा यात्रा के रुप में गुरुद्वारा करमगंज से निकाली गई जिसमें संगतों ने भक्ति में लीन होकर गुरु महाराज जी की खुशियां प्राप्त की। शोभा यात्रा में गुरु नानक देव का संदेश, अव्वल अल्लाह नूर उपाया, कुदरत के सब बन्दे,एक नूर ते सब जग उपज्या कौन भले को मंदे÷ भजनों, चित्रों, स्लोगन आदि के माध्यम से दिया गया। बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारे गुंजायमान हुए, श्री गुरु ग्रंथ साहिब का स्वरूप यात्रा में साथ था गुरु ग्रंथ साहिब को नमन करने में कोई भी श्रद्धालु एक दूसरे से पीछे नहीं रहना चाहता था जिसकी सेवा मुख्य ग्रंथी इटावा संभाल रहे थे।पुष्प वर्षा के बीच जगह-जगह श्रद्धालुओं ने प्रभात फेरी में चल रहे पांच प्यारों के साथ ही विशेष पोशाकों में सजे बच्चों का भी स्वागत सत्कार किया।शोभा यात्रा के दौरान गुरुग्रंथ साहिब के प्रति छोटे बढ़ों सभी का सम्मान देखने काबिल था।सड़क पर पानी डालकर झाड़ू लगाते भक्तजन सभी का ध्यान आकर्षित कर रहे थे।श्री गुरुनानक देव जी के जन्मोत्सव 27 नवंबर(प्रकाश पर्व) के उपलक्ष्य में दिनांक 14 नवम्बर से शहर में परंपरागत रूप से नियमित निकलने वाली गुरुग्रंथ साहिब की प्रभातफेरी रविवार को सुबह भक्तों के अथाह प्रेम और विश्वास से शोभा यात्रा का रुप धारण कर सुबह दस बजे करमगंज गुरुद्वारा से बड़े जोश और उत्साह के साथ जगह-जगह सिख समाज व सर्व समाज के लोगों द्वारा फल और मिष्ठान वितरण के साथ पांच प्यारों का पुष्प वर्षा और चरण स्पर्श कर स्वागत व अभिनंदन करते हुए÷बोले सो निहाल सतश्री अकाल के जयघोष के साथ पंजाबी कॉलोनी तिराहा से बस स्टैंड तिराहा,नेविल रोड,राम गंज चौराहा,सबितगंज चौराहा,सबितगंज से उर्दू मोहल्ला होते हुये दोपहर 2 बजे गुरुद्वारा श्री गुरु तेग़ बहादुर साहिब पर पहुंची।करम गंज गुरुद्वारे से गुरु तेग बहादुर गुरुद्वारे तक गुरुग्रंथ साहिब की शोभा यात्रा का जगह-जगह सिख परिवार के सरदार हरजीत सिंह कालड़ा, कुलदीप कौर,तरनपाल सिंह कालड़ा, जसदीप सिंह कालड़ा, दिलप्रीत कौर,अमोलक सिंह, मंजीत सिंह छाबड़ा, तरनजीत सिंह कालड़ा, परमजीत सिंह छाबड़ा, बहादुर सिंह छाबड़ा,कमल छाबड़ा, मिंटू मोंगा,सुरेंदर सिंह अरोड़ा,साहिब सिंह कालड़ा,सुरजीत सिंह कालड़ा,डिंपी बग्गा, तीरथ सिंह टुटेजा,मन्नत टुटेजा, संजीव लूथरा,राजेन्द्र भसीन, मंजरी अरोड़ा,ममता अरोड़ा,रिंकू कालड़ा,बिट्टू किंद्रा,गुरदीप सिंह,गुरभेज सिंह टुटेजा,सीटू टुटेजा,सिदक टुटेजा,रघुवीर अरोड़ा व गुरदेव सिंह (परिवार),मंजीत सिंह,परमजीत सिंह अरोड़ा,गुरमुख सिंह अरोड़ा, हरजीत कौर,सतनाम अरोड़ा, सोहन सिंह,रमेश सिंह,बलविंदर सिंह आरएस ट्राली परिवार,गुरबचन सिंह पनेसर परिवार सहित सुरजीत सिंह अरोड़ा ने भव्य स्वागत किया।गुरुग्रंथ साहिब की शोभा यात्रा में चरनजीत सिंह काका, कमलेश बाबू पाल,मन्नत टुटेजा,रौनक कालड़ा,प्रदीप सलूजा,एकश कालड़ा,वंश अरोड़ा,ऋषि लूथरा,विजय कुमार,सुशील कुमार,प्रदीप कुमार व दीपक गुप्ता का सराहनीय योगदान रहा।

### विनियमन शुल्क ऑनलाइन आवेदन करें

**बस्ती।** शासन द्वारा वर्ष 2023-24 में ईट भट्ठो के संचालन पर विनियमन शुल्क को गत सत्र 2022-23 में देय विनियमन शुल्क में 20 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए दिनांक 30 सितम्बर 2024 तक ऑनलाइन आवेदन पत्र के माध्यम से जमा कराये जाने के निर्देश है। उक्त जानकारी देते हुए जिलाधिकारी अंद्रा वामसी ने बताया कि विनियमन शुल्क की धनराशि जमा किये बिना संचालित ईट भट्ठों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए देय धनराशि की वसूली ब्याज सहित की जायेगी। उन्होंने बताया हैं कि जनपद के समस्त ईट भट्ठा स्वामी ईट भट्ठा सत्र 2023-24 (दिनांक 01.10.2023 से 30.09.2024 तक) के लिये विनियमन शुल्क दिनांक 30 नवम्बर 2023 तक बिना व्याज जमा कराया जा रहा है। उक्त विनियमन शुल्क प्रतिदिन ऑनलाइन चालान के माध्यम से जमा कराये जाने के लिये सार्वजनिक अवकाश के दिनों में भी खनन कार्यालय में कार्य किया जायेगा।

## संविधान की प्रस्तावना का पाठन कराया गया



**इटावा अवधनामा ब्यूरो।** गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी संविधान दिवस पर संविधान के मूल्यों एवं सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए संविधान के आदर्शों को बनाये रखने के लिए हमारी प्रतिबद्धता के क्रम में रविवार को संविधान दिवस के अवसर पर इटावा सफारी पार्क में संविधान की प्रस्तावना का पाठन उप निदेशक इटावा सफारी पार्क जय प्रकाश सिंह द्वारा कराया गया। जिसमें सफारी पार्क के कर्मचारियों के अतिरिक्त सफारी भ्रमण पर आये पर्यटक भी उपस्थित रहे।इस मौके पर सफारी पार्क के बायोलॉजिस्ट बी.एन.सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, शशांक पटेल आदि उपस्थित रहे।

## यामिनी राज बनी बेस्ट बिजनेसवूमेन ऑफ द ईयर



**इटावा अवधनामा ब्यूरो।** इटावा की रहने वाली पूर्व अपर महाधिवक्ता उत्तर प्रदेश सरकार राजबहादुर एड की पुत्री यामिनी राज चौधरी बनी देश की बेस्ट बिजनेस वूमेन ऑफ द ईयर।इटावा के जीजीआईसी एवं के के डी सी से अपनी शिक्षा पूर्ण करने वाली यामिनी राज चौधरी ने एक वर्ष से कम समय में ही अपनी मेहनत और काबलियत के दम पर फैशन के क्षेत्र में प्रदेश, देश में एवं ऑथेंटिक व बनकर के कार्यों में देश,विदेश में पहचान दिलाने का कार्य किया। इस कारण 25 नवंबर को दिल्ली के होटल रेडीसन ब्लू में आल इंडिया बिजनेश वूमेन एसोसोसिएसन ने बेस्ट बिजनेस वूमेन ऑफ द ईयर 2023 से सम्मानित किया। साथ ही आइबा द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में आइबा क्वीन 2023 का भी कराने मिस वर्ल्ड मिस अदिति गोवीतिकर द्वारा पहनाया गया।इस उपलब्धि और जनपद इटावा का नाम रोशन करने पर पूर्व सभासद आशीष पटेल, वीरू भदौरिया, पूर्व सभासद सचिन वर्मा, धर्मवीर बिट्टू, मेराज अली ख़ान एडवोकेट, संजय शुक्ला, मो. अल्ताफ एडवोकेट, सचिन सोमनाथ, सुनील पटेल, डा समिति वर्मा, प्रानेश वर्मा, राजीव वर्मा, अरविंद यादव आदि के अलावा जनपद के तमाम लोगों ने शुभकामनाएं दी।

# मुठभेड़ में पशु तस्कर के पैर में लगी गोली

अवधनामा ब्यूरो



- कसया थाना क्षेत्र के पकड़ियहवा के पास नहर मोड़ पर हुई मुठभेड़

**कुशीनगर।** पुलिस की संयुक्त टीम व पिकअप सवार पशु तस्कर के बीच रविवार तड़के चार बजे कसया के पकड़ियहवा के पास नहर मोड़ पर मुठभेड़ हो गई। इसमें पैर में गोली लगने से तस्कर घायल हो गया। उसकी पहचान सूरज गुप्त सलेमगढ़ पठानी टोला थाना तमकुहीराज कुशीनगर के रूप में हुई। उसके पास से तमंचा व कारतूस मिला है। घायल तस्कर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पर एसपी सहित अन्य उच्चाधिकारियों ने अस्पताल पहुंच जानकारी ली। पिकअप पर सात गोवंश लदे थे।

कसया पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान सूचना मिली कि हेतिमपुर के आसपास पिकअप सवार संदिग्ध मौजूद है। प्रभारी निरीक्षक गिरीजेश उपाध्याय उच्चाधिकारियों को सूचना दे तत्काल मौके के लिए चल निकले। इस बीच स्वाट टीम भी आ गई। संयुक्त टीम हेतिमपुर से पहले पकड़ियहवा के समीप घेराबंदी कर संदिग्ध की तलाश में जुट गई। इस बीच हाटा की तरफ से पिकअप आते देख टीम ने रुकने का इशारा किया। पुलिस टीम को देख चालक पिकअप को बगल से होकर गुजरी नहर पर मोड़ तेज गति से भागने लगा। टीम ने पीछा किया तो पिकअप रोक भागते हुए उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दाहिने पैर में गोली लगी और वह गिर पड़ा। उसके पास से एक तमंचा, दो कारतूस मिला। मौके से एक खोखा भी बरामद हुआ। वहीं पिकअप पर सात गोवंश मिले। आरोपित ने बताया कि गोवंश की खेप लेकर वह बिहार के गोपालगंज बाजार जा रहा था। उसके साथी वहीं पहुंच उसका इंतजार कर रहे हैं। टीम में स्वाट प्रभारी आलोक कुमार, विवेक पांडेय, शेषनाथ यादव आदि शामिल रहे। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि पकड़े गए तस्कर का आपराधिक इतिहास है। उसके दूसरे साथियों की पहचान कर ली गई है।

# मेधावी बच्चों को प्रमाण पत्र एवं माला पहनाकर किया गया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**कप्तानगंज, कुशीनगर।** नगर के सेंट जेवियर्स स्कूल में रविवार को अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया जिसमे उच्च श्रेणी में आए हुए बच्चों को सम्मानित किया गया। विगत अक्टूबर माह 2023 में अनसेट द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आन लाईन कराई गई प्रतियोगिता में उत्कर्ष सिंह पुत्र प्रमोद कुमार सिंह, निवासी रामकोला (कक्षा दसवीं) ने ऑल इण्डिया रैंक 68 (एआईआर 68) प्राप्त कर विद्यालय एवम् जनपद का नाम रोशन किया है।

इसी क्रम में स्वाती पांडेय, अलशीफा कौशर, अदिति यादव, दिव्यांश कुशवाहा,आकांक्षा द्विवेदी, दीपशिका, नियति मौर्य, डैनिश खान, आलोक गुप्ता, द्वारा भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी प्रतियोगियों को सेन्ट जेवियर्स स्कूल के संयुक्त निदेशक श्री रतेश चंद्रा और आकाश चंद्रा द्वारा माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया तथा इन प्रतियोगियों को इनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया गया। इसी क्रम में विद्यालय प्रबंधक श्री अरविंद कुमार पांडेय ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं उनका मनोबल बढ़ाने में सहायक होती है। विद्यालय के उपप्रधानाचार्य एवं विज्ञान अध्यापक शशि कुमार चौरसिया जो अक्सर बच्चों से संवाद स्थापित कर उनका उत्साह वर्धन करते रहते हैं ने कहा कि ऐसे ही प्रतिभागी आगे चल कर सफलता की कूंजी प्राप्त कर उच्चाइयों को प्राप्त करते है और अपने अभिभावक तथा अपने क्षेत्र का नाम रोशन करते हैं। इस उपलब्धि पर विद्यालय के अध्यापक यशवंत सिंह, सौरभ, अमीन, रवि, रंजीत, शैलेन्द्र पाल, शशि शेखर, स्वाती चौरसिया, नुसरत, रेहाना, अंशिका, सरिता, कोमल, प्रिया, रुखसार, रागिनी, मिताली, संजीव, विजय, इकरामुल, ज्ञानेश, सुमन, सुनिता, शिप्रा त्रिपाठी, शिप्रा शर्मा, ज्योति शर्मा,ज्योती उपाध्याय, प्रतीभा आदि ने खुशी जाहिर कर शुभकामनाएं दी।

## दो दर्जन बूथों का निरीक्षण किया



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी सदर गुलाब चंद्र ने मतदाता अभियान के तहत दो दर्जन बूथों का निरीक्षण किया। जिसमें खराब प्रगति वाले 30 बीएलओ व 10 सुपरविजन करने वाले कर्मचारियों को चिन्हित कर कार्यवाही करने का निर्देश दिए। जिसके चलते हड़कंप मचा हुआ है। एसडीएम सदर गुलाब चंद्र ने सक्सेरिया इंटर कॉलेज के बूथ संख्या 117, 118, 119, 120, 121, 122, 123, 124, बीड़ीए ऑफिस का बूथ संख्या 133 134 135 136 137, जीआईसी बस्ती के बूथ संख्या 189, 190, 191, 192, 193, 194, 195,196, नवीन फल मंडी के बूथ संख्या 168, 169, 170, 171, 172, व संस्कृत महाविद्यालय सुरती हट्टा के बूथ संख्या 178 179 व 180 का निरीक्षण किए।

# पेड़ से लटकता मिला अधेड़ का शव, जांच में जुटी पुलिस

अवधनामा संवाददाता



- तीन दिन पूर्व घर से मजदूरी करने की बात कहकर निकला था अधेड़

**खड्डा, कुशीनगर।** हनुमानगंज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत पनियहवा के समीप कर्महवा मौजे के सरेह मे रविवार को शीशम के पेड़ से एक अधेड़ का शव लटकता देख लोगों ने शोर मचाया खबर पाकर भीड़ जूट गई सूचना पर पहूँची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतारा शिनाख्यात कराई और शव को पंचनामा करा पोस्टमार्टम सहित अन्य कार्रवाई मे जूटी हुई है। पनियहवा के समीप कर्महवा सरेह मे रविवार की सुबह गन्ने की छिलाई करने जा रहे मजदूरों को रस्सी के सहारे लटकते देख शोर मचाया तो आस- पास सनसनी फैल गई सूचना आम होते ही देखने भीड़ जुट गई। सूचना पर हनुमानगंज के थानाध्यक्ष अजय पटेल एस एस आई मनोज द्विवेदी घटनास्थल पर पहूँच शव को पेड़ से नीचे उतरवाया और शिनाख्यात कराई मृतक अधेड़ व्यक्ति की पहचान नगर पंचायत छितौनी के वार्ड संख्या 2 निवासी सेतबान पुत्र नरायन उम्र 60वर्ष के रूप मे हुई ।पेड़ के नीचे बिस्कुट एंव कुछ हड्डियां देखी गई और नई रस्सी से गला बांधकर लटकते देखा गया है पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिये दिया ।मृतक पत्थर बिछाने का काम करता थाऔर अक्सर घर से बाहर रहकर मजदूरों का भोजन आदि बनाने और मजदूरी करने का काम करता था उसका तीन दिन पहले घर से काम करने जाने को कहकर घर से निकला था।

# फोन पाकर स्मार्ट हुए 1022 छात्र-छात्राएं

अवधनामा संवाददाता



- विद्यावती देवी महाविद्यालय तमकुहीराज में आयोजित हुआ स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम
- बोले पढ़ाई में होगी आसानी

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** मुख्यमंत्री का सपना है कि यहां का युवा समग्र रूप में सक्षम हों। आज के इस तकनीकी युग में प्रदेश में वितरित किये जा रहे स्मार्टफोन से युवा अपनी पढ़ाई व रोजगार को आगे बढ़ाने में सफल होंगे। उक्त बातें विद्यावती देवी महाविद्यालय में आयोजित स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्यअतिथि तमकुहीराज विधायक डा. असीम राय ने कही।

उन्होंने कहा कि आज के युग में स्मार्टफोन हर व्यक्ति के लिए लाभकारी है। आप लोगों को जो स्मार्टफोन वितरित किए जा रहे हैं, उसका प्रयोग केवल अच्छे कार्य व पढ़ाई के लिए करें। फाजिलनगर के विधायक सुरेंद्र सिंह कुशवाहा ने कहा कि सरकार की मंशा है कि छात्र पढ़ें और बढ़े। सरकार शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है और निरंतर छात्रों को ऐसे संसाधन मुहैया करा रही है जिसके आधार पर बच्चे ऑनलाइन और डिजिटल एजुकेशन प्राप्त कर सकें। सरकार ने इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत करोड़ों मोबाइल वितरण किया है इतनी बड़ी जनसंख्या में यह सुविधा उपलब्ध कराना भारत के इतिहास में बहुत बड़ा कार्य है और इस योजना से बहुत युवा लाभान्वित हुए हैं। एसडीएम तमकुहीराज विकास चन्द्र ने बच्चो का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अभी तक आपकी पहचान आपके माता पिता से होती है। प्रयास करे कि उनकी पहचान आपसे हो। स्मार्टफोन का ठीक तरीके से उपयोग कर आगे बढ़ने का कार्य करे। पूर्व विधायक व राज्यमंत्री डा. पीके राय ने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य अंत का उदय यानी कि अंतिम पंक्ति तक बैठे व्यक्ति को लाभ पहुंचाने का है। मुख्यमंत्री के अथक प्रयासों के बाद निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था अभ्युदय योजना के अंतर्गत की गई है। जिसके जरिये उच्च शिक्षा प्राप्त कर छात्र एवं छात्राएं आईएएस, पीसीएस इत्यादि क्षेत्र में शिक्षण प्राप्त कर अपना और देश का भविष्य संवारने योग्य बन सकेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि स्मार्टफोन का सही उपयोग करे, जिससे मुख्यमंत्री का प्रयास सार्थक हो और डिजिटल इंडिया का सपना पूरा हो सके। विद्यालय के प्रबंधक बबलू राय ने अतिथियों का आभार व बच्चों की उज्ज्वल भविष्य कि शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार बच्चों को मोबाइल प्रदान कर उन्हें तकनीकी शिक्षा से जोड़ने का कार्य कर रही हैं, उन्होंने बताया कि 1022 छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किया गया हैं। कार्यक्रम को रणजीत राय बड़े, अवधेश राय ने भी संबोधित किया। प्राचार्य डा. अभय राय ने सभी के प्रति आभार जताते हुए कार्यक्रम का समापन किया तो वही कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम त्यागी ने किया। इस दौरान, रमेश चन्द्र यादव, सुधीर सिंह, राजेश यादव, राणा मिश्रा, गुड्डु राय, संदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष के मार्गदर्शन में सुनी मन की बात

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** प्रत्येक माह सुना जाने वाला प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की मन के बात की 107वीं एपिसोड को जनपद के सभी मंडलों में भाजपा क्षेत्रीय मंत्री मन की बात के जिला प्रवासी विनोद कुमार की देख रेख एवम जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के मार्गदर्शन में सुना गया। मन की बात कार्यक्रम को क्षेत्रीय मंत्री मन की बात कार्यक्रम के जिला प्रवासी विनोद कुमार ने टांडा विधान सभा क्षेत्र के बूथ संख्या 158 के एदिलपुर में सुन कर कहा कि प्रधानमंत्री जी ने अधिक से अधिक डिजिटल पेमेंट करने पर कहा कि यह उत्साह बढ़ाने वाला रहा है। 2022 में भारतीयों द्वारा पेटेंट आवेदन में 31 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने हंसवर मंडल के बूथ संख्या 257 एकडंगी में शक्तिकेंद्र संयोजक गंगा राम राजभर, ग्राम प्रधान रमेश कुमार के साथ मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी ने भारत की संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करना हमारे लोकतंत्र की संकल्प शक्ति का उदाहरण है।

## प्रस्तावित दीपोत्सव कार्यक्रम की गई समीक्षा

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा प्रस्तावित दीपोत्सव कार्यक्रम की समीक्षा श्रवण क्षेत्र स्थल पर की गई। श्रवण क्षेत्र पर तीन नदियों का संगम स्थल है, जिसे त्रिवेणी की तरह विकसित कर, स्थाई घाटों के अतिरिक्त भी अस्थाई घाटों का निर्माण कराया जा चुका है, जिनको पक्के घाट के रूप में विकसित करने की कार्य योजना तैयार की जा चुकी है इन चारों घाटों को आसपास की चार ग्राम सभाओं चींटीपारा ,कुड़िया चितौना ,मूसेपुर गिरंट एवं बैजपुर के निवासियों द्वारा गोद लिया जाएगा। इस त्रिवेणी स्थल पर प्रयागराज के संगम का जल भी प्रविष्टि किया जाएगा।कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु तीन विकास खण्डों भीटी, अकबरपुर एवं कटेहरी के अधिकारियों/ कर्मचारियों के अतिरिक्त तहसील भीटी एवं अकबरपुर की टीम लगाई गई है।

# 1300 करोड़ के निवेश का मंच बनेगा गीडा का स्थापना दिवस समारोह

अवधनामा संवाददाता



**800 करोड़ रुपये की निजी निवेश परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे मुख्यमंत्री योगी**

**गोरखपुर।** गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) का 34वां स्थापना दिवस समारोह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सानिध्य में 1300 करोड़ रुपये के निवेश का मंच भी बनेगा। इस अवसर पर सीएम गीडा के विभिन्न सेक्टरों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के 155 करोड़ रुपये के कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के साथ गीडा के कालेसर व्यावसायिक-आवासीय परियोजना को भी लांच करेंगे।

देश के कई बड़े औद्योगिक समूहों के प्रमुख एवं प्रतिनिधि इस समारोह के न केवल साक्षी बनेंगे बल्कि मुख्यमंत्री के साथ बैठक में शामिल होकर निवेश की व्यापक संभावनाओं पर चर्चा भी करेंगे। 30 नवंबर (गुरुवार) को होने जा रहा गीडा का 34वां स्थापना दिवस समारोह कई मायने में खास होने जा रहा है। मुख्यमंत्री के सुझाव पर यहां पहली बार चार दिवसीय उद्योग व व्यापार की प्रदर्शनी लगाई जाएगी तो साथ ही बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार सृजन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्रीमती अनुज मलिक बताती हैं कि समारोह में मुख्यमंत्री के हाथों 800 करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया जाएगा। इन परियोजनाओं से 3400 लोगों के लिए रोजगार सृजन भी होगा। ये सभी परियोजनाएं निजी क्षेत्र की हैं। साथ ही 500 करोड़ रुपये के निवेश और 3000 लोगों के लिए रोजगार सृजन वाली भावी परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री द्वारा उद्यमियों को नए भूखंडों का आवंटन पत्र सौंपा जाएगा। एसडीएम गीडा, अनुपम मिश्रा के मुताबिक गीडा द्वारा अक्टूबर माह में औद्योगिक एवं व्यावसायिक भूखंडों के आवंटन की योजना लाई गई थी। इस योजना में 22 औद्योगिक एवं 21 व्यावसायिक भूखंडों का आवंटन किया गया है। आवंटन के बाद 500 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। आवंटित किए गए भूखंडों में से 10 बड़े निवेशकों को आवंटन पत्र का वितरण गीडा स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री द्वारा किया जायेगा। इस तरह यह समारोह 1300 करोड़ रुपये के निवेश का मंच बनेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री गीडा के अलग-अलग औद्योगिक सेक्टरों में 155 करोड़ रुपये की अवस्थापना विकास परियोजनाओं (सड़क, नाली, पुलिया, बिजली आदि) का शिलान्यास व लोकार्पण भी करेंगे। गीडा के स्थापना दिवस समारोह में सीएम योगी कालेसर सेक्टर-11 में 200 एकड़ में विकसित होने वाली व्यावसायिक एवं आवासीय परियोजना की लांचिंग भी करेंगे। गीडा की सीईओ अनुज मलिक ने बताया कि इस परियोजना के पहले चरण में लगभग 80 एकड़ में व्यावसायिक योजना के तहत भूखंडों का विकास किया जायेगा। इसमें 10,000 वर्ग मीटर से लेकर 35,000 वर्ग मीटर तक के 13 भूखंड विभिन्न व्यावसायिक प्रयोजनों हेतु विकसित किए जाएंगे। दूसरे चरण में 120 एकड़ भूमि पर आवासीय सेक्टर का विकास किया जायेगा। इस योजना को विकसित करने में करीब 250 करोड़ रुपये के अवस्थापना विकास कार्य कराए जाएंगे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा हुआ सम्पन्न

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन बढ़नी ब्लॉक के ग्राम पंचायत बरगदवा और खुरहुरिया में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नोडल अधिकारी जेई रवि शंकर वर्मा द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री द्वारा चलाया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में निवास कर रहे अति पिछड़े वंचित व्यक्तियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़ा जाए और लाभान्वित किया जाए। देश के विभिन्न क्षेत्रों में निवास करने वाली अति पिछड़ी आबादी है जिनको सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी नहीं हो पाती है और लाभ से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार की योजनाओं से जोड़ने का कार्य भी किया जा रहा है। इस दौरान ग्राम पंचायत सचिव अनूप रावत, कृषि विभाग से राम सेवक यादव, स्वास्थ्यकर्मी ग्राम पंचायत खुरहुरिया में सचिव एस के पटेल, प्रधान दारा चौधरी, संजय चौधरी, सी एच ओ लक्ष्मी शर्मा सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्री आशा सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहें।

# संविधान दिवस के अवसर पर एडीएम ने दिलाया शपथ

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** संविधान दिवस के अवसर पर अपर जिलाधिकारी उमाशंकर द्वारा रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्ट्रेट के अधिकारियों, कर्मचारियों को शपथ दिलाया गया। संविधान दिवस के अवसर पर अपर जिलाधिकारी उमाशंकर द्वारा संविधान शपथ को पढ़ा गया तथा उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा शपथ को दोहराया गया। हम, भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिये, तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिये, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिये दृढसंकल्प होकर इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।इस अवसर पर अध्यक्ष कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ प्रेमसागर चौधरी, ओम प्रकाश पाण्डेय, दिलीप कुमार, अनिरूद्ध मिश्रा, विवेक श्रीवास्तव, नाजिर कलेक्ट्रेट गिरीश चन्द्र मिश्रा, राम केवल, पीताम्बर यादव, अपर जिला सूचना अधिकारी विमलेश कुमार, नजमुल हुदा तथा कलेक्ट्रेट के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### मरीजों को उचित स्वास्थ्य लाभ के लिए दिलाई संविधान की शपथ

**बढ़नी सिद्धार्थ नगर।** प्राथमिक स्वाथ्य केन्द्र बढ़नी पर उपस्थित चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने संविधान दिवस पर मरीजों को उचित स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने हेतु संविधान की शपथ लेकर न्याय पूर्वक कार्य करने का संकल्प लिया। रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बढ़नी पर तैनात चिकित्सिका डा निवेदिता यादव ने कहा कि 26 नवंबर को ही भारतीय संविधान को अंगीकृत किया गया था इसलिए हम सभी आज के दिन संविधान दिवस के रूप में मनाते हैं। इस दौरान उन्होंने संविधान के मूल्यों और सिद्धांतो के बारे में लोगों को बताया और उपस्थित सभी स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा संविधान का पाठन किया गया। इस दौरान चिकित्सक डा प्रदीप वर्मा, फार्मासिस्ट राम सहाय वर्मा, हरि गोविन्द मिश्र, मधुसूदन यादव, रिंशू मोदनवाल आदि स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

### जनपद न्यायाधीश ने संविधान की प्रस्तावना का दिलायी शपथ



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** संविधान दिवस के अवसर पर रविवार को 11 बजे दिन में जनपद न्यायालय सिद्धार्थनगर के परिसर में संविधान की प्रस्तावना का पाठन किया गया। संविधान दिवस के अवसर पर संजय कुमार मलिक, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिद्धार्थनगर द्वारा जनपद न्यायालय के न्यायिक अधिकारीगण एवं जिला प्राधिकरण व जनपद न्यायालय के समस्त कर्मचारीगण को संविधान की प्रस्तावना का शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर प्रमोद कुमार सिंह-द्वितीय अपर जनपद न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट), कामेश शुक्ला अपर जनपद न्यायाधीश/ एफ.टी. सी.-द्वितीय, ब्रिजेश कुमार-द्वितीय अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/ पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीमती श्रद्धा भारतीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुश्री अंकिता चौधरी न्यायिक मजिस्ट्रेट तथा जिला प्राधिकरण व न्यायालय के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# लोगों संग सांसद ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री के मन की बात के अन्तर्गत बासी के मझवन खूर्द मे मन की बात कार्यक्रम में का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल संजय श्रीवास्तव मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल रहे। मन की बात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सम्बोधन को रेडियो के माध्यम से सुना गया इसके बाद सांसद जगदंबिका पाल उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा प्रधानमंत्री के आह्वन पर हम लोग़ को लोकल फार वोकल अपनाना चाहिए सांसद ने कहा आज देश मोदी जी के नेतृत्व में देश विकास के पद पर अग्रसर है जहां करोना टाइम पर देश के पास एक मास्क नहीं था वहां वहां पर भारत में मोदी जी के नेतृत्व में पूरे दुनिया को करोड़ों का टीका दिया और महामारी में पूरे देश को प्रति यूनिट 5 किलो अनाज दिया आज महिलाओं को आरक्षण देकर समानता का अधिकार दिया है आज देश हर मोर्चे पर शसक्त है भारत दुनिया का विश्व गुरु बनने जा रहा है।

# विश्वकर्मा समाज के सम्मेलन में भाजपा को उखाड़ फेकने का आह्वान

अवधनामा ब्यूरो




**कुशीनगर।** अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा के तत्वावधान मे रविवार को संविधान दिवस पर पडरौना नगर के जूनियर हाईस्कूल के प्रांगण मे विश्वकर्मा महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान अतिथियों ने समाज को एकजुट होकर जिसकी जितनी हिस्सेदारी उसकी उतनी भागीदारी की बात कह भाजपा सरकार उखाड़ फेकने का आह्वान किया। बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा ने कहा कि लोकतांत्रिक राष्ट्र के निर्माण के लिए बाबा साहब द्वारा लिखित संविधान को आज ही के दिन लागू किया गया था। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा समाज अपने पिछड़ेपन को लेकर चिंतित है। इसके पीछे वजह यह है कि विश्वकर्मा समाज की सरकारी नौकरी व राजनीति मे भागीदारी नही मिली है जिसके वजह से यह समाज दिन-ब-दिन पिछडता चला गया। पूर्व मंत्री ने पिछडे व विश्वकर्मा समाज को एकजुट होने का आह्वान करते हुए भाजपा को आडे हाथ लिया। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी व सूबे की योगी सरकार संविधान खत्म करने का कुचक्र रच रही है। उन्होंने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि सरकार विश्वकर्मा समाज टूल्स किट देकर पुराने कार्यो मे उलझाकर सत्ता और नौकरी से दूर करके अपना गुलाम रखना चाहती थी, मुलायम सिंह यादव ने विश्वकर्मा समाज व पिछडे वर्ग का सम्मान बढाया, जब विश्वकर्मा समाज की कोई पहचान नही थी तब मुलायम सिंह ने रामआसरे विश्वकर्मा को एमएलसी बनाकर विश्वकर्मा समाज को न सिर्फ राजनीतिक हिस्सेदारी दी बल्कि समाज का मान बढाया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सपा सरकार मे विश्वकर्मा जंयती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया था भाजपा सत्ता मे आते ही विश्वकर्मा जंयती की अवकाश निरस्त कर भगवान को अपमानित किया। पूर्व की सरकारे विपक्ष का सम्मान करती थी आज भाजपा विपक्ष पर मिटाने मे लगी है। उन्होंने समाज के लोगो का आह्वान किया कि एक नजर कारोबार पर और एक नजर दिल्ली व लखनऊ की सरकार पर रखो। अगर यह सरकार आपकी उपेक्षा करती है तो इसे उखाड़ फेको। उन्होंने लोकसभा चुनाव मे सपा को मजबूत करने की अपील की ताकि सपा के सहयोग के बगैर किसी की सरकार नही बन सके। पूर्व सासंद बालेश्वर यादव ने कहा कि पिछडे वर्ग का विकास कैसे होगा जबकि पिछडे वर्ग के लोग ही पिछडो को बांटने मे लगे है। विश्वकर्मा, यादव, तेली अलग-अलग समाज मे बटना बंद कीजिए और पिछडे समाज की बात करे। आप लोग निर्माणकर्ता है ठोकठाक करके सीधा कर देते है फिर इस समाज को ठोक ठाक कर ठीक कीजिए। पूर्व सांसद ने पिछडे वर्ग को बैलेट की ताकत से भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को सपा जिलाध्यक्ष सकीरुलाह अंसारी. पूर्व एमएलसी रामअधव यादव, डा. एसएन विश्वकर्मा, पूर्व व्लाक प्रमुख विक्रमा यादव, राम आधार आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश्वर विश्वकर्मा व सफल संचालन मनोज विश्वकर्मा ने किया। इस अवसर पर राकेश विश्वकर्मा, चंदन विश्वकर्मा सहित विश्वकर्मा व पिछडे समाज के तमाम लोग मौजूद रहे।

### विकसित भारत बनाने को ग्रामीणों को दिलाई शपथ



**लोटन, सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन विकास खण्ड लोटन बाजार के ग्राम पंचायत भरमी में प्राथमिक विद्यालय परिसर में किया गया। जिसमें अधिकारीयो ने विभागीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी ।आयोजित कार्यक्रम में कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, ग्राम विकास विभाग राष्ट्रीय आजीविका मिशन,शिक्षा विभाग सहित आदि विभागों के द्वारा स्टाल लगाये गये वहीं पेंशन बनाने के लिए के सचिव खुद स्टाल लगा कर बैठे रहे। सभी विभागीय अधिकारियों द्वारा योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और विकसित भारत संकल्प की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी रामप्रवेश, ग्राम विकास अधिकारी विनोद कुमार चौधरी, ग्राम प्रधान शबनम खातून, प्रधान प्रतिनिधि अब्दुल हकीम, पूर्व प्रधान वैस मोहम्मद, एडीओ एजी रामकृष्ण मिश्र, लेखपाल अखिलेश यादव,प्रधानाध्यापक प्रेमला, डा0सुप्रीया मद्धेशिया, डा 0जनार्दन मणि त्रिपाठी, डा दीपक जयसवाल, शन्नी सिंह,नीतू, चांद रानी राय, एल टी राजेश गुप्ता, राहुल सिंह, सफाई कर्मचारी मतीउल्लाह, संदीप जयसवाल, गिरीश चंद्र, जलालुद्दीन, राशिद अली, शेषमन, पंचायत सहायक काजल सिंह, कृष्ण बहादुर सिंह, अनीता, कुस्लावती, आशा देवी आदि लोग उपस्थित रहे।

# महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में मनाया गया दहेज प्रतिषेध दिवस

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** महिला कल्याण विभाग सिद्धार्थनगर के तत्वावधान में रविवार को सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल की अध्यक्षता एवं प्रदेश अध्यक्ष भाजपा संजीव राय, एसपी अग्रवाल की उपस्थिति में वन स्टॉप सेंटर के प्रांगण में दहेज प्रतिषेध दिवस मनाया गया। दहेज प्रतिषेध दिवस का आयोजन 25 से 27 नवंबर 2023 तक किया जाएगा, जिसके माध्यम से महिलाओं अभिभावकों एवं बेटियों को दहेज के प्रति जागरूक किया जाएगा।

इस दौरान सांसद जगदंबिका पाल ने उपस्थित महिलाओ, बेटियो को संबोधित करते हुए कहा की दहेज एक कुप्रथा है। हमें इससे ऊपर उठकर दहेज लेना एवं देना दोनों को खत्म करने की आवश्यकता है। भारत सरकार /प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को सुरक्षा, स्वावलंबन, शिक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है जिसका परिणाम है कि आज महिलाएं सभी क्षेत्रों में पुरुषों से आगे हैं। माननीय सांसद डुमरियागंज श्री जगदंबिका पाल ने कहा कि हमें लिंग भेद नहीं करना चाहिए बेटियों को भी अच्छी शिक्षा देकर उनको सशक्त व स्वावलंबी बनाएं जिससे वह अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होगी। उन्होंने कहा कि दहेज लेना तथा देना दोनों कानूनी अपराध है आज हमें संकल्प लेना चाहिए की हम अपनी बेटियों एवं बेटों की शादी बिना दहेज के करेंगे। इसमें बेटियों को भी आगे आना चाहिए जिससे दहेज प्रथा को खत्म किया जा सके। प्रदेश अध्यक्ष भाजपा संजीव राय एवं एसपी अग्रवाल ने भी दहेज प्रथा को खत्म करने तथा बिना दहेज के शादी करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दहेज की कुप्रथा को खत्म करने की आवश्यकता है। दहेज लेना व देना दोनों कानूनी अपराध है। बच्चियों को अच्छी शिक्षा प्रदान कर उनको सशक्त व स्वावलंबी बनाएं। दहेज के प्रति अन्य लोगों को भी जागरूक करें यदि लोगों द्वारा ऐसा किया जाएगा तो दहेज कुप्रथा धीरे-धीरे खत्म हो जाएगा। उपस्थित लोगों को दहेज निषेध अधिनियम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र कुमार बाजपेई, महिला थानाध्यक्ष शाइस्ता, सदस्य बाल कल्याण समिति वीरेंद्र मिश्रा, वरिष्ठ सहायक तनवीर अहमद, संरक्षण अधिकारी विवेक मालवीय, विधि सह परवीक्षा अधिकारी अजीत कुमार, अविनाश कुमार सिंह, अपर्णा विश्वास,साधना पाण्डेय , आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि की उपस्थिति रही।

# एक मुश्त समाधान योजना : उपभोक्ताओं ने जमा किए दो लाख



अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थ नगर।** विकास खण्ड लोटन क्षेत्र के छेरीयाकाक्षा उपकेन्द्र पर एक मुश्त विद्युत समाधान योजना के तहत विद्युत उपखण्ड अधिकारी द्वारा रविवार को उपभोक्ताओं द्वारा दो लाख रुपए जमा करवाया गया और 17लोगों ने बिल जमा करने हेतु रजिस्ट्रेशन कराया । वही 80 उपभोक्ताओं ने बिजली बिल सुधार कराने के लिए अप्लीकेशन दिया ।

अवर अभियन्ता अनील यादव ने बताया की सरकार द्वारा चलाए जा रहे एक मुस्त समाधान योजना के तहत विद्युत विभाग द्वारा कैंप लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी गयी और उसका निस्तारण करते हुए लोगों का बिल जमा करवाया। अधिशाषी अभियंता रामकुमार द्वारा सरकार की योजनाओं के बारे में आए हुए लोगों को जानकारी उन्होंने कहा पहले आये पहले पाये उसका लाभ उठायें । एक मुश्त समाधान योजना के तहत दो लाख रुपए जमा हुए हैं। तथा 17उपभोगताओ का रजिस्ट्रेशन हुआ है। 80लोगो ने बिल सही कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया सरवर न चलने के कारण जिले पर लेकर गये।

### एक नफर को गिरफ्तार कर भेजा जेल




**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रमवापुर तिवारी गांव में विगत दिनों एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकी हुई कमरे में लाश मिली थी। मृतका संगीता उर्फ सूर्यमती के पिता ने दहेज के लिए हत्या करने का आरोप मृतका के पति व जेठ, जेठानी के विरुद्ध तहरीर दिया था। जिसको लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ अरुणकांत सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक राज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में मय टीम द्वारा रविवार को अभियुक्त रंजीव उर्फ रामू पुत्र तुलसीराम उम्र 25 वर्ष साकिन रमवापुर तिवारी थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर को चेतिया मोड़ तिराहा के पास से समय 12.35 बजे गिरफ्तार कर न्यायालय जेल भेजा गया। इस दौरान राज कुमार पाण्डेय, उ0नि0 शेषनाथ यादव, का0 अभिषेक यादव, विशाल शाह आदि लोग मौजूद रहे।

# पूर्वांचल विकास मंच ने अमर शहीदों को नमन कर किया किया याद



एजाज़ सिद्दीक़ी

**इटवा सिद्धार्थनगर।** स्थानीय कस्बा स्थित संस्था पीवीएम पूर्वांचल विकास मंच कार्यालय पर रविवार को 15 साल पहले आज के ही दिन मुंबई पर हुए आतंकी हमले में आतंकवादियों से लड़ते हुए देश के लिए जान गंवाने वाले अमर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर नम आंखों से याद किया गया।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष नंदलाल सोनी ने शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कहा कि भारत के इतिहास में सबसे बड़े आतंकी हमले में से एक है, जो 26 नवंबर 2008 में हुआ। यह मुंबई पर आतंकी हमला था। इस आतंकी हमले को 26/11 के नाम से जाना जाता है। इस आतंकी हमले में 164 लोग मारे गए थे, और 300 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। इसे हम शहीदों के बरसी के रूप में मनाते हैं। इसी क्रम में संस्था के उपाध्यक्ष शिव मिलन सोनी ने शहीदों को याद कर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते उन्हें सलामी दी। शहीदों को पुष्प अर्पित करते हुए संस्था के कार्यकारिणी सदस्य राजन सोनी, आशुतोष सिंह, प्रदेश अध्यक्ष जयप्रकाश त्रिपाठी, अभिषेक, एजाज सिद्दीकी, अभिषेक, रामकिशोर सिंह, संतोष सोनी, अखिलेश आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा बर्डपुर मंडल में मन की बात का आयोजित हुआ लाइव प्रसारण

अवधनामा संवाददाता

**बर्डपुर।** भारतीय जनता पार्टी बर्डपुर मंडल के सभी शक्ति केंद्रों व बूथों पर रविवार की सुबह कार्यकर्ता पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 107वें संस्करण को बूथ समिति, पन्ना प्रमुख की टीम एवं कार्यकर्ताओं एवं जनमानस संग सुनकर आत्मसात किया। इसी क्रम में शक्ति केंद्र बर्डपुर न09 के बूथ संख्या 59 पर भी जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान की उपस्थिति में लोगों ने प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का लाइव प्रसारण आयोजित कर उनके विचारों को सुना। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय, सेक्टर संयोजक विवेक गोस्वामी, बूथ अध्यक्ष संतोष उपाध्याय, विनय राव, रामगीर, सौरभ चतुर्वेदी, बबलू, सूर्यमती, रामदेव, गंगाराम, छोटू, रामदेव, लक्ष्मण, संतोष शुक्ला सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# देश की सेकेंड लाइन ऑफ डिफेंस है एनसीसी: मेजर जनरल वाजपेयी



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के स्थापना दिवस पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में संचालित 102 यूपी बटालियन एनसीसी के कैडेट्स द्वारा परेड का राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुलपति, मेजर जनरल (सेवानिवृतन) डॉ. अतुल वाजपेयी ने कहा कि एनसीसी देश की सेकेंड लाइन ऑफ डिफेंस है जो युद्ध और शांति में सैन्य सेवा के लिए सैदेव तैयार रहती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर ने स्कूली शिक्षा से विद्यार्थियों को सैन्य सेवा के लिए तैयार करने का चुनौती पूर्ण कार्य किया है। राष्ट्रीय कैडेट कोर एकता के साथ कार्य करते हुए युवाओं में चरित्रनिर्माण, अनुशासन, धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण, साहस की भावना तथा स्वयं सेवा के आदर्शों को विकसित करती है। इस अवसर पर एनसीसी के सीटीओ डॉ .संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सरहदों की रक्षा के लिए कैडेट्स को तैयार करना एनसीसी का अहम लक्ष्य है। एनसीसी अधिकारी डॉ.हरि कृष्ण ने कहा कि विश्वविद्यालय में एनएनसी दिवस का पहला आयोजन अभूतपूर्व है। राष्ट्र संकल्प परेड का नेतृत्व कैडेट्स सागर जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अखिलेश कुमार दुबे, कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ विमल कुमार दुबे, डॉ धनंजय पांडेय आदि भी मौजूद रहे।

## जर्नलिस्ट प्रेस क्लब की बैठक में मजबूती पर बल

**कुशीनगर।** जर्नलिस्ट प्रेस क्लब की बैठक रविवार को पडरौना ब्लाक के सभागार मे संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष संजय चाणक्य व संचालन अशोक शुक्ला ने किया। इस दौरान पत्रकार हित मे संगठन मजबूती सहित विभिन्न मुद्दों चर्चा की गयी। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार एसएन शुक्ला ने कहा कि कुशीनगर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ पत्रकारों ने जिस तरह से प्रेस क्लब की गरिमा को बनाये रखा था उसे बरकरार रखा जाये। उन्होंने वरिष्ठजनो के संरक्षण में नये सिरे से कुशीनगर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब के रजिस्ट्रेशन व गठन करने की बात कही। इस सभी पत्रकारों ने अपनी सहमति प्रदान की। बैठक में शामिल पत्रकार ज्योतिभान मिश्रा, आरके भट्ट, अजय मिश्रा, कृष्ण मोहन पाण्डेय, शैलेन्द्र गुप्ता, दीपक मिश्रा ने अपनी-अपनी बात कही। उन्होंने क्लब की बेहतरी के सुझाव भी दिए। खासतौर संगठन की मजबूती और एक-दूसरे के साथ सहयोग की भावना बनाए रखने पर बल दिया।

### शिकायतकर्ता का भी मिला बंजर भूमि पर कब्जा



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत मझारी निवासी रामप्रसाद गुप्ता ने ग्राम पंचायत के टोला डंडवाधीन स्थित गाटा संख्या 58 ( बंजर भूमि) पर ग्राम प्रधान मोहन द्वारा कब्जा करने का गंभीर आरोप लगाते हुए तहसील में शिकायत किया था। तहसील प्रशासन द्वारा उक्त जमीन की पैमाइश करने के दौरान शिकायत कर्ता द्वारा भी बंजर भूमि पर अवैध निर्माण किए जाने का मामला प्रकाश में आया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम प्रधान द्वारा गांव के टोला डंडवाधीन स्थित ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत गाँव के ही रामप्रसाद गुप्ता द्वारा की गई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए रविवार को प्रभारी तहसीलदार राघवेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में मौके पर पहुँच कर राजस्व निरीक्षक प्रभूदयाल व कन्हैया सिंह की देखरेख में हलका लेखपाल अरविंद कुमार द्वारा पैमाइश कराए जाने के दौरान ग्राम प्रधान के अलावा शिकायत कर्ता का पूर्व में किया गया कब्जा बंजर भूमि में पाया गया। चूंकि ग्राम प्रधान द्वारा बंजर भूमि में कब्जा करने की नीयत से लगाया जा रहा पिलर नया था उसे प्रशासन द्वारा तुरंत उखडवा दिया गया।

## सेलिब्रिटीज का इमोशनल होना

भौतिक संसार में भावनात्मक संतुलन बनाए रखने की सलाह दी जाती है, लेकिन कई मामलों में तो भावनात्मक होते हुए सामान्य रोना नहीं बल्कि खूब रोना, अनेक परेशानियों से बाहर निकलकर, बेहतर ज़िंदगी जीने के लिए ज़रूरी माना जाता है। जापान जैसे विकसित देश में तो आंसू निकलवाने के लिए टियर टीचर्स भी प्रशिक्षित किए जाते रहे हैं। लेकिन हमारा मामला अलग है। हमारे देश में राजनीतिजी ने आम लोगों के आंसू निकाल दिए हैं इतने कि खत्म हो गए लगते हैं। इसलिए जब प्रसिद्ध, महान होते नेता या मंत्री इमोशनल होते हैं तो कायनात भी भीगने लगती है। कमबख्त ढूंढने वाले तो उनके आंसुओं में भी राजनीति खोजने लगते हैं। पता नहीं आंसुओं में राजनीति का तेल होता है या सिर्फ नमकीन पानी, लेकिन जब आंसू निकल आते हैं तो भावुकता शरीर से भी टपकने लगती है। भावना की नदी का बहाव आमंत्रित करता है। राजनेताओं के चेले, चमचे, सहयोगी, अधिकारी, कारें, स्वागत द्वार, फूलों के बुके तक भीग उठते हैं। रुमाल अक्सर हाथ में रहते हैं। यह तत्काल भुला दिया जाता है या याद ही नहीं रहता कि राजनीति में सचमुच कितनी खतरनाक पारिवारिक, क्षेत्रीय, धार्मिक, आर्थिक और जातीय भावनाएं भरी होती हैं। बेचारी आंखों को कई बार छलकना पड़ता है। दिमाग से विरोधी अनेक व्यक्तियों की आंखों में नमकीन पानी उमडऩा नहीं चाहता, लेकिन भावनात्मक माहौल से प्रेरित हो, दिखाने के लिए बेहतर अंदाज़ में टपकाया जाता है। आखिर मामला आम आंखों के आंसुओं का नहीं, प्रसिद्ध आंखों के ख़ास आंसुओं का जो होता है।

सेलिब्रेटी के साथ कुछ न कुछ इमोशनल हो जाता है। वहां दस्तूर भी होता है और मौक़ा भी। यह तहजीब का मामला बन जाता है जी। आंसू साबित करते हैं कि राजनीतिजी के राज्य में कोई स्थायी दोस्त या दुश्मन नहीं होता। असली, खालिस दुर्भावनाएं दबा दी जाती हैं। इस बारे सभी को पता होता है, लेकिन अवसर सेलिब्रेटीज़ के इमोशनल होने का होता है तो खलल नहीं डाली जाती। अनुशासन भी तो एक चीज़ होती है जी। तभी तो सही अवसर का इंतज़ार किया जाता है। स्वाभाविक सच तो यही है कि ज़िंदगी में सफल होने के लिए मेहनत करनी पड़ती है और सफलता को टिकाए रखने के लिए सघन, अलग तरह की मेहनत करनी पड़ती है। वास्तव में समझा जाए तो हमेशा संयमित और अनुशासित जीवन जीने वाले, आम लोगों के साथ कुछ भी हो जाने पर द्रवित न होने वाले सेलिब्रेटीज़ का कभी-कभी इमोशनल होना भी ज़रूरी है। इस मंच पर वे खुद का इनसान होना कबूल करते हैं। हालांकि वे उचित अवसरों पर ही ऐसा रूप धर पाते हैं। वैसे भी वे सबकी तरह हाड़-मांस वाले इनसान ही तो होते हैं, लेकिन उनकी भावनाओं का तो गुंचा भी अनुशासन में बंधा होता है। हम इतने भी जापानी नहीं हैं कि भावनात्मक होने पर आंसू निकालने के लिए सीखना या सिखाना पड़े। खरी सच्चाई यह भी तो है कि आंखों से भावनाएं ज़्यादा बह निकलें, सुबकना शुरू कर दें, शारीरिक रूप से ज़्यादा प्रदर्शित की जाएं तो सांसारिक या भौतिक नुकसान ज़्यादा भी हो सकता है। इसलिए बाज़ार के प्रतिनिधि इस संदर्भ में संयम बरतने की कोचिंग देते रहते हैं, लेकिन कमबख्त बाज़ार ही तो सेलिब्रेटीज़ को उचित अवसरों पर इमोशनल होने की संजीदा सलाह देता है।

## भारत की सनातनी, आध्यात्मिक विचारधारा ही देश को विश्व में अग्रणी बनाएगी

संजीव ठाकुर

भारत का सांस्कृतिक, आध्यात्मिक वैदिक इतिहास सदैव प्रबुद्ध तथा गौरवशाली रहा है। वेदों, शास्त्रों, पुराणों और सनातन संस्कृति एवं संस्कार में इतनी शक्ति है कि भारतीय संस्कृति अनंत काल तक कभी नष्ट नहीं हो सकती है। भारतीय संस्कृति का लचीलापन एवं व्यापक ग्राह्यता इतनी विशाल है कि इस सभ्यता ने कई सभ्यताओं को अपने में समाहित कर एक विशाल धर्मनिरपेक्ष वातावरण निरूपित कर वृहद वट वृक्ष की तरह अपनी शाखाएं वैश्विक स्तर पर प्रचारित, प्रसारित की है। यह वैदिक अध्यात्म योग और संस्कृति का ही प्रतिफल है कि भारत के नागरिक विश्व में चहुंओर निवास कर रहे हैं और अब समय आ गया है कि भारत को अपनी संस्कृति आध्यात्मिक तथा संस्कारों के आत्म बल के दम पर विश्व का नेतृत्व करना होगा एवं विश्व गुरु बनने की प्रक्रिया में नए नए सोपान निर्मित करने होंगे । प्रारंभ से ही शांति तथा मानवता को लेकर भारत में अपनी विकास यात्रा प्रारंभ की है आध्यात्मिक चिंतन और सनातनी इतिहास इस बात का गवाह है कि भारत विश्व शांति की बहाली के लिए विश्व को मार्गदर्शन देने का हौसला तथा क्षमता दोनों रखता है। अब यह समय आ चुका है कि भारत को विश्व का मार्गदर्शी प्रणेता बन जाना चाहिए।

जिंदगी का कैनवास जन्म से लेकर मृत्यु तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास प्रगति तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है,बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, अनंत आत्म विश्वास और संयम के घटक मौजूद हो। ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रहा है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति की प्रकृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को कोई एक दिन वर्ष अथवा दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है। और प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन सब से समाज की प्रगति और विकास में राजाओं, सम्राटों की कूटनीति ,राजनीति सर्वोपरि रही है इतिहास से लेकर अब तक मनुष्य देश और विश्व के विकास में राजनैतिक नीति निर्देशक तत्व ही देश को बलवान, शक्तिहीन, भौगोलिक रूप से बड़ा या छोटा बनाते आए हैं। किसी भी राष्ट्र के राजा, सम्राट या राष्ट्र प्रमुख की अपनी क्षमता, शक्ति, ऊर्जा और उसके विवेक से उस राष्ट्र की प्रगति विशाल या न्यूनतम होती देखी गई है। भूतकाल में कई संघर्षशील एवं उत्साह से लबरेज यात्रियों के वृतांत हमारी नजरों में आए हैं यथा कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे अत्यंत ऊर्जावान संघर्षशील और साहसिक यात्रियों द्वारा लगभग नामुमकिन रास्तों की खोज कर एक मिसाल कायम की है। नेपोलियन का एक बड़ा सूत्र वाक्य था कुछ भी असंभव नहीं है। बिस्मार्क जर्मनी के एक ऐसे सम्राट रहे हैं जिनके बारे में कहा जाता है की उनके हाथों में दो गेंद तथा 3 गेंदें हवा में होती थी, यूरोप का जादूगर भी कहलाता था, पूर्व से ही समुद्रगुप्त ,कनिष्क, सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य, शेरशाह सूरी जैसे शासकों का अदम्य आत्मविश्वास एवं संघर्ष करने की क्षमता के फल स्वरुप भी भारत आज इस स्वरूप में विद्यमान है। अर्थशास्त्रीय दृष्टिकोण से भी किसी भी राष्ट्र में सदैव विकास वैभव और आर्थिक तंत्र को मजबूत करने की संभावनाएं अवस्थित रहती हैं। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए भारत में गरीबी, भुखमरी ,बाढ़ तथा अन्य विभीषिका सदैव आती जाती रहती हैं। विशाल जनसंख्या के होने के कारण भारत में ही भारत की बड़ी जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है और केवल भारत के कुछ नागरिकों को ही सारी जीवन की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, बाकी लोग इन सुविधाओं से वंचित भी हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

आंकड़ों की मानें तो लगभग वर्ष 2000 के बाद से ट्रकों, कारों और उद्योगों से आने वाली गंदी हवा के कारण मरने वालों की संख्या में 55 फीसदी की बढ़ौतरी हुई है। दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाले देश चीन और भारत में वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों के मामले सबसे ज्यादा हैं। यहां हर वर्ष लगभग 22 से 24 लाख मौतें वायु प्रदूषण से होती हैं, जबकि वैश्विक स्तर पर वायु प्रदूषण से लगभग 66.7 लाख लोगों की मौतें हर साल होती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो वायु प्रदूषण से कई गंभीर बीमारियों का खतरा अधिक बढ़ जाता है।

# वायु प्रदूषण का लगातार बढ़ता खतरा



आशीष वशिष्ठ

वायु प्रदूषण सेहत के लिए एक बड़ा खतरा बनते जा रहा है। इससे बड़े-बूढ़े ही नहीं बच्चे भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। उनकी ग्रोथ पर असर पड़ रहा है और तो और इसके चलते वो बचपन में ही कई और दूसरी बीमारियों का भी शिकार हो रहे हैं। वायु प्रदूषण के प्रति बच्चों की संवेदनशीलता कई कारणों से पैदा हो सकती है। उनके वायुमार्ग छोटे और कम विकसित होते हैं, जिससे वे हानिकारक प्रदूषकों के प्रति ज्यादा संवेदनशील हो जाते हैं। इसके अलावा, बच्चे बड़ों की तुलना में ज्यादा तेजी से सांस लेते हैं, जिससे उनके द्वारा ली जाने वाली हवा की मात्रा और उनके संपर्क में आने वाले प्रदूषकों की मात्रा बढ़ जाती है। उनका डेवलप हो रहा इम्यून सिस्टम भी कम मजबूत होता है, जिससे उनमें ब्रीदिंग इन्फेक्शन और वायु प्रदूषण से जुड़ी अन्य स्वास्थ्य समस्याएं होने का खतरा ज्यादा होता है।

हर वर्ष दुनिया भर में वायु प्रदूषण की वजह से लाखों लोगों की मौत असमय हो रही है। एक स्टडी के मुताबिक दुनियाभर के 16 फीसदी लोगों की मौत प्रदूषण के चलते समय से पहले ही हो जाती है। इस स्टडी में ये भी बताया गया है कि दुनियाभर में हर साल करीब 90 लाख लोगों की मौत का कारण पॉल्यूशन होता है। इसमें सबसे ज्यादा खतरनाक वायु प्रदूषण को ही बताया गया है। वायु प्रदूषण का खतरा हमारे चारों ओर मंडरा रहा है। यह हम सभी को भारी मात्रा में प्रभावित कर रहा है, चाहे हमें इसका एहसास हो या न हो। अपनी इच्छा अनुसार लंबे समय से हम जिस हवा में सांस लेते आ रहे हैं, अक्सर उसे हल्के में लेते आए हैं। लेकिन वर्तमान के शोध ने कुछ चिंताजनक पहलुओं पर प्रकाश डालना शुरू कर दिया है कि हमारे आस-पास की हवा में वास्तव में क्या है और यह हमारे शरीर को कैसे प्रभावित करती है। वैसे तो हवा के बिना कोई जीवित नहीं रह सकता लेकिन प्रदूषित हवा में सांस लेने से हमें बीमारी और शीघ्र मृत्यु का सामना करना पड़ता है। वायु प्रदूषण क्या कैंसर का खतरा बढ़ा देती है, इस बारे में समझने के लिए किए गए एक अध्ययन में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने अलर्ट किया है। अध्ययनकर्ताओं ने बताया, वायु प्रदूषण पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए कैंसर कारक हो सकती है, इसका उच्च स्तर स्तन कैंसर से लेकर फेफड़े-गले के कैंसर के जोखिमों को बढ़ाने वाली मानी जाती है। शोध के मुताबिक फेफड़ों के कैंसर के लगभग 10 में से एक मामले के लिए बाहरी वायु प्रदूषण एक कारण हो सकता है।

वायु प्रदूषण के कण कोशिकाओं में डीएनए को नुकसान पहुंचाते हैं, इससे इंफ्लामेशन और कैंसर का जोखिम हो सकता है। ब्रेस्ट कैंसर महिलाओं में कैंसर से हर साल होने वाली मौतों का प्रमुख कारण रहा है। एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि स्तन कैंसर की घटनाओं में सबसे अधिक वृद्धि उन महिलाओं में रिपोर्ट की गई, जिनका पार्टिकुलेट मैटर स्तर यानी पीएम 2.5 से संपर्क अधिक था। मोटर वाहन से



निकलने वाले धुंआ, तेल-कोयला जलाने या लकड़ी के धुआं आदि में पीएम 2.5 अधिक होता है। साल 2018 में भारत में महिलाओं में रिपोर्ट किए गए सभी प्रकार के कैंसर में से 27.7 फीसदी केस स्तन कैंसर थे। भारत में अनुमानित 1,62,468 महिलाओं में स्तन कैंसर का पता चला था। वायु प्रदूषण इसका एक जोखिम कारक हो सकता है।

आंकड़ों की मानें तो लगभग वर्ष 2000 के बाद से ट्रकों, कारों और उद्योगों से आने वाली गंदी हवा के कारण मरने वालों की संख्या में 55 फीसदी की बढ़ौतरी हुई है। दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाले देश चीन और भारत में वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों के मामले सबसे ज्यादा हैं। यहां हर वर्ष लगभग 22 से 24 लाख मौतें वायु प्रदूषण से होती हैं, जबकि वैश्विक स्तर पर वायु प्रदूषण से लगभग 66.7 लाख लोगों की मौतें हर साल होती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो वायु प्रदूषण से कई गंभीर बीमारियों का खतरा अधिक बढ़ जाता है। इनमें दिल की बीमारियां, फेफड़ों का कैंसर, क्रॉनिक ऑब्सट्रेक्टिव पल्मोनरी डिजीज यानी सी.ओ.पी.डी. और तीव्र श्वसन संक्रमण प्रमुख हैं। बच्चे, 'एक्यूट रैस्पिरेटरी इन्फैक्शन' यानी तीव्र श्वसन संक्रमण के अधिक शिकार होते हैं। प्रायः सर्दी के मौसम में वायु प्रदूषण का खतरा अधिक बढ़ जाता है। खबरों की मानें तो वर्तमान समय में देश की राजधानी दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब हो गई है। इससे आम जनजीवन पर बुरा असर पड़ रहा है। लोगों को सांस संबंधी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। जीवनशैली और आहार में गड़बड़ी को डायबिटीज रोग के प्रमुख कारक के तौर पर देखा जाता रहा है, इस बीच हालिया अध्ययन में शोधकर्ताओं ने कहा कि वैश्विक स्तर पर बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण भी टाइप-2 डायबिटीज का जोखिम बढ़ रहा है। भारत में अपनी तरह के पहले अध्ययन में पाया गया है कि प्रदूषित हवा में सांस लेने से टाइप 2 मधुमेह का खतरा बढ़ सकता है। जिस तरह से हर साल हम प्रदूषण के नए स्तर का सामना कर रहे हैं, ये डायबिटीज को लेकर भी चिंता बढ़ाने वाली स्थिति है। यह अध्ययन भारत में क्रोनिक बीमारियों पर चल रहे शोध का हिस्सा है जो 2010 में शुरू हुआ था।

विशेषज्ञों का कहना है कि प्रदूषित वातावरण में रहने से दिल और फेफड़ों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचता है। वायु प्रदूषण एक श्वसन संबंधी रोग है, जिसमें रोगी को सांस लेने में तकलीफ होती है, सीने में दबाव महसूस होता है और खांसी भी होती है। ऐसा तब होता है, जब व्यक्ति की श्वसन नलियों में अवरोध पैदा होने लगता है। ये रुकावट एलर्जी और कफ से आती है। कई रोगियों में ऐसा भी देखा गया है कि श्वसन मार्ग में सूजन भी हो जाता है। कारखानों, बिजली घरों की चिमनियों और स्वचालित मोटरगाडियों में विभिन्न ईंधनों के पूर्ण और अपूर्ण दहन भी प्रदूषण को बढ़ावा देते हैं।

वायु प्रदूषण से न केवल प्राणी मात्र को, बल्कि प्रकृति को भी भारी नुकसान पहुंच रहा है। प्रदूषित वायुमंडल से जब भी वर्षा होती है, तब प्रदूषक तत्व वर्षा जल के साथ मिल कर नदियों, तालाबों, जलाशयों और मिट्टी को प्रदूषित कर देते हैं। एक मोटे अनुमान के तहत यूरोपीय महाद्वीप में अम्लीय वर्षा के कारण लगभग 60 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में वन नष्ट हो चुके हैं। ओजोन परत, जो पृथ्वी के लिए एक रक्षाकवच का काम करती है, ऐसे में वायुमंडल की दूषित गैसों के कारण उसे काफी नुकसान पहुंच रहा है, इससे कैंसर जैसे भयानक रोगों में वृद्धि हो रही है और पेड़ों से कार्बनिक यौगिकों के उत्सर्जन में बढ़ौतरी हो रही है तथा ओजोन एवं अन्य तत्वों के बनने की प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है। विषेषज्ञों के अनुसार आने वाले समय में वायु प्रदूषण से होने वाले कुल खतरों में बढ़ौतरी होने की आशंका है। जबकि उद्योग-धंधों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित कर वायु प्रदूषण को कम किया जा सकता है। वनों की अंधाधुंध अनियंत्रित कटाई को भी रोकने के साथ वृक्षारोपण को बढ़ावा देना चाहिए। वहीं बिना धुएं के चूल्हे व सौर ऊर्जा की तकनीक को प्रोत्साहित कर इसे और ज्यादा उन्नत एवं सुलभ बनाना होगा।

# ढोंगी साधुओं के लिये एक आईना हैं गुरुनानक देव

गुरुनानक देव एक महापुरुष व महान धर्म प्रवर्तक थे जिन्होंने विश्व से सांसारिक अज्ञानता एवं धर्मगत संकीर्णताओं को दूर कर आध्यात्मिक शक्ति को आत्मसात् करने हेतु प्रेरित किया। उनका कथन है- रैन गवाई सोई कै, दिवसु गवाया खाय। हीरे जैसा जन्मु है, कौड़ी बदले जाय। उनकी दृष्टि में ईश्वर सर्वव्यापी है और यह मनुष्य जीवन उसकी अनमोल देन है, इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। उन्हें हम धर्मक्रांति के साथ-साथ समाजक्रांति का प्रेरक कह सकते हैं।



ललित गर्ग

परम सत्ता या संपूर्ण चेतन सत्ता के साथ तादात्म्य स्थापित कर समस्त प्राणी जगत् को एकता के सूत्र में बांधने वाले 'सिख' समुदाय के प्रथम धर्मगुरु नानक देव ने मानवता का पाठ पढ़ाया, धर्म का वास्तविक स्वरूप स्थापित किया। समाज-सुधारक एवं रहस्यवादी संत नानकदेवजी ने समाज में समानता का उद्घोष करते हुए ईश्वर को पिता कहा। उनके अनुसार हम हम सब ईश्वर के बच्चे हैं, जिनकी निगाह में कोई छोटा-बड़ा नहीं है, कोई ऊंच-नीच नहीं है, कोई जाति-पाती नहीं है। अपनी गुरुवाणी 'जपुजी साहब' में वे कहते हैं कि 'नानक उत्तम-नीच न कोई' अर्थात ईश्वर की निगाह में सब समान है। उन्होंने जात-पात को समाप्त करने एवं सभी को समान दृष्टि से देखने के लिये ही 'लंगर' की प्रथा प्रारंभ की, जहां सब छोटे-बड़े एवं अमीर-गरीब एक ही पंगत में बैठकर भोजन करते हैं। गुरु नानकदेवजी सर्वधर्म सद्भाव एवं साम्प्रदायिक सौहार्द के प्रेरक संतपुरुष एवं हिन्दू-मुसलमानों के बीच एक सेतु थे। हिन्दुओं के लिये वे गुरु एवं मुसलमानों के लिये पीर थे। समस्त मानवता के लिये वे एक फरिश्ता थे।

दीपावली के पन्द्रह दिन बाद कार्तिक पूर्णिमा को जन्में गुरु नानक देव इंसानियत की प्रेरक मिसाल है। वे अपने व्यक्तित्व में दार्शनिक, योगी, गृहस्थ, धर्म-सुधारक, समाज सुधारक, कवि, देशभक्त एवं विश्वबंधु - सभी गुणों को समेटे हैं। उनमें प्रखर बुद्धि के लक्षण बचपन से ही दिखाई देने लगे थे। वे किशोरावस्था में ही सांसारिक विषयों के प्रति उदासीन हो गये थे। प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा के दिन नानक देव का जन्मोत्सव मनाया जाता हैं। इस वर्ष गुरु नानक जयंती 27 नवंबर को मनाई जा रही। गुरु नानक जयंती को सिख समुदाय बेहद हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाता है। यह उनके लिए दीपावली जैसा ही पर्व होता है। इस दिन गुरुद्वारों में शबद-कीर्तन किए जाते हैं। जगह-जगह लंगरों का आयोजन होता है और गुरुवाणी का पाठ किया जाता है। उनके लिये यह दस सिक्ख गुरुओं के गुरु पर्वों या जयन्तियों में सर्वप्रथम है। नानक का जन्म 1469 में लाहौर के निकट तलवंडी में हुआ था। नानक जयन्ती पर तीन दिन का अखण्ड पाठ, जिसमें सिक्खों की धर्म पुस्तक 'गुरु ग्रंथ साहिब' का पूरा पाठ बिना रुके किया जाता है। मुख्य कार्यक्रम के दिन गुरु ग्रंथ साहिब को फूलों से सजाया जाता है और एक बेड़े (फ्लोट) पर रखकर जुलूस के रूप में पूरे गांव या नगर में घुमाया जाता है। शोभायात्रा में पांच सशस्त्र गार्ड, जो 'पंज प्यारों' का प्रतिनिधित्व करते हैं, अगुवाई करते हैं। निशान साहब, अथवा उनके तत्व को प्रस्तुत करने वाला सिक्ख ध्वज भी साथ में चलता है। पूरी शोभायात्रा के दौरान गुरुवाणी का पाठ किया जाता है, अवसर की विशेषता को दर्शाते हुए, धार्मिक भजन गाए जाते हैं। गुरुनानक देव एक महापुरुष व महान धर्म प्रवर्तक थे जिन्होंने विश्व से सांसारिक



अज्ञानता एवं धर्मगत संकीर्णताओं को दूर कर आध्यात्मिक शक्ति को आत्मसात् करने हेतु प्रेरित किया। उनका कथन है- रैन गवाई सोई कै, दिवसु गवाया खाय। हीरे जैसा जन्मु है, कौड़ी बदले जाय। उनकी दृष्टि में ईश्वर सर्वव्यापी है और यह मनुष्य जीवन उसकी अनमोल देन है, इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। उन्हें हम धर्मक्रांति के साथ-साथ समाजक्रांति का प्रेरक कह सकते हैं। उन्होंने एक तरह से सनातन धर्म को ही अपने भीतरी अनुभवों से एक नये रूप में व्याख्यायित किया। उनका जोर इस बात पर रहा कि एक छोटी-सी चीज भी व्यक्ति के रूपांतरण का माध्यम बन सकती है। वे किसी भी शास्त्र को नहीं जानते थे, उनके अनुसार जीवन ही सबसे बड़ा शास्त्र है। जीवन के अनुभव ही सच्चे शास्त्र है। शास्त्र पुराने पड़ जाते हैं, लेकिन जीवन के अनुभव कभी पुराने नहीं पड़ते। नानक के बचपन में ही अनेक अद्भुत घटनाएँ घटित हुई जिनसे लोगों ने समझ लिया कि नानक एक असाधरण बालक है। पुत्र नानक को गृहस्थ जीवन में लगाने के उद्देश्य से पिता ने जब उन्हें व्यापार हेतु कुछ रुपए दिए तब उन्होंने समस्त रुपए साधु-संतों व महात्माओं की सेवा-सत्कार में खर्च कर दिए। उनकी दृष्टि में साधु-संतों की सेवा से बढ़कर लाभकारी सौदा और कुछ नहीं हो सकता था।

नानक देवजी का धर्म और अध्यात्म लौकिक तथा पारलौकिक सुख-समृद्धि के लिए श्रम, शक्ति एवं मनोयोग के सम्यक नियोजन की प्रेरणा देता है। आपका न केवल बाहरी व्यक्तित्व बल्कि आंतरिक व्यक्तित्व भी विलक्षण एवं अलौकिक है। वे इस देश के ऐसे क्रांतद्रष्टा धर्मगुरु हैं, जिन्होंने देश की नैतिक आत्मा को जागृत करने का भगीरथ प्रयत्न किया। सामाजिक कुरूढ़ियों को बदलने के लिए किए गए उनके सत्प्रयत्न सदैव स्मरण किए जायेंगे। समाज के साथ उन्होंने राष्ट्र की भावात्मक एकता को सुदृढ़ करने के लिए अनेक उल्लेखनीय प्रयत्न किये। उन्होंने जड़ उपासना एवं अंध क्रियाकाण्ड तक सीमित मृतप्रायः धर्म को जीवित और जागृत करके धर्म के शुद्ध, मौलिक और वास्तविक स्वरूप को प्रकट करने में अपनी पूरी शक्ति लगाई। धर्म के बंद दरवाजों और खिड़कियों को खोलकर उसमें ताजगी और प्रकाश भरने का दुःसाध्य कार्य किया। आधुनिक धर्म के नए एवं क्रांतिकारी स्वरूप को प्रकट करने का श्रेय नानकदेवजी को जाता है। गुरुनानकजी का धर्म जड़ नहीं, सतत जागृति और चैतन्य की अभिक्रिया है। जागृत चेतना का निर्मल प्रवाह है। उनकी शिक्षाएं एवं धार्मिक उपदेश अनंत ऊर्जा के स्रोत हैं। शोषण, अन्याय, अलगाव और संवेदनशून्यता पर टिकी आज की समाज व्यवस्था को बदलने वाला शक्तिस्रोत वही है। धर्म के धनात्मक एवं गतिशील तत्व ही सभी धर्म क्रांतियों के नाभि केन्द्र रहे हैं। वे ही व्यक्ति और समाज के समन्वित विकास की रीढ़ है। ये व्यक्ति के शरीर, मन, प्राण और चेतना को प्रभावित करते हैं। व्यक्ति-व्यक्ति का स्वस्थ तन, स्वस्थ मन और स्वस्थ जीवन ही स्वस्थ समाज की आधारिशला है और ऐसी ही स्वस्थ जीवन पद्धति एवं धर्म का निरुपण गुरुनानक देव न किया है।

गुरु नानकदेव एक महान पवित्र आत्मा थे, वे ईश्वर के सच्चे प्रतिनिधि थे। आपने 'गुरुग्रंथ साहब' नामक ग्रंथ की रचना की । यह ग्रंथ पंजाबी भाषा और गुरुमुखी लिपि में है । इसमें कबीर, रैदास व मलूकदास जैसे भक्त कवियों की वाणियाँ सम्मिलित हैं। 70 वर्षीय गुरुनानक सन् 1539 ई में अमरत्व को प्राप्त कर गए। परन्तु उनकी मृत्यु के पश्चात् भी उनके उपदेश और उनकी शिक्षा अमरवाणी बनकर हमारे बीच उपलब्ध हैं जो आज भी हमें जीवन में उच्च आदर्शों हेतु प्रेरित करती रहती हैं। सतगुरु नानक प्रगटिया, मिटी धुन्ध जग चानण होया सिख धर्म के महाकवि भाई गुरदासजी ने गुरु नानक के आगमन को अंधकार में ज्ञान के प्रकाश समान बताया। निश्चित ही वे असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक पुरुष हैं। गुरुनानक देवजी ने स्वयं किसी धर्म की स्थापना नहीं की। उनके बाद आये गुरुओं से अपने समय की स्थितियों को देखकर सिख पंथ की स्थापना की। उनका उद्देश्य भी भारतीय धर्म और संस्कृति की रक्षा करना ही था।

# पहाड़ों पर विकास यानी प्रकृति विनाश को न्यौता

सुरंग निर्माण प्रक्रिया को चूँकि मैं ने बहुत क़रीब से देखा है, बल्कि व्यवसायिक रूप से इस प्रक्रिया का हिस्सा भी रहा हूँ इसलिये विकास के नाम पर प्रकृति और पर्यावरण को पहुँचने वाले आघात से भी भली भाँति परिचित हूँ। आइये ऐसा ही एक अनुभव आज यहाँ सांझा करता हूँ। 1980-95 के दौरान हिमाचल प्रदेश में नाथपा झाखड़ी हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट निर्माणाधीन था। इसके लिये प्राकृतिक रूप से अपने मार्ग पर बहने वाली सतलुज नदी की दिशा अस्थाई रूप से बदलनी थी जिसके लिये विभिन्न सुरंगें बनाई जा रही थीं।



तनवीर जाफ़री

इस वर्ष ऐन दीपावली (12 नवंबर ) के दिन जब पूरा देश इस पावन पर्व के जश्न में डूबा था,ठीक उसी दिन उत्तराखंड राज्य के उत्तरकाशी ज़िले में यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्माणाधीन सिल्क्यारा नामक एक सुरंग का एक हिस्सा ढह गया। इस हादसे में इस सुरंग निर्माण में लगे 41 श्रमिक बीच सुरंग में ही फंसे रहे। इस सुरंग का निर्माण उत्तराखंड के उत्तरकाशी में चार धाम परियोजना के तहत किया जा रहा है। श्रमिकों को सकुशल व सुरक्षित बाहर निकालने के लिये उच्चस्तरीय बचाव व राहत अभियान युद्धस्तर पर चलाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तक ने बचाव कार्य पर अपनी नज़र बनाये रखी। बचाव अभियान में एसडीआरएफ, बीआरओ, परियोजना से जुड़ी एजेंसी एनएचआईडीसीएल,राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), उत्तराखंड राज्य आपदा प्रतिवादन बल, सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) और परियोजना का निर्माण करने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम (एनएचआइडीसीएल) और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) समेत विभिन्न एजेंसियां शामिल हुईं। एक पखवाड़े से भी अधिक चले इस राहत व बचाव अभियान में कई बार अलग अलग तरह की रुकावटें भी आईं। ड्रिलिंग के समय कई बार धातु रूपी अवरोध आये। यहां तक कि सुरंग बनाने वाली ऑगर मशीन तक ख़राब हो गयी जिसके चलते सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकालने में दो सप्ताह से भी अधिक का समय लग गया। अंत में हैदराबाद से आई आधुनिक प्लाज़्मा मशीन को सुरंग में ड्रिलिंग के काम पर लगाया गया। बचाव अभियान चलने के अंतिम दिनों में एक पाइप के माध्यम से सुरंग में फंसे श्रमिकों तक ऑक्सीजन, दवाएं और खाने-पीने की चीज़ें पहुंचाई गयीं।

सिल्क्यारा सुरंग हादसे के बाद एक बार फिर पर्वतीय क्षेत्रों में होने वाले विकास कार्यों तथा इनसे उपजने वाले संकटों पर बहस शुरू हो गयी है। पहाड़ों में सुरंग बनाना ही ज़रूरी है या इसके बिना भी विकास किया जा सकता है,भू वैज्ञानिक पर्यावरण के जानकार यह सवाल फिर पूछने लगे हैं। इस हादसे के बाद हिमाचल प्रदेश जैसे कुछ सुरंग प्रधान राज्यों की सरकारों की भी नींदें खुली हैं। हिमाचल सरकार अब राज्य में निर्माणाधीन सुरंगों का सुरक्षा ऑडिट कराने की तैय्यारी में है। इसके तहत सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण समझा जाने वाले चंडीगढ़-मनाली राजमार्ग के अंतर्गत निर्माणाधीन सुरंगें भी सुरक्षा ऑडिट में शामिल रहेंगी। प्राप्त समाचारों के अनुसार देशभर की लगभग 29 सुरंगों को सुरक्षा ऑडिट के लिये चिन्हित किया गया है। इनमें 12 सुरंगें केवल हिमाचल प्रदेश राज्य में ही हैं।



लगभग 79 किमी लंबी इन सभी 12 सुरंगों की तकनीकी जांच भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और डीएमआरसी अर्थात दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के विशेषज्ञों द्वारा संयुक्त रूप से की जाएगी। हिमाचल सरकार यह क़वायद उत्तरकाशी की सिल्क्यारा सुरंग धंसने के बाद ही करने जा रही है।

सुरंग निर्माण प्रक्रिया को चूँकि मैं ने बहुत क़रीब से देखा है, बल्कि व्यवसायिक रूप से इस प्रक्रिया का हिस्सा भी रहा हूँ इसलिये विकास के नाम पर प्रकृति और पर्यावरण को पहुँचने वाले आघात से भी भली भाँति परिचित हूँ। आइये ऐसा ही एक अनुभव आज यहाँ सांझा करता हूँ। 1980-95 के दौरान हिमाचल प्रदेश में नाथपा झाखड़ी हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट निर्माणाधीन था। इसके लिये प्राकृतिक रूप से अपने मार्ग पर बहने वाली सतलुज नदी की दिशा अस्थाई रूप से बदलनी थी जिसके लिये विभिन्न सुरंगें बनाई जा रही थीं। यह सुरंगें महानगरीय मेट्रो की तरह अगार मशीन से बनने वाली सुरंगें नहीं होतीं। यहां मिटटी के नहीं बल्कि कठोर से कठोर क़िस्म के पत्थरों के पहाड़ों में सुरंग बनाई जाती है। इसके लिये पत्थर के इन पहाड़ों के गर्भ में 15-20 फुट के इस्पात के कई रॉड हाइड्रोलिक ड्रिल के द्वारा एक साथ अर्धाकार क्षेत्र में पहाड़ की छाती में डाल दिये जाते हैं। फिर इन्हें बाहर निकाल कर इनके द्वारा ख़ाली की गयी जगहों में विस्फ़ोटक भर दिया जाता है। उसके बाद सभी रॉड के विफ़ोटक भरे सुराख़ों को तारों के द्वारा एक दूसरे से जोड़ दिया जाता है। उसके बाद निर्माणाधीन सुरंग में मौजूद सभी कर्मचारियों को सुरंग से बाहर आने का निर्देश दिया जाता है।

उधर इसी निर्माणाधीन सुरंग के ऊपरी भाग से गुज़रने वाले मार्ग पर भी यातायात बंद कर दिया जाता है। सब कुछ सुनिश्चित करने के बाद रिमोट कंट्रोल द्वारा अधिकृत अधिकारी ब्लास्ट कर देता है। आप विश्वास कीजिये जिस समय यह विस्फ़ोट होता है उस समय कई किलोमीटर के इलाक़े में पहाड़ भूकंप की तरह कांपते हैं। ब्लास्ट की आवाज़ ऐसे प्रतीत होती है जैसे आसमान में भयंकर बम बलास्ट हुआ हो। और कई सेकेंड तक इस आवाज़ की ध्वनि-प्रतिध्वनि वातावरण में गूंजती रहती है। इस तरह के अनगिनत विस्फ़ोटों का सामना करने वाले इसी हिमाचल प्रदेश ने पिछले दिनों वर्षा ऋतु में तबाही के वह दृश्य देखे जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। जगह जगह भूस्खलन, बाढ़, बादल फटने,पुल टूटने, इमारतों के बहने व ढहने तथा जंगल के जंगल बह जाने जैसे दृश्य देखे गये। उत्तराखंड में भी जोशीमठ व कई अन्य इलाक़ों में न केवल भूस्खलन और बाढ़ आदि के मंज़र देखे गये बल्कि पहाड़ों के खिसकने उनमें दरार पड़ने की भी ख़बरें आईं। सैकड़ों लोगों के घरों में बड़ी बड़ी दरारें पड़ गयीं। तमाम लोग दहशत के चलते घर छोड़ने को मजबूर हुए।

और इस तरह की सभी ख़बरों के बाद हर बार यह बहस छिड़ी कि विकास के नाम पर पहाड़ों में सुरंगें बनाना या पहाड़ काट कर रास्ते चौड़े करना मुनासिब है भी या नहीं? क्या सुरंग बनाये बिना चाइनीज़ तकनीक से पहाड़ों की खाइयों में ऊँचे से ऊँचे खम्बों को आधार बनाकर उनपर सड़क या रेल मार्ग नहीं बिछाया जा सकता? सुरंगें बनाना और पहाड़ काट कर सड़कें चौड़ी करने का जो पारम्परिक तरीक़ा हमारे देश में अपनाया जाता है वह न केवल पर्यावरण के लिये हानिकारक है बल्कि इससे जान व माल की क्षति की भी पूरी संभावना बनी रहती है। कहना ग़लत नहीं होगा कि इंसान विकास के नाम पर स्वयं अपनी ही तबाही की पटकथा स्वयं लिख रहा है। कहीं बेतहाशा भू जल दोहन कर,कहीं अंधाधुंध पेड़ों की कटाई कर,कहीं धुंआ व प्रदूषण फैला कर ,कहीं प्लास्टिक व पॉलीथिन का अत्याधिक प्रयोग कर, कहीं सुरंगें बनाकर तो कहीं पहाड़ काट कर मनुष्य अपनी कथित विकास गाथायें लिख रहा है। परन्तु सच तो यह है कि ख़ास तौर पर पहाड़ों पर होने वाला विध्वंसात्मक विकास, विकास नहीं बल्कि यह प्रकृति के विनाश को न्यौता दिया जाना है।

# राष्ट्रपति और संसद भवन जैसी होगी राममंदिर की सुरक्षा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राममंदिर की सुरक्षा राष्ट्रपति व संसद भवन की तर्ज पर होगी। सुरक्षा का प्लान सीआईएसएफ ने तैयार किया है। इस प्लान में आठ बिंदुओं पर खास फोकस किया गया है। राममंदिर की सुरक्षा में आधुनिक सुरक्षा उपकरणों का ज्यादा इस्तेमाल किया जाएगा। परिसर में बंदूकधारी कम नजर आएंगे, बावजूद इसके सुरक्षा अभेद्य होगी। सीआईएसएफ ने प्रदेश सरकार को अहम सुझाव दिए जिसके बाद राममंदिर की सुरक्षा योजना बनकर तैयार हुई। अब इसका क्रियान्यवन भी शुरू हो चुका है।

सूत्रों के अनुसार राममंदिर परिसर के सुरक्षा प्लान में हर बारीकियों को ध्यान में रखा गया है। खासतौर पर भीड़ और थ्रेट परसेप्शन का आकलन



कर सीआईएसएफ ने सुरक्षा से संबंधित सुझाव दिए हैं। सीआईएसएफ को इस काम के लिए इसलिए चुना गया, क्योंकि इस केंद्रीय बल के पास तिरुपति मंदिर, शिरडी साईं बाबा मंदिर, गोरखनाथ मंदिर, महाकालेश्वर मंदिर, काशी विश्वनाथ मंदिर और महाबोधि की सुरक्षा का अनुभव है। राममंदिर की सुरक्षा के लिए थ्रेट परसेप्शन तैयार करने के लिए स्थानीय पुलिस, खुफिया एजेंसी समेत अलग-अलग एजेंसियों से इनपुट लिया गया। मंदिर के लिए भीड़ नियंत्रण किस तरीके से होना चाहिए उसके लिए भी पूरा खाका तैयार किया गया है।

राममंदिर की सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ ने खास सुरक्षा ग्रिल

**बंदूक नहीं आधुनिक उपकरणों का होगा इस्तेमाल**

लगाने का सुझाव भी दिया है, जिसे सिर्फ मंदिर के लिए ही बनाया जाएगा। मंदिर के नक्शे के मुताबिक ही वहां सुरक्षा बलों की तैनाती का सुझाव दिया गया है और उन पर निगरानी रखने के लिए भी एक खास टीम बनाने की सिफारिश सीआईएसएफ की ओर से की गई है।

परिसर की सुरक्षा अपने उच्चस्तर पर हो इसका खास ध्यान रखा गया है। सीआईएसएफ ने अपने सुझावों में मंदिर परिसर में तैनात होने वाले सुरक्षा बलों को समय-समय पर बदली परिस्थितियों के मुताबिक ट्रेनिंग देने के पहलू को भी शामिल किया गया है।

# एनसीसी ने विकास कार्य में निभाई अहम भूमिका

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** 'एकता एवं अनुशासन' के पुनीत उद्देश्य के साथ सन् 1948 में एन.सी.सी. का आरम्भ हुआ। एन.सी.सी. की 76वॉ वर्षगांठ का भव्य आयोजन डा. बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर, विश्वविद्यालय, लखनऊ में किया गया। समारोह में प्रो. संजय सिंह वाइस चांसलर, डा. बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर, विश्वविद्यालय, लखनऊ मुख्य अतिथि व मेजर जनरल विक्रम कुमार, अपर महानिदेशक, एन.सी.सी. निदेशालय, उत्तर प्रदेश उपस्थित थे ।

एन.सी.सी ने देश के युवाओं के चरित्र निर्माण के विकास कार्य में अहम भूमिक निभाई है। राष्ट्र निर्माण में युवाओं के उज्जवल भविष्य का संवारने के प्रति पूर्णतः कटिबद्ध रही है। इसके अतिरिक्त एन.सी.सी का पूर्ण प्रयास रहा है कि वह देश के नवयुवकों के चरित्र निर्माण, अनुशासन नेतृत्व, की भावना आदि गुणों के विकास कार्य में उत्तरोतर विकास करें। एन.सी.सी. की कार्य प्रणाली एवं कैडेटों के प्रशिक्षण के उद्देश्य के सम्बंध में संक्षिप्त जानकारी देते हुए प्रमुख उद्देश्य वर्णित हैं जिनमें प्रमुख हैं - देश के युवाओं में चरित्र, साहचर्य, अनुशासन नेतृत्व, धर्मनिरपेक्षता, रोमांच तथा निःस्वार्थ सेवा भाव का संचार करना । संगठित, प्रशिक्षित व प्रेरित युवाओं का एक मानव-संसाधन तैयार करना, जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान करना व देश की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना।

सशस्त्र सेना में जीविका (कैरियर) बनाने के लिए युवाओं को प्रेरित करने हेतु उचित वातावरण प्रदान करना। उत्तर प्रदेश राज्य के विभिन्न जिलों में स्थापित लगभग 2071 स्कूल एवं कालेजों में एन.सी.सी. के एक लाख बाहत्तर हजार

**एनसीसी की 76वीं वर्षगांठ मनाई गई**

छह सौ नौ कैडेटों को ''एकता और अनुशासन'' की प्रेरणादायी भावना जाग्रित करते हुए एन.सी.सी. का प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जा रहा है। एन.सी.सी. प्रशिक्षण के अतिरिक्त कैडेटों को अनेक साहसिक गतिविधियों का भी अभ्यास करवाया जाता है जैसे - टैकिंग, रॉक क्लाइबिंग, रिवर राफ्टिंग, पर्वतारोहण, पैरासेलिंग, पैरा जम्पिंग, वाटर राफ्टिंग इत्यादि।

एन.सी.सी. प्रशिक्षण को हासिल करने के दौरान कैड्टस विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में भाग लेते हैं जैसे-प्रौढ़षिक्षा, एड्स जागरूकता अभियान, स्वच्छता अभियान, शौचालय का प्रयोग अभियान, कैंसर के प्रति जारूकता अभियान, पल्स पोलियों कार्यक्रम, वृक्षारोपण एवं रक्तदान इत्यादि। आयोजित एन.सी.सी. की 76वी वर्षगांठ के समारोह में प्रो. संजय सिंह वाइस चांसलर, डा. बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर, विश्वविद्यालय, लखनऊ मुख्य अतिथि व मेजर जनरल विक्रम कुमार, अपर महानिदेशक, एन.सी.सी. निदेशालय, सिविल व सैन्य पदाधिकारियों के समक्ष एन.सी.सी. के प्रतिभावान कैडेटों को सम्मानित किया।

# 'अवध फेस्टिवल' पर सजेगी संगीत सितारों की यादगार महफिल

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** यहां 30 नवम्बर को गोमतीनगर विस्तार के होटल हिल्टनगार्डन में हुनर क्रिएशन्स क्राफ्ट एसोसिएशन की ओर से आयोजित 'अवध फेस्टिवल' में बॉलीवुड और शास्त्रीय संगीत की दुनिया के चमकते सितारों को नौशाद सम्मान से नवाजा जायेगा। इस अवसर पर संगीत की शानदार महफिल भी सजेगी।

एसोसिएश के संयोजक जफर नबी ने बताया कि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक गायक शान, संगीतकार मिठुन, सितारवादक संगीतकार इमरान खान, गायिका माहिरी बोस, गायिका प्रियंका बर्वे, अंतरा नन्दी, प्रशासनिक अधिकारी हरिओम और रंगकर्मी सुरेश शर्मा को नौशाद सम्मान से अलंकृत करेंगे। समारोह की अध्यक्षता प्रमुख सचिव संस्कृति मुकेश मेश्राम करेंगे। उक्त अवसर पर माहिरी बोस गजलें सुनाएंगी तो प्रियंका बर्वे नौशाद के

**शान, मिठुन, इमरान, माहिरी, हरिओम सहित आठ को डिप्टी सीएम देंगे 'नौशाद सम्मान'**

फिल्मी नगमों का रस बरसाएंगी, जबकि अंतरा नन्दी युवाओं को लुभाने वाले गीत प्रस्तुत करेंगी। सुप्रसिद्ध गायिका अनन्दिता चटर्जी भी लाजवाब गीत पेश करेंगी। इस अवसर पर मध्य कमान के कमाण्डर और अन्य उच्चाधिकारी विशिष्ट अतिथि के रूप में फेस्टिवल में शरीक होंगे। इससे पहले हुनर क्रिएशन्स क्राफ्ट एसोसिएशन विख्यात सरोद वादक अमजद अली खां, संतूरवादक शिवकुमार शर्मा, अभिनेत्री व नृत्यांगना हेमा मालिनी, गायिका रेखा भारद्वाज, गायक सोनू निगम, गजलगो तलत अजीज और रेखा सूर्य जैसे विश्वविख्यात कलाकारों को आमंत्रित कर उनके कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें उनके योगदान के लिए सम्मानित कर चुका है।

# सेठ आनंदराम जैपुरिया ने मनाया 49वां स्थापना दिवस

**लखनऊ।** सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल, कानपुर, ने शनिवार, 25 नवम्बर को उत्साह और आनंद के साथ 49वें स्थापना दिवस के उत्सव को चिह्नित किया।

इस दिन की स्थापना में मुख्य अतिथि, प्रोफ़ेसर गिरीश चंद्र त्रिपाठी, उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष, और मुख्य अतिथि, डॉ. सचिन गुप्ता, संस्कृति विश्वविद्यालय, मथुरा के चांसलर्स के साथ किया गया। स्कूल की प्रतिष्ठानुसार, शिशिर जैपुरिया, जैपुरिया ग्रुप ऑफ़ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन, शिखा बनर्जी, प्रधानाचार्य, और नेतृत्व टीम शामिल थी। दरबार का बड़ा हिस्सा मुख्य रूप से माता-पिता, बच्चे और स्कूल के शिक्षकों से मिला। उत्सव एक स्थायी समाधानों पर आधारित वार्षिक स्कूल प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ शुरू हुआ, जो स्थापना दिवस के थीम सृष्टि के साथ मेल खाता था।

# बाबा साहब ने कहा था, बिजली सस्ती नहीं बहुत सस्ती होनी चाहिए



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर एसोसिएशन के केंद्रीय कार्य समिति की तरफ से आज संविधान दिवस के शुभ अवसर पर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को याद करते हुए संगठन के केंद्रीय पदाधिकारी ने भारत के संविधान को विश्व का सबसे सर्वश्रेष्ठ संविधान बताया और बाबा साहब द्वारा बिजली क्षेत्र में किए गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा उपाध्यक्ष पीएम प्रभाकर महासचिव अनिल कुमार सचिव आरपी केन संगठन सचिव बिंदा प्रसाद जेपी गौतम मुकेश कुमार ने कहा देश को विद्युतीकृत करने का दृष्टिकोण और खाका बीआर अंबेडकर द्वारा 1940 के दशक की शुरुआत में सार्वजनिक निर्माण और इलेक्ट्रिक पावर पर नीति समिति के अध्यक्ष के रूप में तैयार किया गया था। इसकी स्थापना सितंबर 1943 में हुई थी और फरवरी 1945 तक, डॉ. अंबेडकर और उनकी टीम ने भारत में बिजली विकास की समस्याओं और अवसरों का अध्ययन किया था और बिजली विकास के लिए एक राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य प्रदान करने के लिए प्रांतों और राज्यों का अनुसरण किया था।

बाबा साहब ने इलेक्ट्रिक पावर पर नीति समिति के अध्यक्ष होते हुए कहा था बिजली सस्ती नहीं बहुत सस्ती होनी चाहिए और हमेशा सार्वजनिक क्षेत्र में होना चाहिए निजी क्षेत्र में बिल्कुल नहीं। बाबा साहब का मानना था कि औद्योगीकरण की सफलता सुनिश्चित करने और सामाजिक-आर्थिक विकास लाने के लिए एक केंद्रीकृत प्रणाली के माध्यम से ही सस्ती और प्रचुर बिजली प्रदान की जा सकती है। एक बैठक में उन्होंने कहा, हम भारत में सस्ती और प्रचुर बिजली क्यों चाहते हैं? इसका उत्तर यह है कि सस्ती और प्रचुर बिजली के बिना भारत के औद्योगीकरण का कोई भी प्रयास सफल नहीं हो सकता...।

# सिद्धचक्र महामण्डल विधान में की गई विश्वशांति की कामना



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** इंदिरानगर दिगंबर जैन सेवा संस्थान की ओर से जैन मंदिर में आचार्य विशद सागर महाराज के सानिध्य चल रहे श्री 1008 सिद्धचक्र महामण्डल विधान मे रविवार को विश्वशान्ति की कामना से भगवान महावीर स्वामी का अभिषेक एवं शांतिधारा की गई।

विधान के पुण्यार्जक मिथिलेश जैन एवं देवेंद्र कुमार जैन परिवार द्वारा मण्डल जी पर श्रीफल चढ़ा कर अर्घ समर्पित किया गया। शान्तिधारा करने का सौभाग्य सौधर्म इंद्र बने देवेंद्र कुमार के साथ साथ संयम जैन प्रविज्ञान जैन पीयूष जैन दिनेश जैन ने प्राप्त किया। जैन समाज के मंत्री अभिषेक जैन ने बताया की कार्तिक शुक्ल अष्टमी से प्रारंभ हुए इस नव दिवसीय विधान में आज भगवान को 512 अर्घ समर्पित किए गये। इसी क्रम में 28 नवम्बर को प्रातः विश्व शान्ति महायज्ञ आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर सुदीप जैन अरुण जैन सुरेंद्र जैन धीरज जैन अरविंद जैन अभिषेक जैन उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश में जातीय जनगणना और आरक्षण व्यवस्था पर संगोष्ठी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** वोटर्स पार्टी इंटरनेशनल ने जातीय जनगणना और आरक्षण व्यवस्था पर दो दिन की संगोष्ठी का आयोजन किया। इस संगोष्ठी में उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, हरियाणा और बिहार के कई बुद्धिजीवियों में भाग लिया। संगोष्ठी का विषय था- उत्तर प्रदेश में जातिगत जनगणना और आरक्षण व्यवस्था। संगोष्ठी की अध्यक्षता पार्टी के संस्थापक और नीति निर्देशक श्री विश्वात्मा ने की और संचालन पार्टी के महासचिव श्री शिवाकांत गोरखपुरी ने किया।

बुद्धिजीवियों द्वारा दो दिन के गहन विचार मंथन के बाद एक प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव को उत्तर प्रदेश और बिहार के मुख्यमंत्री, भारत के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को ज्ञापन स्वरूप भेजने का भी निर्णय किया



गया। परित किए गए प्रस्ताव में कहा गया है कि बिहार की तर्ज पर उत्तर प्रदेश सरकार तत्काल जातीय जनगणना करके विधानसभा के समक्ष आंकड़ों को प्रस्तुत करें। यह भी कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में जातीय जनगणना की रिपोर्ट आने के बाद आरक्षण के नियमों में कुछ मौलिक बदलाव किये जाए, जिससे आरक्षण का लाभ लक्षित वर्ग के सभी परिवारों को मिल सके।

प्रस्ताव में बिहार सरकार की इस बात के लिए प्रशंसा की गई है कि जातीय जनगणना की रिपोर्ट आने के बाद बिहार सरकार ने अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षण का कोटा 16 फीसदी से बढ़ाकर 20 फीसदी कर दिया; जनजातियों के आरक्षण का कोटा 1 फीसदी से बड़ा कर 2 फीसदी कर दिया? पिछड़े वर्गों का कोटा 12 फीसदी से बढ़कर 16 फीसदी कर दिया और अत्यंत पिछड़े वर्गों का कोटा 18 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 फीसदी कर दिया।

# संविधान दिवस के अवसर एक दिवसीय अधिवेशन हुआ

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** आज दिनांक 26 नवंबर को उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति परिषदीय शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन एवं डा अम्बेडकर राष्ट्रीय एकता मंच के संयुक्त रूप से भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर एक दिवसीय अधिवेशन का आयोजन वी-ओम होटल सुभारती विश्वविद्यालय के सामने वेदव्यास पुरी फेस -2 मेरठ में किया गया जिसकी अध्यक्षता श्री जीवनलाल मंडल अध्यक्ष एवं संचालन जिला प्रभारी सूरजमल ने किया।

इस अधिवेशन के मुख्य अतिथि भवन नाथ पासवान ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश जनपद मेरठ में मुरादाबाद मंडल मेरठ मंडल सहारनपुर मंडल की कार्यकारिणी को संबोधित करते हुए संविधान दिवस पर डा अम्बेडकर राष्ट्रीय एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष



भवन नाथ पासवान ने कहा कि भारत का संविधान जो सभी को समता समानता बंधुत्व भाईचारा का अधिकार देता है आज वह संविधान खतरे में है इसलिए समस्त बुद्ध अम्बेडकरवादी अपना विचार मंच साझा करें और विचार करें की देश में नौजवान बेरोजगारी की वजह से भटक रहा है महंगाई चर्म सीमा पर है दबे कुचले पिछड़े समाज पर अत्याचार का सिलसिला रुक नहीं रहा है इसलिए सभी अम्बेडकरवादी विचारधारा के संगठन कर्मचारी अधिकारी शिक्षक घर और समाज सेवी एकजुट हो और संविधान की सुरक्षा में अपना योगदान करें।

# जब 21 बेटियों की हुई विदाई तो सभी की आंखें छलक आई

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** बाबुल की दुआएं लेती जा जा तुझको सुखी संसार मिले...., जैसे गीतों के बीच जब 21 बेटियों की विदाई हुई तो देखने वालों की आंखे भर आई। यह नजारा रामाधीन लान बाबूगंज का था जहां बिटिया फाउंडेसन के अध्यक्ष के मनीष गुप्ता की अगुवाई में विवाह सम्पन्न हुआ। बाद में रविवार को विदाई कर दी गई। मनीष गुप्ता ने बताया कि सर्व समाज की 21 बेटियों के विवाह उत्सव का 9वां आयोजन है। विदाई के समय विधायक डॉ नीरज बोरा,अमरनाथ मिश्रा,राजेंद्र अग्रवाल,पवन मनोचा,सुमित,शिवाकांत, भारत भूषण गुप्ता, अभिषेक खरे, घनश्याम दास अग्रवाल,अमन तलवार, शुभम वर्मा, संदीप वर्मा, सनी वर्मा, चन्दन, सुदर्शन कटियार, अनिल,मनोज पुजारी, मनीष पार्थ, मुकेश, जय सिंह,



**सराहनीय कार्य कर रहा है बिटिया फाउंडेशन : विधायक नीरज बोरा**

विनोद, सोनू, रामू, संतोष, अतुल, सुभाष, तथा महिला सेविकाये विद्या गुप्ता, शिवा गुप्ता, सुषमा अग्रवाल, नैना, सोनी सिंह, दीपाली तलवार, एकता ने पुष्प वर्षा करके विदाई की। विदाई के साथ सभी बेटियों को लगभग 100 से अधिक दैनिक उपयोगी वस्तुए प्रदान की गयी। इस मौके पर विधायक डॉ नीरज बोरा ने कहा कि कहा कि असहाय कन्याओं की शादी में मदद करना बहुत बड़ा पुण्य का काम है। उन्होंने कहा कि बिटिया फाउंडेशन द्वारा बहुत बड़ा व सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

# ताइक्वाण्डो चैम्पियनशिप में सीएमएस छात्रों ने जीते दो गोल्ड

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) के दो प्रतिभाशाली छात्रों वरिष्ठा एवं विवान ने अन्तर-विद्यालयी डिस्ट्रिक्ट ताइक्वाण्डो चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। चैम्पियनशिप का आयोजन लखनऊ ताईक्वाण्डो एसोसिएशन के तत्वावधान में हुआ, जिसमें लखनऊ के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. के इन प्रतिभाशाली छात्रों ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच गोल्ड मेडल जीतकर अपनी खेल प्रतिभा का परचम लहराया है तथापि अपनी खेल प्रतिभा, चुस्ती-फूर्ती, कौशल तथा दमखम के बलबूते दो गोल्ड मेडल अर्जित कर आने वाले समय में राष्ट्रीय




व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के संकेत दिये है। सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने इस होनहार छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं क्योंकि सी.एम.एस. अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें खेलों व अन्य सामाजिक क्षेत्रों के लिए भी विशेष रूप से तैयार करने में पूरे मनोयोग से संलग्न है।

# पाक खुफिया एजेंसी के लिए जासूसी करने वालों को यूपी एटीएस ने किया गिरफ्तार

**लखनऊ।** आतंकियों और आईएसआई जासूसों को फंडिंग करने वाले दो युवकों को यूपी एटीएस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनमें पंजाब के भटिंडा का रहने वाला अमृत गिल उर्फ अमृत पाल सिंह उर्फ अमृत उर्फ मन्त्री उर्फ मंत्री और गाजियाबाद निवासी रियाजुद्दीन शामिल है। रियाजुद्दीन को एटीएस ने बीते दिनों पूछताछ के लिए भी बुलाया था।

एडीजी एटीएस मोहित अग्रवाल ने बताया कि एटीएस को खुफिया जानकारी मिली थी कि कुछ लोगों को संदिग्ध स्रोतों से पैसा प्राप्त हो रहा है, जिसका प्रयोग आतंकी गतिविधियों और जासूसी में किया जा रहा है। साथ ही, पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के संपर्क में आकर, पैसों के लालच में जासूसी कर गोपनीय तथा संवेदनशील सूचनाएं भी भेजी जा रही हैं। इस संबंध में एटीएस ने गाजियाबाद निवासी रियाजुद्दीन, बिहार निवासी इजहारुल और अज्ञात आईएसआई एजेंटों के खिलाफ बीते दिनों मुकदमा दर्ज किया था।

# संविधान को आत्मार्पित करने की आवश्यकता : डॉ. जयपाल व्यस्त

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज में संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर संविधान की मूल भावना पर अतिथि व्याख्यान में सदस्य विधान परिषद, उत्तर प्रदेश डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने बतौर मुख्य वक्ता और रक्षा-अध्ययन के विभाग प्रभारी प्रो आनंद कुमार सिंह ने बतौर अतिथि वक्ता विधि विद्यार्थियों को भारतीय संविधान में अंर्तनिहित मूल भावना की विस्तार से जानकारी दी। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विधि संकाय के डीन प्रो हरबंश दीक्षित ने अतिथियों का बुके देकर अभिनंदन किया। प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार सिंह ने वोट ऑफ थैंक्स दिया, जबकि



संचालन डॉ. माधव शर्मा ने किया। अंत में विद्यार्थियों को संविधान के प्रति सच्ची निष्ठा रखने की शपथ भी दिलाई गई।

मुख्य वक्ता डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने भारतीय लोकतंत्र को दुनिया का सबसे मजबूत लोकतंत्र बताते हुए कहा, भारतीय संविधान हर भारतीय की भावना का मूल है। संविधान के तीन शब्द- अधिनियमित, अंगीकृत और आत्मार्पित कर हम संविधान के प्रति अपनी सच्ची निष्ठा और श्रद्धा को व्यक्त कर सकते हैं। अतिथि वक्ता प्रो आनंद कुमार सिंह ने रक्षा और सुरक्षा शब्दों की व्याख्या के साथ ही संविधान की मूल अवधारणा की विस्तार से विवेचन की। इस दौरान विधि विद्यार्थियों ने सवाल पूछे और अपनी जिज्ञासाएं शांत कीं।

डीन प्रो. हरबंश दीक्षित ने कहा, संविधान आजादी और खुशहाली के वादे का दस्तावेज है। संविधान हमें सपने देखने और उसके मुताबिक समाज निर्माण करने की आजादी और जज्बे की भावना प्रदान करता है। कार्यक्रम में विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अमित वर्मा, श्री अक्षय भार्गव के संग-संग शिक्षक और शोधार्थी समेत लॉ कॉलेज के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# 'मेधावी छात्र सम्मान समारोह' सीएमएस में 30 नवम्बर को

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल द्वारा मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन आगामी 30 नवम्बर, वृहस्पतिवार को सी.एम.एस. गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। इस भव्य समारोह में सी.एम.एस. के आई.एस.सी. (कक्षा-12) के उन मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जायेगा जिन्होंने विद्यालय की द्वितीय इण्टर-कैम्पस तुलनात्मक परीक्षा की मेरिट सूची में टॉप किया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस भव्य समारोह में मेधावी छात्रों के माताजी, पिताजी एवं टीचर-गार्जियन को भी सम्मानित किया जायेगा। इसके अलावा, देश-विदेश में विद्यालय का नाम गौरवान्वित करने वाले मेधावी छात्रों को भी सम्मानित किया जायेगा।

श्री शर्मा ने बताया कि मेधावी छात्र

**सीएमएस छात्र निकालेंगे 'चरित्र निर्माण मार्च'**

सम्मान समारोह से पूर्व सी.एम.एस. छात्र विशाल 'चरित्र निर्माण मार्च' निकालकर भावी पीढ़ी में चारित्रिक उत्कृष्टता एवं नैतिक उत्थान का अलख जगायेंगे। सी.एम.एस. छात्रों का यह विशाल मार्च 30 नवम्बर, वृहस्पतिवार को प्रातः 7.45 बजे गोमती नगर विस्तार स्थित मकदूमपुर पुलिस स्टेशन से प्रारम्भ होकर सी.एम.एस. गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) ऑडिटोरियम तक जायेगा। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्रों के 'चरित्र निर्माण मार्च' में कई गणमान्य हस्तियों के अलावा सी.एम.एस. के विभिन्न कैम्पस की प्रधानाचार्याएं उपस्थित रहेंगी। मार्च का नेतृत्व सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी व डा. (श्रीमती) भारती गाँधी एवं सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन करेंगी।

## डीएम ने संविधान दिवस पर प्रस्तावना की दिलाई शपथ



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने आज संविधान दिवस के अवसर पर कलक्ट्रेट स्थित कार्यकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कार्मिकों को संविधान के प्रस्तावना की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत का संविधान, भारत का सर्वोच्च विधान है जो संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर 1949 को पारित हुआ तथा 26 जनवरी 1950 से प्रभावी हुआ। 26 नवंबर भारत के संविधान दिवस के रूप में घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान देश की शासन व्यवस्था का आधार और पथ प्रदर्शक है। यह देशवासियों की अभिलाषाओं और आकांक्षाओं के साथ ही देश की अनूठी सांस्कृतिक विविधिताओं को भी प्रतिबिम्बित करता है। जिलाधिकारी ने डॉ भीमराव आंबेडकर सहित संविधान निर्माण प्रक्रिया से जुड़े समस्त महान विभूतियों के प्रति आभार व्यक्त किया। एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार राय सहित कई अधिकारी एवं कर्मिकगण मौजूद थे।

## भाजपाइयों ने लोगों के साथ सुनी मन की बात



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के माध्यम से आज देशवासियों से बात की। पीएम मोदी की मन की बात के 107वे एपिसोड को भाजपा कार्यकर्ताओं ने रेडियो, टेलीविजन, नमो एप, यूट्यूब के माध्यम से बूथों पर सुना। इसी के क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह ने कार्यकर्ताओ के साथ राघव नगर के बूथ संख्या 241 पर मन की बात सुनने के बाद कहा कि अपने प्रोग्राम में पीएम ने मुंबई हमले में अपना जीवन गवाने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी। इस हमले में हमारे जो जांबाज वीरगति को प्राप्त हुए, देश उन्हें आज याद कर रहा है। आज देश मजबूती से आतंक के फन को कुचल रहा है।आज प्रधानमंत्री मोदी ने संविधान दिवस पर बाबा साहब भीमराव को भी याद किया,हम सभी भी बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते है। हम सब मिलकर प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेंगे। इस दौरान प्रमोद शाही, हेमन्त मिश्रा, अम्बिकेश पाण्डेय, अजित मिश्रा, संदीप सिंह, राजू पाण्डेय, दीपक श्रीवास्तव, नन्हे मिश्रा, आशुतोष तिवारी, अभय सिंह, नीरज सिंह आदि रहें।

## संघ की शक्ति को प्रदर्शित करता है पथ संचलनः भूपेंद्र



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** रविवार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों से पथ संचलन प्रारंभ होकर जीआईसी मैदान में समाप्त हुआ। हाथों में दंड, दिलों में राष्ट्रभक्ति का भाव संजोए सैनिकों की भांति कदम से कदम मिलाते हुए शिक्षार्थियों ने पथ संचलन से सामूहिक एकता, अनुशासन तथा राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया। पथ संचलन का शहर के नागरिकों, समाजिक संगठनों, संघ की शाखाओं द्वारा अलग- अलग स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। नागरिकों ने स्वयंसेवकों का अभिवादन भी किया। संघ के घोष दल की मधुर ध्वनि, स्वयंसेवकों की राष्ट्रभक्ति, संगठन शक्ति,और अनुशासन का दर्शन सभी को रोमांचित कर रहा था कार्यक्रम में सम्मिलित होते हुए जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए प्रतिबद्ध राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पथ संचलन के माध्यम से अपनी ताकत को प्रदर्शित करता है और प्रत्येक भारतीयों को उनकी राष्ट्र के प्रति कर्तव्यनिष्ठा की याद दिलाता है। इस दौरान नगर के विभिन्न स्थानों से स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

## एनसीएल ने मनाया संविधान दिवस



**सोनभद्र/ सिंगरौली अवधनामा संवाददाता।** रविवार को भारत सरकार की मिनिरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) मुख्यालय में 74वां संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान कंपनी के निदेशक (कार्मिक) श्री मनीष कुमार , निदेशक (वित्त) श्री रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री जितेन्द्र मालिक व एनसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष तथा कर्मियों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों में भी भारत की एकता, अखंडता और प्रगतिशीलता के प्रेरक ग्रंथ संविधान को समर्पित संविधान दिवस मनाया गया। गौरतलब है कि संविधान दिवस हर साल 26 नवंबर को मनाया जाता है। 26 नवंबर, 1949 को भारत का संविधान बनकर तैयार हुआ था, जिसे 26 जनवरी 1950 से लागू किया गया था। भारतीय संविधान, भारत की लोकतंत्र की पहचान है, जो सभी नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता आदि का अधिकार देता है। इसी कड़ी में सभी नागरिकों को में संविधान के महत्व का प्रचार एवं प्रसार करने के लिए हर वर्ष संविधान दिवस मनाया जाता है।

## बाबा साहब कैसे सिद्धांतों पर चल रहा देशः अजीत



**सोनभद्र अवधनामा ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार दिनांक 20 नवंबर से 2 दिसंबर तक संविधान गौरव यात्रा के अंतर्गत रविवार को संविधान दिवस के अवसर पर विधानसभा रावटसगंज दलित बस्ती वार्ड नंबर 1 में भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र के अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा अजीत रावत द्वारा संगोष्ठी का आयोजन कर बाबा साहब द्वारा रचित संविधान की पुस्तक को संविधान के बारे में अनुसूचित समाज के लोगों को बताया साथ ही 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नवयुवक और नविको को वोटर लिस्ट में अपना नाम बढ़ाने का भी आग्रह किया। वही श्री अजीत रावत ने बताया कि बाबा साहब के सिद्धांतों पर आज देश चल रहा है वहीं उनके विचारों के लिखे लेख संविधान के कटु सत्य की तरह आज लोगों के लिए प्रेरणा के एक स्रोत के रूप में है जिनके मार्गदर्शन पर हमारे देश का गौरव बना हुआ है उनके गौरव मांन इस संविधान का सम्मान करते हुए उनके सिद्धांतों का सम्मान भी करना हमारा दायित्व है।

## एसपी से भूमाफिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग

**बदौसा अवधनामा संवाददाता।** थाना क्षेत्र के तुर्रा गांव के भूमाफियाओं द्वारा फर्जी नोटरी इकरारनामा के जरिये गरीब की जमीन हड़पने की साजिश रच रहे हैं। ज़मीन खाली न करने पर जानमाल की धमकी देने तथा फर्जी कूटरचित इकरारनामा बनाने के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग पीड़ित ने एसपी से की है। रविवार को वकीलन पुरवा अंश तुर्रा निवासी गया प्रसाद ने बताया कि वह संक्रमणीय भूमिधर स्वामी है। कामता प्रसाद पुत्र रामलाल निवासी ग्राम वकीलन पुरवा ने एक कूटरचित फर्जी विक्रय इकरारनामा 12 जून 2001 को नोटरी वकील के माध्यम से उपरोक्त भूमि का अपने नाम लिपिबद्ध कराया गया। इस फर्जी कूटरचित इकरारनामा को असल के रूप में प्रयोग किया गया। जबकि गया प्रसाद द्वारा आज तक किसी प्रकार का कोई इकरारनामा कामता प्रसाद के पक्ष में लिपिबद्ध नहीं किया।

## कोटेदार की दबंगई से गई एक की जान

**तरकुलवा देवरिया।** जनपद के तरकुलवा थाना अंतर्गत ग्राम सभा जलुवा में मारपीट की घटना को अंजाम देने वाले विनोद यादव जो किसी ग्राम सभा का कोटेदार है।पुरानी रंजिश को लेकर के अपने परिजनों के साथ मिलकर के मारपीट की घटना को अंजाम दिया। जिसमें एक की मौत हो गई अन्य तीन घायल है।बताते चलें जलुवा ग्राम निवासी राजेंद्र यादव उम्र 55 की घटना में मौत हो गया। तथा उनकी पत्नी व परिवार के दो अन्य लोग इस मारपीट में घायल है जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। सूत्रों की अगर बात माने तो विनोद यादव अपनी दबंगई से हमेशा राजेंद्र यादव के परिवार को तंग किया करता था।जमीनी विवाद को लेकर के हुए इस मारपीट में राजेंद्र यादव का घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उनके परिवार के तीन अन्य लोग घायल हुए हैं।उक्त क्रम में तरकुलवा पुलिस के द्वारा सात लोगों के खिलाफ विनोद यादव पुत्र पुरुषोत्तम यादव, नवमी यादव पुत्र भृगुरासन,कपिलदेव पुत्र नवमी,प्रभाकर पुत्र बिनोद,बालाराम पुत्र मैनेजर, मिंटू पुत्र बलराम,रामप्यारे पुत्र हीरा दफा 302,147,323,336,504 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है

## सांसद रविन्दर कुशवाहा ने मन की बात सुनी

**अवधनामा संवाददाता**

**सलेमपुर।** सलेमपुर के परसिया खाप में सांसद रविन्दर कुशवाहा ने प्रधानमंत्री जी की मन की बात बूथ नम्बर 33 पर सुना। उसके बाद विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया। सांसद रविन्दर कुशवाहा ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम से हम सभी को बहुत कुछ जानने और समझने का अवसर मिलता है। यह काफी प्रेरणादायक कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी देश की विभिन्न विषयों पर सीधे जनता से अपने मन की बात कहते हैं, जिससे जनता का उनके प्रति लगाव और बढ़ता है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा सांसद ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। प्रत्येक ग्राम पंचायतो में यह यात्रा पहुंचेगी। प्रधानमंत्री के



सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास व सबका प्रयास का जिक्र करते हुए कहा कि सबके प्रयास से सभी का विकास हो। कार्यक्रम प्रभारी अशोक पाण्डेय ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा सलेमपुर विधानसभा के सभी गांवों में जायेगा। कार्यक्रम के सहसंयोजक बलबीर सिंह दादा ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य वंचितों, गरीबों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास है। उक्त अवसर पर जयनाथ कुशवाहा गुड्डन, अम्बिकेश पाण्डेय, कन्हैया लाल जायसवाल, अजय दूबे वत्स, बृजेश कुशवाहा, अनिल ठाकुर, अमरदत्त यादव, नवनाथ पाण्डेय, रविशंकर मिश्र, आशिक खान, रवि कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ देवरिया नगर का पथ संचलन

**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक देवरिया नगर का पथ संचलन दोपहर एक बजे आईटीआई केंद्रीय विद्यालय, नर्वदेशर सिंह वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर, देवरिया खास, बाबा राघव दस इंटरमीडिएट कॉलेज और देवरही मंदिर देवरिया इन चारों स्थान से संयमित और अनुशासित घोष के साथ सभी को मंत्रमुग्ध किया। कई जगहों पर स्वयंसेवकों पर लोगों ने पुष्पवर्षा की। पथ संचलन करते हुए चारों स्थानों के स्वंसेवक जीआईसी देवरिया के प्रांगण में पहुंचा। जीआईसी के प्रांगण में मोहन द्वारा स्वयं सेवकों का यही एक सपना, बने कार्यकर्ता बड़े देश अपना गीत गाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रांत प्रचारक सुभाष ने कहा की की 1925 में डॉ हेडगेवार ने जिस स्वप्न को प्रकल्पित कर संघ की स्थापना की थी आज साकार सी प्रतीत हो रही है। आज वामपंथी विचारधाराओं को भारत में



जगह नहीं रह गई। हमारी शक्ति का आधार राष्ट्रभक्ति है। हमारा स्वयंसेवक सारा भेद छोड़कर सभी को गले लगाकर समरसता में विश्वास रखकर सभी हिंदू भाई को राष्ट्र की शशक्त बनाने के लिए कृत संकल्पित है।हैं वसुधैव कुटुंबकम् में विश्वास करते हैं। उन्होंने अपाला, गार्गी, मैत्री, लक्ष्मीबाई आदि मातृशक्ति के योगदान के बारे में स्वयंसेवकों को बताया। देश के भामाशाह, पृथ्वीराज, चंदवरदाई, सुभाष चंद्र बोस, भामाशाह, छत्रशाल आदि महानतम व्यक्तित्व की राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता एवम समर्पण के कई उदाहरण दिए उन्होंने देश के हर गांव,मंडल व बस्ती में इस वर्ष शाखा को ले जाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विभाग प्रचारक सुशील, मधुसूदन, नमो नारायण, राजेश मिश्र डीजीसी, भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, राधारमण, राधेश्याम शुक्ल, अविनाश, अजय शाही, मारकंडे शाही, अजय दुबे, अमित दुबे, रमेश वर्मा, गोविंद चौरसिया, जितेंद्र सिंह, संजय पांडे , विजय पटेल, अंकुर राय, नित्यानंद पांडे, प्रमोद शाही, दीपेंद्र, पुष्पराज, दिनेश, अंकुर, नितेश, सौरभ, रविशंकर, आदित्य विक्रम, मुन्नीलाल, मुकुंद आदि लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्र के विकास में मातृशक्ति की महत्वपूर्ण भूमिकाः चूड़ासमा

**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज प्रेक्षागृह में रविवार को मातृशक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पालक महिला समन्वय काशी एवं कानपुर प्रांत रेखा चूड़ासमा ने कहा कि मातृशक्ति का परिवार के लिए, समाज के लिए राष्ट्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका है उन्हें बच्चों को संस्कार देने से लेकर के राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी पड़ती है उन्होंने मातृशक्ति को स्वस्थ रहने की एवं स्वावलंबी बनने की प्रेरणा दी।

मातृशक्ति सम्मेलन में बीना कनौजिया जी द्वारा भारतीय चिंतन विषय पर संबोधन किया। उन्होंने नारी के महत्व को बताते हुए कहा की नारी महत्वपूर्ण है। नारी नर की जननी है।



नारी एक वट वृक्ष के समान है। नारी और संस्कृति एक सिक्के के दो पहलू हैं। मातृशक्ति सम्मेलन में हस्तकला प्रदर्शनी के लिए सुमन, आयुर्वेद उत्पादन के लिए मालती दीक्षित, श्रीअन्न के लिए अर्चना, बेकरी स्टाल के लिए कनक अग्रवाल, जैविक खाद के लिए श्रद्धा गुप्ता, स्वदेशी उत्पाद के लिए मालती दीक्षित और कुंती देवी जिन्होंने मजदूरी करके अपने बेटे को नीट की परीक्षा पास कराकर डाक्टर बनाया, आदि मातृशक्तियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि के अलावा डा. प्रियंका श्रीवास्तव, सह संयोजिका महिला समन्वय, बीना कनौजिया प्रधानाचार्या वरिष्ठ समाज सेविका कानपुर प्रांत, सरिता विभाग संयोजिका, अमिता सिंह जिला संयोजिका द्वारा भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया। मुख्य अतिथि रेखा को संगीता, लक्ष्मी द्वारा बीना कनौजिया को आराधना राजपूत एवं ज्योत्सना द्वारा, प्रियंका श्रीवास्तव को जया पुरवार एवं रीता द्वारा, सरिता को ज्योति और उर्मिला द्वारा श्यामा कोल को अमिता सिंह द्वारा अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज की छात्राओं द्वारा मातृशक्ति स्वागत गीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सरस्वती बालिका विद्या मंदिर की छात्रा आकृति द्वारा राम स्तुति एवं नीति पटेरिया द्वारा पर्यावरण सुरक्षा नृत्य नाटिका प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम में बांदा, महोबा, चित्रकूट, हमीरपुर की शिक्षिकाएं एवं माताएं बहने उपस्थित रहीं।

## खेत की रखवाली कर रहे युवक की गोली मारकर हत्या

**अवधनामा संवाददाता**

**बबेरू।** कोतवाली क्षेत्र के भदेहदू गांव में धान की रखवाली कर रहे युवक की शनिवार की देर रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक खेत में ही परिवार सहित सो रहा था। खबर पाकर एएसपी लक्ष्मी निवास मिश्र फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। जांच पड़ताल के बाद शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। पुलिस ने गांव के एक युवक को हिरासत में ले लिया है।

भदेहदू गांव के मजरा मवई पुरवा निवासी जितेंद्र कुमार (25) पुत्र राजकरण बटाई का खेत लेकर परिवार का गुजर बसर करता था। शनिवार रात वह धान के फसल की रखवाली करने के लिए अपनी मां चंपा देवी, पत्नी गायत्री व भाई रोहित कुमार के साथ खेत पर ही सो रहे था। सोते समय गोली मारकर जितेंद्र की हत्या कर दी गई। फायर की आवाज सुनकर बगल में लेटे रोहित हड़बड़ा कर जागा तो कुछ लोग दूसरे खेतों की तरफ भागते नजर आए। मां और पत्नी भी रोने चिल्लाने लगी। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई तो कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई। डाग स्क्वायड फील्ड यूनिट की टीम के द्वारा जांच पड़ताल की गई। एएसपी लक्ष्मी निवास मिश्र, सीओ सिटी अंबुजा त्रिवेदी, सीओ गवेन्द्र सिंह पाल घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना कर परिजनों से पूछतांछ की। मृतक के पिता राजकरण ने गांव के ही राममिलन के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। बताया कि एक दिन पहले ही दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। इस घटना को ध्यान में रखते हुए कोतवाली पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटनास्थल पर बबेरू कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## राज्य मंत्री ने देव दीपावली स्थल का किया निरीक्षण व्यवस्था देख हुए प्रसन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/ चोपन।** रविवार को सुबह राज्य मंत्री संजीव सिंह गोंड़ ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सोनेश्वर महादेव घाट पर मोदी जी के मन की कार्यक्रम में सम्मिलित होने के पश्चात सोमवार को होने वाले देव दीपावली आयोजन की तैयारियों का पुरे घाट पर भ्रमण कर जायजा लिया जहां मौके पर मौजूद चेयरमैन उस्मान अली एवं सोन सेवा समिति के अध्यक्ष संजीव तिवारी से कार्यक्रम को लेकर चर्चा किये उन्होंने कहा कि चोपन सोननदी के तट पर स्थित सोनेश्वर महादेव घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो इसके लिए दिशा निर्देश भी दिए। बताते चलें कि देव दीपावली के पावन अवसर पर चोपन स्थित सोन नदी के तट पर अवस्थित सोमेश्वर महादेव घाट पर देव दीपावली को लेकर भव्य तैयारियां की गई हैं। जहां रविवार को सोनेश्वर महादेव का पूजन अर्चन कर सिंगार किया गया उसके पश्चात 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन हरे राम-हरे राम, राम-राम हरे-हरे, हरे-कृष्णा हरे-कृष्णा, कृष्णा-कृष्णा हरे-हरे का आयोजन किया गया। जिसका समापन सोमवार को सुबह 11 बजे होगा। उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## रामकथा में लंका दहन लीला का व्याख्यान

**अवधनामा संवाददाता**

**तिंदवारी।** कस्बे के श्री संकट मोचन आश्रम में प्रतिवर्ष की भांति महंत रामानंददास महाराज की प्रेरणा से तथा स्वामी उद्धव दास महाराज के

**तिंदवारी में संगीतमय श्रीरामकथा का हो रहा आयोजन**

सानिध्य में आयोजित संगीतमय राम कथा एवं संत सम्मेलन के पांचवे दिन रसिक श्रद्धालुजन उमड़ पड़े। रविवार को सीमा देवी रामायणी ने राम कथा पर प्रवचन करते हुए लंका दहन लीला का जीवंत वर्णन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

उन्होंने कहा कि हनुमान जी द्वारा अशोक वाटिका उजाड़ने की खबर सुनकर लंकापति रावण के द्वारा हनुमान जी का वध करने हेतु भेजे गए योद्धाओं को हनुमान जी ने मार डाला और कुछ को घायल कर दिया। यह सब सुनकर रावण क्रोधित हो उठा और अपने पुत्र अक्षय कुमार को भेजा लेकिन हनुमान जी ने अक्षय कुमार को



भी नहीं छोड़ा और उसका वध कर दिया।

रावण अपने पुत्र के वध की सूचना पाकर और अधिक क्रोधित हो उठा और अपने दूसरे पुत्र इंद्रजीत को भेज कर हनुमान जी को जिंदा पकड़ कर सभा में लाने का आदेश दिया। वहां हनुमान जी और इंद्रजीत में घोर युद्ध हुआ लेकिन जब इंद्रजीत कुछ नहीं कर पाया और एक बार स्वयं बेहोश हो गया तो ब्रह्मस्त्र के माध्यम से हनुमान जी को नागपाश में बांधकर सभा में ले गया। रावण के आज्ञा पाकर हनुमान जी की पूंछ पर कपड़ा लपेटा जाने लगा लेकिन जितना कपड़ा लपेटते उतनी पूछ और भी बढ़ती जाती और अंत में हनुमान जी की पूंछ पर राज्य का सारा तेल और कपड़ा लग गया। हनुमान जी ने पूंछ में आग लगते ही एक महल से दूसरे महल कूदते हुए पूरी लंका में आग लगा दी। पूरा नगर राख हो गया फिर उन्होंने समुद्र में कूद कर अपनी पूछ की आग बुझाई। इस अवसर पर चंद्रशेखर रामायणी, जगदीश त्रिवेदी रामायणी, रेखा रामायणी,सत्यनारायण मुरारी महाराज, भाजपा नेता आनंद स्वरूप द्विवेदी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अवधेश सिंह, आसाराम गुप्ता, अमन गुप्ता, भगवान दास, दीपू सोनी, संजय गुप्ता, भैया लाल यादव, प्रमोद सरदार, मोहन विश्वकर्मा, शिवम द्विवेदी, गोविंद तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रोताजन उपस्थित रहे।

## चार अंतर्राज्यीय वाहन चोर पकड़े गये

**अवधनामा संवाददाता**

**सहारनपुर।** देवबंद पुलिस ने मुठभेड़ के बाद अंतर्राज्यीय वाहन गिरोह के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की 17 बाईकों समेत अवैध अस्लाह बरामद किया है। एसएसपी ने पुलिस टीम को 25 हजार रूपए पुरस्कार देने की घोषणा की है। पुलिस लाईन के सभागार में पत्रकारों के समक्ष वाहन चोरों का खुलासा करते हुए एसएसपी डॉ.विपिन ताडा ने बताया कि देवबंद पुलिस ने खेड़ा मुगल क्षेत्र में ताबड़तोड़ छापेमारी करते हुए अंतर्राज्यीय गिरोह के चार बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 17 बाईकें बरामद की है। आरोपी गैंग के सदस्य अपने साथ भारी मात्रा में अवैध हथियार भी रखते थे, जिनके सहारे वह आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध असलहा भी बरामद किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए गिरोह के सदस्य तेज तर्रार बदमाश है।

## संविधान दिवस के अवसर पर शपथ दिलायी

**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** संविधान दिवस के अवसर पर जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवेन्द्र सिंह द्वारा समस्त सम्मानित न्यायाधीशगण, न्यायालय कर्मचारी एवं सुरक्षाकर्मियों को राष्ट्र की एकता, अखण्डता एवं प्रभुता को बनाये रखने हतु शपथ दिलाया गया। उन्होंने बताया कि आज ही के दिन 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान सभा की तरफ से इसे अपनाया गया, और 26 नवंबर 1950 को इसे लोकतांत्रिक सरकार प्रणाली के साथ पूर्ण रूप से लागू किया गया।

उन्होंने कहा कि संविधान भारत को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक तथा समाजवादी गणराज्य घोषित करता हैं तथा सभी नागरिकों को न्याय, स्वतंत्रता तथा समानता का अवसर प्रदान करता है। संविधान की यह भावना, हमारे देश की मूल भावना है, जो दुनिया में लोकतंत्र की जननी रहा है। उन्होंने कहा कि हम सब का विधिक दायित्व



है कि संविधान के आत्मा के विपरीत कोई कार्य न करें।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करतें हुये वहॉ उपस्थित समस्त कर्मचारियों एवं सुरक्षाकर्मियों को संविधान के बारें में जानकारियॉ देते हुये संविधान के उद्देश्य एवं मौलिक अधिकारों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि डॉ0 भीमराव अंबेडकर जिनके अध्यक्षता में 02 वर्ष 11 माह 18 दिन में 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान पूर्ण रूप से बनकर तैयार हुआ। तथा जिसे संविधान सभा द्वारा अंगीकृत किया गया। सन 2015 में डॉ0 भीमराव अंबेडकर के 125वी जयंती के उपलक्ष्य में विधि दिवस को डॉ0 भीमराव अंबेडकर के संविधान बनाने में दिये गये योगदान को याद करने तथा संविधान में दी गयी व्यवस्था का अनुपालन करने हेतु संविधान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय भारत संघ के सरकार द्वारा किया गया। इसके अनुक्रम में प्रत्येक वर्ष 26 नवम्बर को सविधान दिवस का आयोजन किया जाता हैं, अन्त में राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम इन्दिरा सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश छाया नैन, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश पटेल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजू कुमारी, तथा अन्य न्यायिक अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहें।

## एनसीसी स्थापना दिवस मना मतदाता जागरूकता रैली निकाली

**अवधनामा संवाददाता**

**सहारनपुर।** यूपी डायक्ट्रेट, मेरठ ग्रुप की 83 यूपी बटालियन के कमान अधिकारी और कैंप कमांडेंट कर्नल नवेंद्र सिंह मान सेना मेडल, एडम ऑफिसर डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल चंचल सिंह कपकोटी के निर्देशन में चल रहे एनसीसी के कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप 266 में आज प्रातः पीटी परेड से दिन को शुरुआत किया। सूबेदार मेजर सारदूल सिंह ने बताया की कैंप में फौजी प्रशिक्षण के साथ-साथ सामाजिक सुधार व सामाजिक बुराईयों को दूर करने के लिए रैली आयोजित की, जिसमें आज कैडेट्स ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत मिशन कंपाउंड क्षेत्र में एक बड़ी रेली का आयोजन किया। साथ ही एनसीसी स्थापना दिवस मनाया तथा मतदाता जागरूकता रैली का भी आयोजन किया। कैंप में आज ड्रिल कंपटीशन का आयोजन किया गया।

## भाजपा सरकार में हो रहा देश का विकासः विजयलक्ष्मी गौतम



**सलेमपुर अवधनामा संवाददाता।** सलेमपुर के ग्राम पंचायत दोघडा में विकसित भारत संकल्प यात्रा''का आयोजन किया गया। राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी जबसे इस देश की प्रतिनिधित्व कर रहे है। तबसे लगातार जनकल्याणकारी योजनाए लोगो तक पहुँच रही है। बिना किसी जन भागीदारी के हम किसी भी लोककल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं कर सकते हैं।ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी जी एवम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का संकल्प है कि जब हम अपनी आजादी के 100 वर्ष मनाएंगे, तब हमारा देश एक विकसित भारत के रूप में खड़ा होगा। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' का उद्देश्य है कि गांव व शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले हर पात्र व्यक्तियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़ा जाये, जो व्यक्ति योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं, उनके जीवन स्तर में किस तरह का सुधार हुआ। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह संकल्प लिया है कि 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री जी एवम मुख्यमंत्री जी भारत को विकासशील नहीं, बल्कि भारत को विकसित देश बनाकर एक विकसित राष्ट्र के रूप में बनाना चाहते हैं। राज्यमंत्री ने कार्यक्रम में लगे स्टालो का निरीक्षण किया।

## कोका-कोला ने ओएनडीसी नेटवर्क से जुड़कर अपनी डिजिटल मौजूदगी बढ़ाई

# अपने रिटेल पार्टनर्स के लिये कोक शॉप का अनावरण किया

**नई दिल्ली।** कोका-कोला इंडिया ने ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) में शामिल होने की घोषणा की है। इस शुरुआती सहयोग को सेलरऐप से सहयोग मिल रहा है, जिससे कोका-कोला को ओएनडीसी नेटवर्क की डेटा पर आधारित जानकारियों, बाजार की समझ और रणनीतियों का फायदा उठाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, कोका-कोला ने सिर्फ ओएनडीसी प्लेटफॉर्म पर अपना खुद का मार्केटप्लेस 'कोक शॉप' भी लॉन्च किया है। यह अभिनव मार्केटप्लेस कोका-कोला के उत्पादों के साथ उपभोक्ताओं के जुड़ने का तरीका बदलेगा और देशभर के रिटेलर्स को मजबूत बनाएगा।

**पहल**

**ओएनडीसी नेटवर्क भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एण्ड इंटरनल ट्रेड (डीपीआईआईटी) की पहल है।**

ओएनडीसी नेटवर्क भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एण्ड इंटरनल ट्रेड (डीपीआईआईटी) की पहल है। इस नेटवर्क से जुड़कर कोका-कोला इंडिया डिजिटल कॉमर्स के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ताओं तक पहुंच सकता है। इससे कोका कोला के उत्पादों की उपलब्धता बढ़ेगी।

इस शानदार अनुभव को आसान बनाने के लिये, टेक्नोलॉजी इनेबलर, सेलरऐप ऑर्डर प्रबंधन और माल पर निगरानी रखने का काम करेगा और ओएनडीसी के ऑर्डर्स की आसानी से पहचान करेगा। सेलरऐप के डेटा से संचालित नजरिये की मदद से, कोका-कोला के विक्रेता अपने-अपने मार्केट सेगमेंट में विभिन्न ट्रेंड्ज़, पैटर्न्स और अवसरों की पहचान कर सकते हैं। ऐसा करने से उन्हें तुरंत और प्रभावी तरीके से अपनी रणनीतियों को दुरुस्त करने में मदद मिलेगी।

'कोक शॉप' मार्केटप्लेस मॉडल के माध्यम से, कोका-कोला रिटेलर्स को फायदा पहुंचाएगा। इसके लिए उन्हें उनके उत्पादों को बेचने के लिए एक और चैनल मुहैया कराया जा रहा है, साथ ही उपभोक्ताओं को खरीदारी के लिये कई टचपॉइंट्स लाए गए हैं। बड़े ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स तक पहुँचने में असमर्थ रहे रिटेलर्स को अब ग्राहकों को दोबारा पाने और ज्यादा लोगों की सेवा करने का मौका मिलेगा।

इस मॉडल को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए, कोका-कोला ने एनस्टोर टेक्नोलॉजीज के साथ भागीदारी की है, जोकि 'टेक्नोलॉजी कैटलिस्ट' की भूमिका निभायेगा। वे रिटेलर्स को अपनी डिजिटल तरक्की करने के लिए एक रणनीति बनाने में मदद करेंगे। रिटेलर्स के लिये डिजिटल ऑर्डर-टू-डिलीवर और कस्टमर एंगेजमेंट सॉल्यूशंस को एक साथ जोड़ने पर ध्यान दिया जाएगा।

इस मौके पर बात करते हुए, ओएनडीसी के एमडी एवं सीईओ टी. कोशी ने कहा, ''बदलाव लाने वाले इस सफर में हम कोका-कोला को अपने नेटवर्क पर शामिल होते देखकर खुश हैं। इससे ग्राहकों को खरीदारी का बेजोड़ अनुभव मिलेगा और नेटवर्क पर विकल्पों की संख्या बढ़ेगी। ओएनडीसी में हम स्थानीय रिटेलर्स को मजबूत करना चाहते हैं, हम डिजिटल विजिबिलिटी बनाने में उनकी मदद करेंगे और उनके बिजनेस को बढ़ाएंगे। हमें उम्मीद है कि इस नेटवर्क पर सभी व्यवसाय और खरीदार भागीदारी करेंगे।÷

कोका-कोला इंडिया एण्ड साउथवेस्ट एशिया में डिजिटल एक्सीलरेशन ऑफिस के वाइस प्रेसिडेंट अम्बुज देव सिंह ने कहा, ''ओएनडीसी ने ई-कॉमर्स के परिदृश्य को सचमुच लोकतांत्रिक बनाया है। यह विक्रेताओं को डिजिटल बाजारों तक ज्यादा पहुँच देकर सशक्त बनाने का काम कर रहा है। हम इस सफर का हिस्सा बनकर खुश हैं, जिसमें ऑनलाइन मार्केटप्लेस के बदलाव पर ध्यान दिया जा रहा है। मार्केटप्लेस पर सभी को शामिल करने और ग्राहकों पर सबसे अधिक ध्यान देने की कोशिश की जा रही है। हम ओएनडीसी के साथ अपने सहयोग को जारी रखने के लिए तत्पर हैं।''

कोका-कोला इन इंडिया की बॉटलिंग पार्टनर मून बेवरेजेस लिमिटेड ओएनडीसी पर कोका-कोला की पेशकशों के लिये 'नेटवर्क पार्टिसिपेंट' होगी।

## संक्रमण के खिलाफ कैसे जीतें जंग: डॉ. अनिर्वाण चटर्जी, माइक्रोकॉन 2023

**लखनऊ।** माइक्रोबायोलॉजी और संक्रामक बीमारियों को लेकर एक प्रमुख राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस, माइक्रोकॉन 2023 का लखनऊ में आयोजन हुआ। 23 नवंबर से 26 नवंबर 2023 तक आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में जाने-माने अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय विशेषज्ञों ने शिरकत की। यह कार्यक्रम इस क्षेत्र में अत्याधुनिक विकास का हब साबित हुआ जिसने देश में संक्रामक बीमारियों के बढ़ते मामलों पर चर्चा करने का एक मंच प्रदान किया। इस मौके पर, आईआईटी-बॉम्बे में इनक्यूबेट किए गए जीनोमिक्स पर आधारित डायग्नॉस्टिक समाधानों में अग्रणी हेस्टैकएनालिटिक्स के को-फाउंडर एवं सीईओ, डॉ. अनिर्वाण चटर्जी ने लोगों को संबोधित किया। उन्होंने क्लिनिकल प्रैक्टिस में होल जीनोम सीक्वेंसिंग के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए एक व्यापक खोज की पेशकश की। उनके सत्र में वहां उपस्थित लोगों को संक्रामक रोगों के संदर्भ में सीक्वेंसिंग तकनीक के इस्तेमाल से जुड़े अवसरों और चुनौतियों के बारे में गहराई से जानने का मौका मिला। डॉ. चटर्जी कहते हैं, हाल के वर्षों में, जीनोमिक सीक्वेंसिंग के आने से संक्रामक रोगों की जांच के क्षेत्र में काफी बदलाव देखने को मिला है। इस दमदार तरीके से रोगजनकों की आनुवंशिक जानकारी को डिकोड करने में काफी मदद मिली है। इसने संक्रामक रोगों की समझ, जांच और उपचार को लेकर नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। हालांकि, बाकी अन्य तकनीकी नवचारों की तरह ही, जीनोमिक सीक्वेंसिंग के अपने फायदे और मुश्किलें हैं। सटीकता और परिशुद्धता, समय पर बीमारी का पता चलना, त्वरित बदलाव, दवा प्रतिरोधता की पहचान और महामारी विज्ञान की निगरानी और वैक्सीन का निर्माण प्रमुख विशेषज्ञों के रूप में मौजूद हैं। वहीं दूसरी तरफ, कीमत, संसाधन की सघनता, पर्याप्त बुनियादी ढांचा, जैव सूचना विज्ञान की जटिलताएं, नैतिक तथा गोपनीयता संबंधी चिंताएं और विकासशील क्षेत्रों में सीमित उपलब्धता, सीक्वेंसिंग को एक जांच टूल के रूप में पेश करने की न्यूनता की तरफ इशारा करती है। इसमें कोई शक नहीं कि जीनोमिक्स सीक्वेंसिंग संक्रामक रोगों की जांच के क्षेत्र में बहुत बड़ा बदलाव लेकर आई है, इसके बावजूद जैसे-जैसे तकनीकी विकास होता है इसकी पूर्ण क्षमता को जानना और दुनिया भर में इसकी पहुंच को सुनिश्चित करना सबसे जरूरी होगा।'' इस तरह के कार्यक्रमों के महत्व के बारे में अपने विचार रखते हुए डॉ. चटर्जी ने कहा, माइक्रोकॉन 2023, इस क्षेत्र में विशेषज्ञों के साथ जुड़ने और ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य कर रहा है।

## सन आई हॉस्पिटल ने यूपी के पहले कंटूरा लेसिक सर्जरी वाले आई हॉस्पिटल का किया शुभारंभ



**लखनऊ।** लखनऊ के गोमती नगर में आलमबाग के बाद सन आई हॉस्पिटल की दूसरी ब्रांच

लखनऊ राजधानी और आसपास के क्षेत्रों के नेत्र रोगों के इलाज में अग्रणी सन आई हॉस्पिटल, लखनऊ के गोमती नगर में अपनी दूसरी ब्रांच का शुभारंभ किया है। सन आई हॉस्पिटल की नई ब्रांच सम्मिट बिल्डिंग के सामने स्थित है। सन आई हॉस्पिटल का नया ब्रांच कंटूरा लेसिक सर्जरी की सुविधा वाला यूपी का पहला आई हॉस्पिटल है। कंटूरा लेसिक सर्जरी में पारंपरिक लेसिक और अन्य दृष्टि सुधार विधियों की तुलना में बेहतर दृश्य परिणाम प्राप्त होते हैं।

सन आई हॉस्पिटल की स्थापना 2002 में डॉ. सुधीर श्रीवास्तव ने की थी। अपनी स्थापना के साथ ही यह अस्पताल आंखों के इलाज में अग्रणी बना है। अस्पताल में विभिन्न प्रकार के आंखों के इलाज, जैसे कि मोतियाबिंद, रतौंधी, ग्लूकोमा, आई हर्पिज, आंखों के ट्यूमर, डायबिटीज से संबंधित रेटिनोपैथी व लेसिक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है। नई ब्रांच में भी सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। अस्पताल में 14 अनुभवी नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर्स उपलब्ध हैं। साथ ही अस्पताल में अत्याधुनिक उपकरणों से लैस ऑपरेशन थिएटर भी हैं।

नई ब्रांच के बारे में बताते हुए डॉ. सुधीर श्रीवास्तव ने कहा, हम अपनी नई ब्रांच के साथ लखनऊ के लोगों को अत्याधुनिक मेडिकल टेक्नोलॉजी के साथ बेहतर आंखों का इलाज प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर हैं। हम अपने मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए हमने अपने नए ब्रांच में कंटूरा लेसिक सर्जरी की सुविधा भी शुरू की है। यह सुविधा यूपी में पहली बार किसी आई हॉस्पिटल में उपलब्ध हुई है।

## लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एण्ड कॉलेजेज में कोलोसियम 2023 का सफल आयोजन संपन्न



**लखनऊ।** लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एण्ड कॉलेजेज द्वारा आयोजित 6वीं इंटर स्कूल स्टेट एथेलेटिक चैंपियनशिप, कोलोसियम-2023 की ट्राफी सीतापुर के विद्याज्ञान स्कूल के नाम रही। जिन्होंने 222 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कोलोसियम के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अर्जुन अवार्डी रचना गोविल, शैलेन्द्र प्रताप सिंह (एथेलेटिक्स कोच, गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज), लक्ष्मण अवार्डी हिमांशु तिवारी, जबलपुर से पधारे कानून विद विवेक रंजन, वीना पाण्डेय, आर्किटेक्ट अनुपमा अग्रहरी, डॉ प्रभा सिंह, डॉ आकांक्षा दीक्षित, प्रधानाचार्या नीलम सिंह, भारती गोसाईं, सुनंदा माथुर, मीना तिवारी, कहकशां अरबी, विजय सचदेवा, के.के.शर्मा, अनीता चौधरी, कंचन पाण्डेय, परीक्षा नियंत्रक योगेश कुमार गुप्ता व वाईस प्रिंसिपल अमित त्रिवेदी उपस्थित रहे। 175 अंक पाकर सेंट जोसफ कान्वेंट स्कूल, वाराणसी द्वितीय स्थान एवं 114 अंक पाकर एल पी सी , विनम्र खंड, गोमती नगर तृतीय स्थान पर रहा।

## एमज़ॉन मिनीटीवी ने रच दिया है इतिहास

**मुंबई।** एमज़ॉन की निःशुल्क वीडियो स्ट्रीमिंग सर्विस, एमज़ॉन मिनीटीवी के बेसब्री से इंतज़ार की जाने वाली स्पोर्ट्स ड्रामा सीरीज़, स्लम गोल्फ ने चेंबूर, जहाँ %स्लम गोल्फ% के सिलसिले की शुरूआत हुई थी और जिसके बारे में अंतरराष्ट्रीय सर्किट में भी बाज़ार गर्म था, उसके बीचो-बीच 35000 वर्गफुट के पोस्टर लगाकर दर्शकों के बीच एक बहुत बड़ी हलचल पैदा कर रही है। सच्ची कहानियों से प्रेरित, स्लम गोल्फ में शरद केलकर, मयूर मोरे और अर्जन औजला अहम क़िरदारों में हैं।

पोस्टर पेश करने के इस अनूठे तरीके के साथ, अपनी ज़िंदगी में बड़े-बड़े सपने देखने और उन सपनों को पूरा करने के जुनून पर बने इस दिलक़श ड्रामा के लॉन्च के मौके पर झुग्गीयों के एक बड़े से हिस्से का इस्तेमाल किया गया था। ऐसा किसी भी ओ.टी.टी. प्लेटफॉर्म द्वारा पहली बार किया गया है, एमज़ॉन मिनीटीवी ने झुग्गी-झोपड़ी में अब तक की इस सबसे बड़ी




ब्रांडिंग के साथ एक इतिहास रच दिया है। स्लम गोल्फ दर्शकों के बीच बेसब्री पैदा कर रहा है और एक नई सोच के साथ दर्शकों के दिलों पर अपना असर छोड़ रहा है। यह सीरीज़ एक युवा जुनूनी लड़के पवन के सफ़र पर आधारित है जो एक प्रो-गोल्फर बनना चाहता है, जबकि वह पास की झुग्गियों का रहने वाला है और उसके पास अपने सपनों को पूरा करने का कोई साधन नहीं है, यह सीरीज़ ख़ास तौर पर एमज़ॉन मिनीटीवी पर निःशुल्क स्ट्रीम की जा रही है।

टेम्पल बेल्स फिल्म्स द्वारा निर्मित और सुजय डहाके द्वारा निर्देशित, स्लम गोल्फ ख़ास तौर पर एमज़ॉन मिनीटीवी पर स्ट्रीम हो रहा है। आप एमज़ॉन मिनीटीवी को प्लेस्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं या इसे एमज़ॉन शॉपिंग ऐप या फायर टी.वी. पर देख सकते हैं।

## मार्च से शेयरों का खरीद-बिक्री के दिन ही निपटान, सेबी चेयरपर्सन ने कहा- पूरी तरह से वैकल्पिक होगी नई प्रणाली

**मुंबई।** बोर्ड बैठक के बाद सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने बताया कि हम मार्च 2024 के अंत तक शेयरों की खरीद-बिक्री में टी प्लस जीरो (टी+0) निपटान नियम लागू करने की योजना बना रहे हैं। टी+0 का मतलब शेयरों का खरीद और बिक्री वाले दिन ही निपटान करना है। इसके 12 महीने बाद टी प्लस यानी तत्काल निपटान की व्यवस्था लागू की जाएगी।

पूंजी बाजार नियामक सेबी अगले वर्ष मार्च से शेयरों की खरीद और बिक्री वाले दिन ही निपटान प्रणाली पेश करने की योजना बना रहा है। इसके बाद तुरंत निपटान प्रणाली लागू की जाएगी। नियामक पहले ही शेयर निपटान की अवधि को घटाकर टी+1 (खरीद-बिक्री के अगले दिन निपटान) कर चुका है। बोर्ड बैठक के बाद सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने बताया कि हम मार्च 2024 के अंत तक शेयरों की खरीद-बिक्री में टी प्लस जीरो (टी+0) निपटान नियम लागू करने की योजना बना रहे हैं।

टी+0 का मतलब शेयरों का खरीद और बिक्री वाले दिन ही



निपटान करना है। इसके 12 महीने बाद टी प्लस यानी तत्काल निपटान की व्यवस्था लागू की जाएगी। बुच के अनुसार, बाजार से जुड़े लोगों का मानना है कि टी+1 से सीधे तत्काल निपटान व्यवस्था पर जाना ज्यादा बेहतर होगा। टी+0 से कोई फायदा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सेबी तत्काल निपटान को लेकर दिए गए सुझावों पर भी विचार के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि नए निपटान नियम मौजूदा नियमों के समानांतर होंगे और पूरी तरह से वैकल्पिक होंगे। नए नियम चुनिंदा बड़े उत्पादों के लिए उपलब्ध होंगे और उसमें भी चयन करना वैकल्पिक होगा। सेबी ने इसी वर्ष जनवरी में टी+1 व्यवस्था लागू की थी। इससे पहले टी+2 निपटान व्यवस्था लागू थी। एक सवाल के जवाब पर पुरी ने कहा कि सेबी निश्चित रूप से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आइपीओ) के अत्यधिक मूल्यांकन के मुद्दे पर विचार करेगा। इस सप्ताह पांच कंपनियों के आइपीओ में रिकार्ड 2.6 लाख रुपये के आवेदन मिले हैं।

बोर्ड बैठक में सूचकांक प्रदाताओं के लिए नियामकीय फ्रेमवर्क तैयार करने का फैसला हुआ है। साथ ही नाट फार प्रोफिट आर्गेनाइजेशंस (एनपीओ) को सोशल स्टाक एक्सचेंज के जरिये पैसा जुटाने में आसानी के लिए नियमों में ढील दी गई है।

**सेबी ने क्या कहा?**

सेबी ने कहा कि एनपीओ की ओर से जुटाई जाने वाली न्यूनतम राशि को एक करोड़ से घटाकर 50 लाख कर दिया गया है। छोटी और मध्यम अवधि के रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स (एसएम-रीट्स) के लिए भी नए नियम बनाए गए हैं। इसका उद्देश्य वैकल्पिक निवेश फंड (एआइएफ) में निवेश करने वालों के हितों की रक्षा करना है। सभी एआइएफ के लिए कस्टोडियन की नियुक्ति को अनिवार्य बनाया है। सितंबर 2024 से एआइएफ में निवेश भी डीमैट से अनिवार्य किया गया है।

## हेल्थ इंश्योरेंस लेते समय पुरानी बीमारी छिपाना पड़ सकता है भारी

**नई दिल्ली।** हेल्थ इंश्योरेंस उत्पाद की खरीदारी के दौरान शुगर व ब्लड प्रेशर (बीपी) जैसी अन्य पुरानी बीमारियों को छिपाना भारी पड़ सकता है। इस आधार पर इंश्योरेंस कंपनियां क्लेम को खारिज कर सकती है और प्रीमियम का पैसा जब्त कर इंश्योरेंस पॉलिसी भी रद कर सकती है।

पॉलिसी बाजार के हालिया सर्वे के मुताबिक हेल्थ इंश्योरेंस के जितने क्लेम खारिज होते हैं, उनमें 25 प्रतिशत का आधार पुरानी बीमारियों को छिपाना होता है।

वहीं 50 प्रतिशत क्लेम इंश्योरेंस उत्पाद की सीमित समझ की वजह से खारिज होते हैं। कंपनी ने यह खुलासा इस साल अप्रैल से सितंबर के बीच दो लाख क्लेम में से 30 हजार अस्वीकृत क्लेम के विश्लेषण के बाद किया है। जानकारों के मुताबिक हेल्थ इंश्योरेंस के उत्पादों को लेकर उपभोक्ताओं की समझ सीमित होती है और कई बार वह ऐसी गलती कर बैठते हैं जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ता है।

उदाहरण के लिए कई ऐसी बीमारी होती है जिनके क्लेम में वेटिंग पीरियड होता है। यह वेटिंग पीरियड एक माह, दो साल और चार साल तक का हो सकता है जो बीमारी पर निर्भर करता है। मान लीजिए अगर स्टोन की बीमारी का वेटिंग पीरियड दो साल का है तो इंश्योरेंस लेने के दो साल के बाद ही स्टोन के इलाज का क्लेम कंपनी देगी।

पॉलिसी बाजार के सर्वे में पाया गया कि 18 प्रतिशत से अधिक क्लेम वेटिंग पीरियड पूरा न होने की वजह से खारिज कर दिए जाते हैं। मतलब क्लेम वेटिंग पीरियड पूरा होने के पहले फाइल किया गया था।

सर्वे में पाया गया कि 25 प्रतिशत क्लेम इसलिए खारिज हुए क्योंकि वे कवरेज से बाहर के थे। कई बार इंश्योरेंस उत्पाद में डे केयर या ओपीडी कवरेज शामिल नहीं होता है, लेकिन उपभोक्ता उसका क्लेम भी कर देते हैं। इसलिए जरूरी है कि इंश्योरेंस खरीदने वाले कवरेज के दायरे को ठीक से समझ ले।

## एफपीआई ने रोकी बिकवाली, नवंबर में अब तक 378.2 करोड़ रुपये का किया निवेश



**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने शेयर बाजार में अपनी लगातार बिकवाली रोक दी और इस महीने अब तक 378.2 करोड़ रुपये का निवेश किया।हालांकि एफपीआई ने अक्टूबर में 24548 करोड़ रुपये और सितंबर में 14767 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। जानिए एफपीआई ने क्यों रोकी बिकवाली और अब तक इस कैलेंडर ईयर में कितना किया निवेश। पढ़िए क्या है पूरी खबर।

नवंबर महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने शेयर बाजार से जारी अपने बिकवाली को रोक दिया और 378 करोड़ रुपये का निवेश किया। यह निवेश अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में तेज गिरावट के कारण आया है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक एफपीआई ने अक्टूबर में 24,548 करोड़ रुपये और सितंबर में 14,767 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। हालांकि निकासी से पहले, एफपीआई मार्च से अगस्त तक इन छह महीनों में लगातार निवेश किया था और इस अवधि के दौरान 1.74 लाख करोड़ रुपये बाजार में डाले थे। इस कैलेंडर वर्ष में अब तक एफपीआई ने 96,340 करोड़ रुपये का निवेश किया है। यस सिक्योरिटीज इंडिया में इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज रिसर्च के रणनीतिकार हितेश जैन ने कहा, हमारा मानना है कि इमरजिंग मार्केट में जोखिम उठाने की क्षमता में सुधार और अमेरिका में जोखिम-मुक्त यील्ड में गिरावट एफपीआई प्रवाह को भारत की ओर आकर्षित करेगी। आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई ने इस महीने (24 नवंबर तक) भारतीय शेयरों में 378.2 करोड़ रुपये का निवेश किया है। विदेशी निवेशक इस महीने चार दिन खरीदार रहे और शुक्रवार को 2,625 करोड़ रुपये की बड़ी खरीदारी की। अक्टूबर के मध्य में अमेरिका में मुद्रास्फीति में उम्मीद से बेहतर गिरावट ने बाजार को यह मानने का विश्वास दिला दिया है कि फेड ने दरों में बढ़ोतरी कर दी है।

### 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में 4 कंपनियों का संयुक्त स्ष्टङ्कश्च बढ़कर हुआ 65,671.35 करोड़, रिलायंस इंडस्ट्रीज टॉप गेनर

**नई दिल्ली।** स्टॉक एक्सचेंज की शीर्ष 10 कंपनियों में से चार का संयुक्त बाजार मूल्य (एमकैप) पिछले सप्ताह बढ़कर 65671.35 करोड़ रुपये हो गया। इन चारों कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज का एमकैप सबसे ज्यादा बढ़ा है। जानिए और कौन-कौन से कंपनियों के एमकैप में हुई बढ़ोतरी और किन कंपनियों के एमकैप में हुई गिरावट। पढ़िए पूरा डेटा और क्या है पूरी खबर।

शेयर बाजार की 10 सबसे बड़ी कंपनियों में से चार कंपनियों का संयुक्त मार्केट वैल्यूएशन पिछले सप्ताह बढ़कर 65,671.35 करोड़ रुपये हो गया। इन चार कंपनियों में से सबसे अधिक एमकैप रिलायंस इंडस्ट्रीज का बढ़ा है।

**इन कंपनियों का बढ़ा एमकैप**

कुल 10 में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और भारती एयरटेल इन चार कंपनियों के एमकैप में बढ़ोतरी देखने को मिली है।

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक और बजाज फाइनेंस के एमकैप में गिरावट देखने को मिली है।

**किस कंपनी का कितना बढ़ा एमकैप?**

रिलायंस इंडस्ट्रीज का एमकैप सबसे अधिक 26,014.36 करोड़ रुपये बढ़कर 16,19,907.39 करोड़ रुपये रहा। एचडीएफसी बैंक का एमकैप 20,490.9 करोड़ रुपये बढ़कर 11,62,706.71 करोड़ रुपये हो गया।

## एंटोड फार्मा ने डॉ. मनोज गुप्ता के साथ मिलकर मिर्जापुर में आयोजित किया कॉक्लीयर इंप्लांट स्क्रीनिंग कैंप

**मिर्जापुर।** जाने-माने रिसर्च-बेस्ड फार्मास्युटिकल संगठन और ऑप्थेलमिक, ई.एन.टी. और डर्मेटोलॉजी क्षेत्र की दवाइयों में विशेषज्ञता के लिए मशहूर एंटोड फार्मास्युटिकल्स को यह बताते हुए गर्व का अनुभव हो रहा है कि कंपनी, प्रसिद्ध ई.एन.टी. स्पेशलिस्ट और सत्कृति ई.एन.टी. हॉस्पिटल और सत्कृति फाउंडेशन के चीफ ई.एन.टी. कंसल्टेंट और फाउंडर डायरेक्टर डॉ. मनोज कुमार गुप्ता, एमबीबीएस, एमएस (ई.एन.टी.) के नेतृत्व में की जा रही पहल के लिए उन्हें सहयोग देरही है। इस पहल के अंतर्गत आज चेतगंज स्थित प्लेवे स्कूल. मिर्जापुर में मुफ्त ई.एन.टी. जांच शिविर का आयोजन किया गया। एंटोड फार्मास्युटिकल्स के सीईओ श्री निखिल के. मसुरकर ने इस उद्देश्य के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता के बारे में बताया। उन्होंने कहा, हम यह समझते हैं कि किसी व्यक्ति में सुनने की क्षमता कम हो जाने से उस व्यक्ति और उसके परिवार पर क्या असर पड़ता है। हमने इस शिविर में सहयोग दिया और कॉक्लीयर इंप्लांटेशन के बारे में जागरूकता फैलाई। हमें उम्मीद है कि इस तरह हम लोगों को नई रोशनी दिखा रहे हैं, जिससे उन्हें संपूर्ण और अधिक समृद्ध जीवन का अवसर मिल रहा है। एंटोड फार्मा, हेल्थकेयर की दुनिया में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए समर्पित है और ऐसी कोशिशों से समाज के प्रति हमारे संकल्प का पता चलता है। सत्कृति हॉस्पिटल के चीफ ई.एन.टी. कंसल्टेंट और फाउंडर डायरेक्टर डॉ. मनोज कुमार गुप्ता, एमबीबीएस, एमएस (ई.एन.टी.) ने इस बारे में कहा, इस अभियान में एंटोड फार्मा का सहयोग मिलना हमारा सौभाग्य है। कॉक्लीयर इंप्लांटेशन, उन लोगों के लिए आशा की किरण है, जिनमें सुनने की क्षमता गंभीर रूप से कम हो चुकी है। इस तरह उन्हें जीवन बदल देने वाला एक माध्यम मिलता है, जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता में बहुत सुधार आ सकता है।

## एसएमई प्लेटफॉर्म से बीएसई के मेन बोर्ड में शामिल होने के लिए बीएसई ने जारी की नई गाइडलाइन

**नई दिल्ली।** बीएसई ने उन एसएमई के लिए कुछ दिशानिर्देश जारी किए हैं जो बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म को छोड़कर बीएसई मुख्य बोर्ड में शामिल होना चाहते हैं। मेन बोर्ड का मतलब बीएसई की एसएमई प्लेटफॉर्म को छोड़कर 100 या 300 कंपनियों की सूची में शामिल होना है। जानिए नियमों में क्या किए गए बदलाव और कब से लागू होगी नई गाइडलाइन। पढ़िए पूरी खबर।

वैसे स्मॉल और मीडियम इंटरप्राइजेज जो बीएसई की SME प्लेटफॉर्म से निकलकर बीएसई की मेनबोर्ड में शामिल होना चाहते हैं उन उद्यमों के लिए बीएसई ने कुछ गाइडलाइन जारी किया है। मेन बोर्ड का मतलब बीएसई की टॉप 100 या टॉप 300 कंपनियों की लिस्ट में शामिल होना है।

**कब से लागू होगी ये गाइडलाइन?**

बीएसई ने कहा कि ये नई गाइडलाइन 1 जनवरी 2024 से लागू हो जाएगी। आपको बता दें कि बीएसई ने नई गाइडलाइन के अलावा



SME प्लेटफॉर्म पर लिस्टिंग के लिए पात्रता मानदंड में भी बदलाव किया है।

**क्या है नई गाइडलाइन?**

बीएसई की गाइडलाइन के तहत आवेदक के पास पिछले दो वित्तीय वर्षों में कम से कम 15 करोड़ रुपये का नेट वर्थ होना चाहिए।

आवेदनकर्ता एसएमई उद्यमों के पास कम से कम तीन साल के लिए एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होना जरूरी है।

बीएसई की मेनबोर्ड में ट्रांसफर होने से पहले आवेदनकर्ता के पास 250 पब्लिक शेयरहोल्डर होने चाहिए।

एसएमई आवेदनकर्ता को कम से कम तीन वित्तीय वर्षों में से किसी दो के लिए सकारात्मक परिचालन लाभ होना चाहिए और एक्सचेंज में माइग्रेशन आवेदन करने के तत्काल वित्तीय वर्ष में प्रॉफिट आफटर टैक्स पॉजिटिव होना चाहिए।

आवेदक की चुकता इक्विटी पूंजी 10 करोड़ रुपये से अधिक होनी चाहिए और एमकैप कम से कम 25 करोड़ रुपये होना चाहिए।

आवेदक कंपनी को राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण द्वारा स्वीकार की गई कोई भी समापन याचिका प्राप्त नहीं होनी चाहिए और पिछले तीन साल में फर्म के खिलाफ किसी भी स्टॉक एक्सचेंज द्वारा एसएमई और उसके प्रमोटरों के खिलाफ व्यापार को निलंबित करने जैसी कोई महत्वपूर्ण नियामक कार्रवाई नहीं होनी चाहिए।

आवेदक कंपनी, उसके प्रमोटरों के साथ-साथ उसकी सहायक कंपनी को बाजार नियामक सेबी द्वारा प्रतिबंधित नहीं होना चाहिए।

आंकड़ों के मुताबिक अब तक, 464 कंपनियां बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हुई है जिनमें से 181 कंपनियां मेनबोर्ड में ट्रांसफर हुई है।

# 26/11 हमले के 15 साल पूरे

## अमेरिकी राजदूत ने मुंबई हमले के पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि

**मुंबई (महाराष्ट्र)।** मुंबई आतंकी हमले की 15वीं बरसी पर भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने रविवार को मुंबई में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास में पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। इसके साथ ही अमेरिकी दूत ने आतंकवाद के खतरे के खिलाफ भारत के साथ लड़ने की वाशिंगटन की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

गार्सेटी ने X (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, %आज मुंबई में 26/11 के आतंकवादी हमलों की 15वीं बरसी है। हम मारे गए पीड़ितों की स्मृति का सम्मान करते हैं और भारत सरकार के साथ मिलकर आतंकवादी कृत्यों के खिलाफ लड़ाई जारी रखने की प्रतिज्ञा करते हैं। इससे पहले, इजरायल के दूत नाओर गिलोन ने भी चबाड हाउस स्मारक पर पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी, जिसकी दीवारों पर सभी पीड़ितों के नाम खुदे हुए हैं। गिलॉन ने X पर पोस्ट किया, मुंबई आतंकी हमले के 15 साल बाद यूनाइटेडवीस्टैंड। यह तस्वीर नरीमन (चबाड) हाउस की छत पर बने

**निशाना**

**आतंकियों ने ताज और ओबेरॉय होटल, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, नरीमन हाउस में यहूदी केंद्र और लियोपोल्ड कैफे को निशाना बनाया था।**

स्मारक की है, जहां सभी मुंबई 26/11 पीड़ितों के नाम खुदे हुए हैं। ओम शांति। गौरतलब है कि हमलों के दौरान मारे गए 166 लोगों में छह यहूदी भी शामिल थे। हाल ही में, इजरायल ने आधिकारिक तौर पर लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) आतंकी घोषित किया है। यह कार्रवाई केंद्र सरकार के किसी भी अनुरोध के बिना



की गई है। इस बीच, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी 26/11 के आतंकवादी हमलों के पीड़ितों के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया और कहा कि इन भयावह कृत्यों के अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने की भारत की कोशिश जारी है। जयशंकर ने X (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले को आज 15 साल हो गए हैं। इन भयावह कृत्यों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाने की हमारी कोशिश जारी है।

दक्षिण मुंबई में 26 नवंबर, 2008 को पाकिस्तान से समुद्री मार्ग से आए 10 लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के आतंकवादियों ने यहूदियों के केंद्र चाबाड हाउस समेत कई जगहों पर हमला कर दिया था। इस अंधाधुंध हमले में छह यहूदियों और 18 सुरक्षाकर्मियों सहित 166 लोग मारे गए थे। वहीं,18 सुरक्षाकर्मियों की जान भी चली गई थी और 300 से अधिक घायल हुए थे।

आतंकियों ने ताज और ओबेरॉय होटल, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, नरीमन हाउस में यहूदी केंद्र और लियोपोल्ड कैफे को निशाना बनाया था। ऐसा माना जाता है कि मूल निवासियों के अलावा, इन स्थानों पर यूरोपीय, भारतीय और यहूदी भी अक्सर आते हैं।

इसमें लश्कर-ए-तैयबा के नौ आतंकवादी मारे गए थे और हमलों में जीवित बचे एकमात्र पाकिस्तानी आतंकवादी मोहम्मद अजमल आमिर कसाब को छत्रपति शिवाजी टर्मिनस रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया था। मई 2010 में, कसाब को मौत की सजा सुनाई गई और दो साल बाद पुणे शहर की अधिकतम सुरक्षा जेल में फांसी दे दी गई।

## हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है संविधान

### कानूनों को सरल बनाने पर क्या बोले सुप्रीम कोर्ट के जज संजीव खन्ना

**संविधान**

**सुप्रीम कोर्ट के जज संजीव खन्ना ने कहा कि भारतीय संविधान एक जीवंत दस्तावेज है।**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संजीव खन्ना ने कानूनों को सरल बनाने की वकालत की। उन्होंने कहा कि कानूनों को युवा पीढ़ी के लिए सरल, अधिक मानवीय और अनुकूल बनाने की जरूरत है।

सुप्रीम कोर्ट के जज संजीव खन्ना ने कहा कि भारतीय संविधान एक जीवंत दस्तावेज है, जो लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित करता है। उन्होंने सभी से दृढ़ संकल्प एकता और आशावाद के साथ आगे बढ़ने का आग्रह किया। जज खन्ना ने कहा कि आज हम 74वां संविधान दिवस मना रहे हैं। हम खुद को अपने देश की यात्रा में एक महत्वपूर्ण क्षण में पाते हैं। भारतीय संविधान को बार-बार एक जीवित दस्तावेज के रूप में परिभाषित किया गया है, क्योंकि यह हमारे जीवन का एक हिस्सा है। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि 1950 में संविधान ने 350 मिलियन लोगों के जीवन को बदल दिया था और आज 1.4 बिलियन लोगों के जीवन पर अमिट छाप और प्रभाव जारी है। उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि आज जब हम अपनी कानूनी प्रणाली के उद्देश्यों पर विचार करते हैं तो हमें युवा पीढ़ी के लिए अपने कानूनों को अधिक सरल और सुलभ बनाने की आवश्यकता को पहचानना चाहिए। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट में आज संविधान दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, छ्वछ्व डीवाई चंद्रचूड़, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल समेत सुप्रीम कोर्ट के कई जज भी मौजूद थे। 26 नवंबर 1949 को देश के संविधान को अपनाया गया था। हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## देश में कब और क्यों मनाया जाता है संविधान दिवस

**नई दिल्ली।** सभी भारतीयों के लिए आज का दिन बेहद खास है। आज ही के दिन वो किताब बनकर तैयार हुई थी, जिसने हमें दुनिया के



सबसे बड़े संविधान वाला देश कहने का अधिकार दिया। आज ही के दिन संविधान में ऐसे मौलिक अधिकार की रूपरेखा दी गई, जो देश के हर वर्ग के व्यक्ति को आजाद कहने का हक देता है। भारत में आखिर कब संविधान स्वीकार किया गया, किस दिन संविधान दिवस मनाया जाता है और इसे क्यों मनाया जाता है , आज कई लोगों को इसका पता नहीं होगा। वैसे तो भारत में 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू किया गया था, लेकिन इसे पहले ही स्वीकृति मिल गई थी। संविधान लागू होने से दो महीने पहले 26 नवंबर 1949 को संविधान बनाने वाली सभा ने कई दौर की चर्चाओं और संशोधनों के बाद आखिरकार संविधान को स्वीकार किया था। इसी कारण 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। देश के लोगों को संविधान के बारे में जागरुक करने के लिए संविधान दिवस मनाया जाता है। संवैधानिक मूल्यों की जानकारी देश के हर नागरिक को हो इसके लिए संविधान दिवस मनाने का फैसला हुआ था। इसी दिन देश ने संविधान को स्वीकार किया था जिसके चलते सामाजिक न्याय मंत्रालय ने 19 नवंबर 2015 को एक फैसला लिया कि 26 नवंबर को देश संविधान दिवस के रूप मनाएगा। संविधान दिवस को मनाने के फैसले के पीछे इसके निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर का नाम जुड़ा है। दरअसल, साल 2015 में डॉ. भीमराव अंबेडकर के 125वें जयंती वर्ष के रूप में 26 नवंबर को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने इस तारीख को 'संविधान दिवस' के रूप में मनाने के केंद्र सरकार के फैसले को अधिसूचित किया था। इस फैसले के बाद से प्रति वर्ष 26 नवंबर को राष्ट्रीय संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में भी जाना जाता है।

संविधान दिवस को मनाने का फैसला इसके निर्माता डॉ. आंबेडकर को श्रद्धांजलि देने के लिए लिया गया था। गौरतलब है कि भारतीय संविधान कई सिद्धांतों और दृष्टांतों को समेटे है, जिनके आधार पर देश की सरकार और नागरिकों के लिए मौलिक राजनीतिक सिद्धांत, प्रक्रियाएं, अधिकार, दिशा निर्देश, कानून आदि तय किए गए हैं।

भारत की आजादी से लेकर संविधान बनने तक की कहानी अब डिजिटल रूप में भी देखी जा सकती है। आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत भारत सरकार ने डीएवीपी की साइट पर ऑडियो-वीजुअल सामग्री भी डाली है, जिसमें संविधान बनने का सफर और इसे बनाने में कौन-कौन शामिल था, उनके बारे में बताया गया है। इसमें संविधान से संबंधित कुछ जरूरी जानकारी भी दी गई है। इसे आप यहां देख सकते हैं।

भारत सरकार ने संविधान के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए इसको कई भाषाओं में उपलब्ध कराया है। संविधान में क्या-क्या शामिल है और इसमें क्या अधिकार दिए गए हैं, इसे अब अलग-अलग भाषाओं में पढ़ा जा सकता है। ये तमिल, पंजाबी, उर्दू, संस्कृत, बंगाली, मैथली, मराठी और कई अन्य भाषाओं में उपलब्ध है।

## यह एक त्रासदी है कोचीन विश्वविद्यालय में मची भगदड़ पर केरल के राज्यपाल ने जताया दुख

**कोच्चि।** कोच्चि यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में

**आदेश**

**मीडिया से बात करते हुए आरिफ मोहम्मद ने कहा, मैंने कुलपति से बात की उन्होंने मुझसे कहा कि वे जांच का आदेश देने जा रहे हैं।**

मची भगदड़ को लेकर केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने दुख जताया।

मीडिया से बात करते हुए आरिफ मोहम्मद ने कहा, मैंने कुलपति से बात की उन्होंने मुझसे कहा कि वे जांच का आदेश देने जा रहे हैं। यह एक त्रासदी है। यह बहुत बड़ी क्षति है। मेरा उन परिवारों के प्रति संवेदना है जिन्होंने इन युवा और प्रतिभाशाली लोगों को खो दिया है।

बता दें कि शनिवार (26 नवंबर) को कोचीन विश्वविद्यालय के वार्षिक उत्सव के दौरान भगदड़ मच गई थी, जिसमें 4 लोगों की



जान चली गई और 60 से अधिक लोग घायल हुए थे। इस टेक फेस्ट में सिंगर निखिता गांधी कंपस के

हालात तब बिगड़े जब बारिश होने लगी और छात्रों के बीच भगदड़ मच गई। शनिवार रात साढ़े आठ बजे कोझिकोड के सरकारी गेस्ट हाउस में मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की अध्यक्षता में मंत्रियों की आपात बैठक हुई। मंत्रियों ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और रविवार को होने वाले सभी उत्सव और कलात्मक कार्यक्रम को रद्द करने का फैसला किया गया।

केरल सरकार ने रविवार को कहा कि कोचीन विश्वविद्यालय में मची भगदड़ की जांच के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया जाएगा। राज्य की उच्च शिक्षा मंत्री आर बिंदू ने कहा कि दुखद घटना के संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति और उच्च शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव से रिपोर्ट मांगी गई है। उन्होंने कहा कि जब ऐसे आयोजन किए जा रहे हों तो भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त तैयारी सुनिश्चित करना आयोजकों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सारी रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कोई कार्रवाई की जाएगी।

कोच्चि शहर के पुलिस आयुक्त ए अकबर ने बताया कि मृतकों में अथुल थम्बी, एन रूफ्था, सारा थॉमस और चौथा व्यक्ति पलक्कड़ निवासी एल्विन था। मंत्री बिंदू और राजीव, केरल के पूर्व वित्त मंत्री थॉमस इसाक और कांग्रेस सांसद हिबी ईडन भी चारों छात्रों के अंतिम दर्शन के लिए अन्य राजनीतिक नेताओं के साथ मौजूद थे।

## न्यायिक सेवा में रुचि रखने वाले छात्रों को मिले मौका, राष्ट्रपति मुर्मु ने IIT-IIM जैसे शिक्षण संस्थानों को लेकर कही ये बात

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित हुए एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कई मुद्दों पर खुलकर बात की।

भारत के सुप्रीम कोर्ट द्वारा आयोजित संविधान दिवस समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि न्याय की मांग करने वाले नागरिकों के लिए लागत और भाषा एक बड़ी बाधा है। उन्होंने कहा कि न्याय तक पहुंचने के लिए पूरी प्रणाली को नागरिक-केंद्रित बनाने की आवश्यकता है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि एक अखिल भारतीय न्यायिक सेवा हो, जो प्रतिभाशाली युवाओं का चयन करे और निचले स्तर से लेकर उच्च स्तर तक अपनी प्रतिभा को बढ़ावा दे सकती है। राष्ट्रपति ने कहा कि जो लोग न्यायिक सेवा करने की इच्छा रखते हैं, उन्हें प्रतिभा का बड़ा पूल बनाने के लिए देश भर से चुना जा सकता है।

## रूस ने मेटा पर की बड़ी कार्रवाई, प्रवक्ता को वांटेड लिस्ट में डाला

**मास्को।** रूस ने मेटा पर बड़ी कार्रवाई की है। उसने मेटा के प्रवक्ता एंडी स्टोन को वांटेड लिस्ट में डाल दिया है। झ्रस्स् न्यूज एजेंसी ने रविवार को यह जानकारी दी।

TASS के मुताबिक, रूस के गृह मंत्रालय ने एंडी स्टोन के खिलाफ आपराधिक जांच शुरू कर दी है। हालांकि, उसने जांच या आरोपों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है। गौरतलब है कि रूस ने मेटा के मुख्य सोशल प्लेटफॉर्म्स फेसबुक और इंस्टाग्राम दोनों को पिछले साल फरवरी में यूक्रेन पर आक्रमण के तुरंत बाद प्रतिबंधित कर दिया था। रूसी जांच समिति ने मार्च 2022 में कहा था कि उसने मेटा के कर्मचारियों के अवैध कार्यों के खिलाफ आपराधिक जांच शुरू कर दी है। समिति ने कहा कि स्टोन ने अपने प्लेटफार्मों पर रूसी सेना के खिलाफ हिंसा के आह्वान पर लगाए गए प्रतिबंध को हटा दिया था।

## बैंकॉक में विश्व हिंदू कांग्रेस का हुआ समापन, हिंदू समाज को मजबूत करने का लिया संकल्प

**बैंकॉक।** तीन दिवसीय विश्व हिंदू कांग्रेस, हिंदू संगठनों के बीच एकता को मजबूत करने के संकल्प के साथ रविवार को संपन्न हुआ। इस दौरान सनातन धर्म के खिलाफ आंतरिक नफरत और पूर्वाग्रहों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने का संकल्प भी लिया गया।

डब्ल्यूएचसी के दौरान सत्रों में, प्रतिनिधियों ने विदेशों में चुने गए हिंदू जन प्रतिनिधियों को संघों के माध्यम से संगठित करके और उनके बीच बातचीत बढ़ाने का निर्णय लिया गया। आयोजकों ने घोषणा की कि अगली विश्व हिंदू कांग्रेस 2026 को मुंबई में आयोजित की जाएगी। प्रतिनिधियों को नरम और सख्त लड्डुओं के अनूठे वितरण के साथ हिंदू एकता का संदेश दिया गया। प्रत्येक प्रतिनिधि को दिए गए लड्डुओं के डिब्बे पर एक संदेश है। उस संदेश में लिखा था, ÷दुर्भाग्य से, वर्तमान में हिंदू समाज एक नरम लड्डू जैसा है, जिसे आसानी से टुकड़ों में



तोड़ा जा सकता है और फिर आसानी से निगल लिया जा सकता है। साथ ही संदेश में लिखा था, ÷एक बड़ा कठोर लड्डू मजबूती से बंधा हुआ, एकजुट होता है और इसे टुकड़ों में नहीं तोड़ा जा सकता है। हिंदू समाज एक बड़े सख्त लड्डू की तरह होना चाहिए, जिसे तोड़ना बहुत मुश्किल है। तभी यह शत्रुतापूर्ण ताकतों से अपनी रक्षा करने में सक्षम होगा। थाईलैंड की राजधानी में सम्मेलन हिंदू संगठनों के बीच एकता को मजबूत करने और सनातन धर्म के खिलाफ आंतरिक नफरत और पूर्वाग्रहों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के संकल्प के साथ संपन्न हुआ। आयोजकों के मुताबिक, 61 देशों के 2,100 से अधिक प्रतिनिधियों ने सम्मेलन में हिस्सा लिया। इसका उद्घाटन शुक्रवार को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने किया था, जबकि आध्यात्मिक नेता माता अमृतानंदमयी देवी ने रविवार को समापन भाषण दिया। आरएसएस प्रमुख ने दुनिया भर में रहने वाले हिंदुओं से लोगों के साथ अपने रिश्ते मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म शांति और खुशी का मार्ग खोलता है और संपूर्ण मानवता को सभी प्राणियों के अस्तित्व की आत्मा मानता है।

विश्व हिंदू कांग्रेस के संस्थापक स्वामी विज्ञानानंद ने कहा, ÷कोविड महामारी के दौरान हिंदुओं तक पहुंचने की प्रक्रिया धीमी हो गई थी। हम अब इस प्रक्रिया को पुनर्जीवित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ध्यान उन ईसाई संगठनों के नियंत्रण में मंदिर की भूमि को पुनः प्राप्त करने पर भी होगा, जिन्होंने कॉलेजों और अन्य संस्थानों का निर्माण किया है। विज्ञाननंद ने कहा, ये मंदिर की जमीनें हैं, जिनकी लीज डीड समाप्त हो चुकी है।

## युद्धविराम के दूसरे दिन राहत सामग्री लेकर 200 ट्रक गाजा पहुंचे, फलस्तीनी ले रहे राहत की सांस

**गाजा।** इजरायल और हमास में युद्धविराम की घोषणा के बावजूद अभी तक गाजा के कई हिस्सों में आईडीएफ के हमले जारी है। इजरायल और फलस्तीन में युद्धविराम के बीच फलस्तीनी राहत की सांस ले रहे हैं।

इस बीच युद्धविराम के दूसरे दिन 200 ट्रक भोजन और चिकित्सा आपूर्ति राहत सामग्री लेकर गाजा पहुंचे। ट्रकों को राफा क्रॉसिंग के माध्यम से गाजा की ओर भेजा गया।

संयुक्त राष्ट्र ने बताया कि नित्जाना से 200 ट्रक भेजे गए, जबकि उनमें से 187 ट्रक बीती शाम 7 बजे (स्थानीय समय) तक ही सफलतापूर्वक गाजा में प्रवेश कर गए थे। बाकी के ट्रक आज सुबह पहुंचे। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने कहा कि गाजा में भोजन, पानी, आश्रयों के लिए उपकरण और चिकित्सा सामग्री भेजी गई है। इसी के साथ इजरायल रक्षा बलों ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर बताया कि 129,000 लीटर ईंधन भी गाजा में पहुंचाया गया है। ओसीएचए के अनुसार, बंधकों को निकालने में सहायता के लिए 11 एम्बुलेंस और एक फ्लैटबेड अल शिफा अस्पताल पहुंचाया गया। संयुक्त राष्ट्र ने डिलीवरी को संभव बनाने के



लिए फलस्तीनी और मिस्र की रेड क्रिसेंट सोसाइटी की भूमिका की भी सराहना की और कहा कि जितना अधिक समय तक रोक रहेगी, गाजा में उतनी अधिक सहायता भेजी जाएगी। शनिवार को हुई और बंधकों की रिहाई का स्वागत करते हुए, OCH ने सभी बंधकों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई की अपील की। शनिवार को हमास ने बंधकों के दूसरे बैच में 13 इजरायली और 4 थाई नागरिकों को रिहा किया। इससे पहले, शुक्रवार को सौदे के पहले दिन 24 बंधकों के पहले समूह को रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति के कर्मचारियों को सौंप दिया गया था। इजराइली पीएम कार्यालय ने कहा कि उसे हमास द्वारा रिहा किए जाने वाले बंधकों के तीसरे समूह के नामों के बारे में सूचित कर दिया गया है और हमने भी बंधकों के परिजनों को इसके बारे में सूचित कर दिया गया है।

## सैन्य बैरकों पर बंदूकधारियों का हमला, सिएरा लियोन के राष्ट्रपति ने की राष्ट्रव्यापी कर्फ्यू की घोषणा

एपी, फ्रीटाउन (सिएरा लियोन)। पश्चिम अफ्रीकी देश की राजधानी फ्रीटाउन में सैन्य बैरकों पर



बंदूकधारियों के हमले के बाद रविवार को देशव्यापी कर्फ्यू लागू हो गया है। सिएरा लियोन के राष्ट्रपति जूलियस माडा बायो ने इसकी घोषणा की है। क्षेत्र में तख्तापलट की बढ़ती घटनाओं के बीच व्यवस्था बिगड़ने की आशंका बढ़ गई है। समाचार एजेंसी क्क के अनुसार, अज्ञात बंदूकधारियों ने सुबह-सुबह राजधानी फ्रीटाउन में बैरक के भीतर एक सैन्य शस्त्रागार पर हमला कर दिया। राष्ट्रपति बायो ने ङ्क (पूर्व में ट्विटर) में कहा, %उन्हें सुरक्षा बलों द्वारा वापस खदेड़ दिया गया और शांति बहाल कर दी गई है। हमारे सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम भाग रहे विद्रोहियों पर हमला जारी रखे हुए है, इसलिए देशव्यापी कर्फ्यू घोषित कर दिया गया है और नागरिकों को घर के अंदर रहने की सलाह दी है।

बायो जून में दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से चुने गए है। हालांकि, ये चुनाव काफी विवादित माने जाते है क्योंकि मुख्य विपक्षी दल ने सिएरा लियोन के चुनाव आयोग पर उनकी पार्टी के साथ परिणामों में हेराफेरी करने की साजिश रचने का आरोप लगाया था। दो दशक से भी अधिक समय पहले 11 साल के क्रूर गृहयुद्ध की समाप्ति के बाद से देश में पांच राष्ट्रपति चुनाव आयोजित किए जा चुके है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण बायो को लगातार आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। सिएरा लियोन की सात मिलियन से अधिक की लगभग 60 प्रतिशत आबादी गरीबी का सामना कर रही है, युवा बेरोजगारी पश्चिम अफ्रीका में सबसे अधिक में से एक है।

## वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन से पहले जापान पहुंचे गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल

**टोक्यो।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल आज जापान पहुंचे है। पटेल का जापान में भारतीय राजदूत सिबी जॉर्ज ने टोक्यो हवाई अड्डे पर स्वागत किया।

बता दें कि वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन से पहले साझेदारी को मजबूत करने के लिए भूपेन्द्र पटेल जापान में उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। पटेल के साथ आए प्रतिनिधिमंडल में राज्य के कई वरिष्ठ अधिकारी, उद्योग जगत के नेता और व्यवसायी शामिल है। इस बीच पटेल ने कहा कि वह गुजरात और जापान के बीच संबंधों और अवसरों को मजबूत करने के लिए तत्पर हैं।

जापान में भारतीय दूतावास ने ङ्क (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, गुजरात राज्य के माननीय मुख्यमंत्री महामहिम भूपेन्द्रभाई पटेल का

**विमर्श**

**पटेल ने यामानाशी शहर के गवर्नर कोटारो नागासाकी से भी मुलाकात की और उनके साथ विचार-विमर्श किया।**

उनकी जापान यात्रा पर स्वागत करते हुए सम्मानित महसूस कर रहा हूँ। टोक्यो में नारिता हवाई अड्डे पर आगमन पर राजदूत सिबी जॉर्ज ने माननीय मुख्यमंत्री का स्वागत किया। पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए गुजरात सीएम ने कहा,गर्मजोशी से स्वागत के लिए धन्यवाद राजदूत सिबी जॉर्ज। गुजरात और जापान के बीच संबंधों को मजबूत करने और



सहयोग के अवसर तलाशने के लिए तत्पर हूं। पटेल ने यामानाशी शहर के गवर्नर कोटारो नागासाकी से भी मुलाकात की और उनके साथ विचार-विमर्श किया। सीएम ने उनके साथ सौर ऊर्जा पर एक प्रस्तुतिकरण में भी भाग लिया। उन्होंने जापान में नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्र का भी दौरा किया। बता दें कि वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट अगले साल जनवरी में गांधीनगर में होगा। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। जापान यात्रा पर निकलने से पहले, पटेल ने कहा था कि गुजरात जापान के साथ एक विशेष बंधन साझा करता है क्योंकि कई जापानी कंपनियां गुजरात राज्य में काम करती हैं और राज्य के विकास में योगदान देती हैं।

गुजरात के मुख्यमंत्री ने कहा कि वह 10वें वाइब्रेंट शिखर सम्मेलन में जापान के व्यापार और उद्योग जगत के नेताओं को आमंत्रित करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि वह टोक्यो में गुजराती समुदाय के साथ भी बातचीत करेंगे। सीएम पटेल ने एक्स पर पोस्ट किया, %मैं आज गुजरात सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ जापान की यात्रा के लिए रवाना हो रहा हूं। गुजरात 2009 से लगातार जीवंत गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन में भाग ले रहा है और कई जापानी कंपनियां वर्तमान में गुजरात में काम कर रही हैं और विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। हमारा जापान के साथ एक विशेष बंधन है। पटेल ने कहा, हमें विश्वास है कि शिखर सम्मेलन की जीवंत पृष्ठभूमि में यह यात्रा गुजरात में बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित करने के साथ-साथ जापान के साथ गुजरात के संबंधों को मजबूत करने में मदद करेगी।

## अल्लाह ने इंसान को इज़्ज़त का ताज अता किया



**इटावा अवधनामा ब्यूरो।** महेरा चुंगी स्थित दरगाह मौला अब्बास पर स्व.नाज हसन के चेहलुम पर हसन अब्बास और पक्की सराये स्थित बड़े इमामबाड़े में स्व.सुहेल हसन की बरसी पर मून हसन की ओर से मजलिसों का आयोजन किया गया।दरगाह मौला अब्बास पर आयोजित मजलिस में तकरीर करते हुए मौलाना मुज़फ्फर हुसैन जैदी मुज़फ्फरनगर ने कहा अल्लाह कुरान में कह रहा है हमने इंसान को इज्जत का ताज अता किया और सबसे ज्यादा इज्जत दी।इंसान मौत से क्यों डरता है जबकि हर इंसान को मौत का मज़ा चखना है।जब तक गुरुर रहेगा इंसान को इज्जत नही मिलेगी।अल्लाह ने इंसान की जरूरत की हर चीज पहले पैदा की बाद में इंसान को पैदा किया। इसी क्रम में पक्की सराए स्थित बड़े इमामबाड़े में स्व.सुहेल हसन की बरसी पर मून हसन की ओर से आयोजित मजलिस में मौलाना अनवारुल हसन जैदी इमामे जुमा इटावा ने तकरीर की। मजलिस में जाफर ईरानी अलीगढ़, सलमान रिज़वी,गाज़ी,तालिब रज़ा, अशहर कादरी,तालिब रिज़वी, मो. इब्राहीम ने कलाम पेश किए और नसीर हुसैन,फैसल फर्रुखाबाद व सलीम रज़ा इटावा ने सोजख्वानी की।

## राशिद को मिली प्रदेश कांग्रेस सचिव की ज़िम्मेदारी

**इटावा अवधनामा ब्यूरो।** सदर विधानसभा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मोहम्मद राशिद को उनकी मेहनत और लगन को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें कांग्रेस पार्टी का पुनः प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया। कांग्रेस के महासचिव के सी वेणुगोपाल ने मोहम्मद राशिद खान का मनोनयन पत्र जारी करते हुए उन्हें एक बार फिर कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी में सचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। कांग्रेस प्रदेश सचिव बनाये जाने से उत्साहित मोहम्मद राशिद ने पार्टी नेतृत्व सहित कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल का आभार व्यक्त किया और पार्टी नेतृत्व को भरोसा दिलाया कि वह पार्टी को मजबूत करने के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत में अहम भूमिका का निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मलखान सिंह,शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे,राजस्थान के भरतपुर प्रभारी अरुण यादव,हाजी फजल यूसुफ खां,आसिफ जारदान, कोमल सिंह कुशवाह,सलाहउद्दीन अंसारी,सरवर अली,सरवरी बेगम सहित पार्टी के अन्य नेताओं और पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मोहम्मद राशिद को बधाई व शुभकामनाएं दी है।



## प्रोजेक्ट नई किरण ने छह परिवार का कराया पुनर्मिलन



**ललितपुर अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय पुलिस लाइन्स सभागार में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया, जिसमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद 06 परिवार में आपसी सुलह के आधार पर समझौता कराया गया। 06 परिवार खुशी-खुशी, साथ-साथ रहने को तैयार हो गये एवं आपस में मिठाई खिलाकर रिश्तों की मिठास का दिया संदेश व 10 मामलों में अग्रिम तिथि दी गई। नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में बिखरे हुए परिवारों को जोडकर उनके दाम्पत्य जीवन में एक नई रोशनी आयेगी। प्रोजेक्ट नई किरण के अन्तर्गत बिखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है। इस दौरान अजय बरया, डा.दीपक चौबे, प्रो.भगवत नारायण शर्मा, डा. एस.पी.पाठक, सुधा कुशवाहा, डा.जनक किशोरी शर्मा, डा.सुभाष जैन, डा. संजीव शर्मा, एड.अरमान कुरैशी, उ.नि. रामजी सिंह चन्देल, महिला आरक्षी रीना आदि का विशेष सहयोग रहा।

## संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया



**हरदोई अवधनामा संवाददाता।** अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुधाकर दुबे द्वारा बताया गया कि 26.11.2023 को उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार व जिला जज /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई राज कुमार सिंह के आदेश के अनुक्रम में संविधान दिवस के अवसर पर जनपद न्यायालय हरदोई के दस कक्षीय भवन के सभागार में समस्त न्यायिक अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। इस अवसर पर अपर जिला श्रीमती प्रीती श्रीवास्तव ने संविधान की प्रस्तावना का पठन पाठन कराया भारत के संविधान को अंगीकृत किये जाने की तिथि 26 नवम्बर है इस अवसर पर अपर जिला जज/ नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत हेमेंद्र कुमार सिंह व अन्य न्यायिक अधिकारीगण, न्यायालय के कर्मचारीगण एवं तहसील सदर से लीगल एड क्लीनिक दिनेश कुमार, बिलग्राम से आशीष तिवारी तथा अन्य पराविधिक स्वयं सेवक मौजूद रहे।

## डीएम ने किया औचक निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश



**हरदोई अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने आज तहसील सदर के मतदाता पंजीकरण केन्द्र का औचक निरीक्षण किया।उन्होंने कक्ष में मतदाता पुनरीक्षण से संबंधित कार्य को देखा। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी स्वाती शुक्ला व तहसीलदार विनीत कुमार सिंह को निर्देश दिया कि कक्ष में साफ-सफाई की उचित व्यवस्था की जाए। मतदाता पुनरीक्षण में लगे कर्मियों को बैठने की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। इसके बाद उन्होंने तहसील के अन्य हिस्सों का निरीक्षण किया।साफ-सफाई की स्थिति को देखकर कड़ी नाराजगी जतायी तथा नाजिर का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कम्प्यूटरों का रखरखाव उचित तरीके से किया जाए। लेखपाल कक्ष में बीएलओ के लिए बैठने की व्यवस्था की जाए। कक्ष में टूटी हुई कुर्सियों को हटाया जाए। उन्होंने कहा कि तीनों विधान सभा के लिए अलग वीआरसी कक्ष बनाया जाए। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रथम विनोद कुमार, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## न्यायालय परिसर में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

**सहारनपुर अवधनामा संवाददाता।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार आज का यह यादगार दिन यानि के 26 नवम्बर 2023 ज़िले भर मैं सविधान दिवस के रूप में बड़े उल्लास की साथ मनाया गया। जिला जज एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती बबीता रानी ने सिविल कोर्ट परिसर में समस्त सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण, न्यायिक कर्मचारी स्टाफ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के स्टाफ को सविधान की शपथ दिलाई गाई। इसी कम में अपर जिला जज / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सहारनपुर श्री मपेन्द्र प्रताप ने आज जिला कारागार में निरूद्ध समस्त बन्दियो को सविंधान की शपथ दिलायी उन्होने समस्त बन्दियों को सामाजिक, आर्थिक, और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और, उपासना की स्वतंत्रता की शपथ दिलायी।



## संविधान बचाओ देश बचाओ के लिए प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया




**मथुरा अवधनामा संवाददाता।** महात्मा ज्योतिराव फूले विकास समिति एवं अखिल भारतीय संविदा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में संविधान बचाओ देश बचाओ प्रदर्शन गांधी स्मारक विकास बाजार मथुरा पर व्यापारी नेता दिनेश आनंद पापे की अध्यक्षता में आहूत किया गया प्रदर्शन के दौरान चार सूत्रीय खुला मांग पत्र एल आई यू कार्यालय कोतवाली के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदया को प्रस्तुत किया। प्रदर्शन के दौरान संविधान बचाओ देश बचाओ भारत में जातीय जनगणना कराओ भारत में समान शिक्षा लागू करो भारतीय संविधान के मूल तत्वों का संरक्षण की मांग लिखे नारों की पटिका हाथों में लेकर गगन भेदी नारों के बीच प्रदर्शन किया गया इस मौके पर समिति अध्यक्ष रमेश सैनी ने अपने संबोधन में कहां कि भारत की सत्ता पर भारत को आसमानता की खाई में धकेलना वाले लोग काबिज है। जिससे सावधान रहना आवश्यक है। समता फाउंडेशन के अध्यक्ष लुकेश कुमार राही ने कहा भारत के आम नागरिकों को राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने का काम संविधान करता है। इसके संरक्षण एवं पालन हेतु समानता स्थापित करने हेतु समान शिक्षा जातीजनगणना और संविधान की रक्षा आवश्यक है विरोध प्रदर्शन करने वालों में प्रमोद जाटव रामदयाल सैनी दिनेश आनंद पापे सपा व्यापार सभा अध्यक्ष मथुरा मनीष कुमार खामिनी राज गब्बर सपा नेता मनीष सैनी कैलाश सैनी सौदान सिंह बीकानेरी भाई संजय बीडीसी बृजेश कुमार भोलू भाई आकाश अरोड़ा विवेक कुमार जितेंद्र कुमार राजू माहोर रामवीर यादव भोला बाबू राजेंद्र ड्राइवर आदि उपस्थित रहे है।

## ऑनलाइन ठगी करने वाले गए जेल

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** थाना गोवर्धन पुलिस ने पहचान वाला बनकर बैंक खातों से ऑनलाइन ठगी करने वाले पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से एक तमंचा, पांच एंड्राइड मोबाइल फोन, दो फर्जी आधार कार्ड, चार एटीएम कार्ड, 41 सिम कार्ड, 81600 रुपये बरामद किये हैं। सभी आरोपितों को पुलिस ने देवसेरस से भगोसा जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया।

आरोपितों द्वारा फर्जी पहचान पत्र से सिम आसाम, बिहार, झारखण्ड आदि से निकलवाकर, फर्जी बैंक एकाउन्ट खुलवाकर, ट्रू कॉलर, फेसबुक से अज्ञात नम्बरों पर फर्जी सिम से कॉल कर व फेसबुक सोशल साइटस, फोन पे आदि से जानकारी हासिल कर जान पहचान वाला बनकर उनके व्हाट्सएप व मोबाइल नम्बर पर कॉल कर उनको झांसे में लेकर अवैध रूप से उनके खाते से अपने फर्जी खातो में पैसा डलवाकर धोखाधडी करके ठगे गये रूपयों को आपस में बाट लेते हैं।

## अमर सेनानी के नाम से बनने वाले सभागार से आने वाली पीढ़ियां को प्रेरणा मिलेगी

अवधनामा संवाददाता



**रायबरेली।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आशीर्वाद से 1857 अमर क्रांति के नायक राणा बेनी माधव बक्स सिंह के नाम से सभागार बनने का काम शुरू हो गया है। समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह संरक्षक पूर्व विधायक गजाधर सिंह समेत अन्य लोगों ने नीव में एक ईट रखकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इसके समिति के वरिष्ठ सदस्यों ने राणा जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि मूर्ति लगाने से जो प्रयास शुरू हुए थे वह अब माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के आशीर्वाद से आगे बढ़ रहे हैं। अमर सेनानी के नाम से बनने वाले सभागार से आने वाली पीढियां को प्रेरणा मिलेगी। संरक्षक पूर्व विधायक श्री सिंह ने कहा कि समिति के सभी सदस्यों को इसके लिए बहुत-बहुत बधाई आज समिति की सदस्यों की एकजुटता और अथक प्रयास का ही परिणाम है कि राणा की स्मृतियों को सजोने का प्रयास हमारा निरंतर बढ़ता जा रहा है। बुधेंद्र सिंह ने कहा कि समिति के प्रयासों की जितनी सराहना की जाए वह कम है। हमने कभी नहीं सोचा था की राणा की स्मृति इस प्रकार जागृत हो जाएगी। रवींद्र सिंह ने कहा कि सब ने मिलकर जो प्रयास किए गए उसी का परिणाम है कि आज हम राणा की स्मृतियों को सजोने में कामयाब हो रहे हैं। हरिहर सिंह ने आए हुए सदस्यों का स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। समिति की ओर से मूर्ति स्थापना से लेकर अभी तक के आयोजित कार्यक्रम में कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करने वाले सदस्यों को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। समिति के सभी सदस्यों ने माननीय मुख्यमंत्री व पर्यटन मंत्री का आभार व्यक्त किया।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अमर सेनानी राणा बेनी माधव बक्श की स्मृति में एक विशाल सभागार का निर्माण होना प्रस्तावित है। जिसका शिलान्यास 1 वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री ने स्वयं किया था और राणा बेनी माधव बख्श सिंह की जयंती पर प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने भूमि पूजन किया था।

## केन्द्र सरकार द्वारा बुन्देलखण्डवासियों की उपेक्षा से लोगों में असंन्तोष फैल रहा हैः बु.वि.सेना

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** स्थानीय कम्पनी बाग में बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण के सम्बन्ध में बुन्देलखण्ड विकास सेना प्रमुख हरीश कपूर की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई। कहा कि हमारे बुन्देलखण्ड के सारे के सारे जनप्रतिनिधि केवल चुनावी मोहरे बनके रह गये है जो चुनाव के समय बुन्देलखण्ड की जनता को लुभावने वायदे करके वोट ठगने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले जनजागरण अभियान चलाकर पृथक बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण आन्दोलन को तेज करेगी। कहा कि बुन्देलखण्ड की जनता अपना प्रांत बुन्देलखण्ड प्रान्त का सपना संजोये हुए जनप्रतिनिधियों और मंत्रियों के आश्वासनों के झूले में झूलते हुए लम्बा वक्त गुजार चुकी है, लेकिन सपना कब हकीकत में तब्दील हो, ये समय की गोद में छुपा हुआ है। लेकिन हमारे राजनेता, हमारे अपने ही जनप्रतिनिधि, हमारी माटी में पले-बढ़े और सत्ता और सम्मान को प्राप्त करने के उपरान्त भी इस क्षेत्र की जनता का भला करने, उनके सपनों की उड़ानें भरने की आकांक्षा को पूरा करना तो दूर, झूठ का पुलिंदा थमाकर अपना उल्लू सीधा करने में जुटे रहते हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम राम को अपना आराध्य मानने वाली और उनके बताये रास्ते पर चलने का दम्भ भरने वाली तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री और क्षेत्र की तत्कालीन सांसद उमा भारती ने तीन साल में बुन्देलखण्ड प्रान्त बनाने का वायदा क्षेत्र की जनता से किया था, परन्तु आज लगभग 10 साल गुजरने बाद भी नतीजा शून्य रहा। सेना प्रमुख ने कहा कि हमारा संगठन पिछले 25 वर्ष से बुन्देलखण्ड प्रान्त बनाओ की मांग को गाँधीवादी तरीके से उठाता आ रहा है। आजादी के पहले और आजादी के बाद के बुन्देलखण्ड क्षेत्र का तुलनात्मक अध्ययन करें तो हम पाते हैं कि देश के इस सबसे पिछड़े भूभाग की व नागरिकों की दिशा और दशा में कोई आमूलचूल परिवर्तन नहीं आया है। उन्होंने ने कहा कि राष्ट्र को गुलामी की जंजीरों से मुक्ति दिलाने व अँग्रेज शासकों को लोहे के चने चबाने को मजबूर करने वाली महारानी लक्ष्मीबाई की कर्मस्थली, रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास, राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त, हाकी के जादूगर दद्दा मेजर ध्यानचंद, महान उपन्यास सम्राट बाबू वृन्दावनलाल वर्मा की जन्मस्थली व कर्मस्थली बुन्देलखण्ड की पावन धरती अपनी उपेक्षा, बदहाली और दुर्दशा पर खून के आँसू बहाने को मजबूर है। उद्योग शून्यता, उच्च, व्यवसायिक एवं तकनीकी शिक्षा, सड़क-बिजली-पानी, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत आवश्यकताएं, बेरोजगारों की लंबी फौज, कभी सूखा तो कभी बाढ़ जैसी विभीषिकाएं, सामंतशाही, दबंगई, सूदखोरी, भ्रष्टाचार व अत्याचार के शूलों के दंश की पीड़ा सहने को हम बुन्देलखण्डवासी मजबूर हैं।

## सिसोलर में महाराजा बाबा का तीन दिवसीय मेला आज से

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** 26 नवंबर मौदहा विकास खण्ड के बड़ी आबादी वाले गाँव सिसोलर स्थित महाराजा बाबा का प्राचीनतम तीन दिवसीय मेला 27 नवंबर से 29 नवंबर तक चलेगा। 29 नवंबर को भव्य ईनामी दंगल के साथ ही इस ऐतिहासिक मेले का समापन होगा।

बताते चलें कि मौदहा विकास खण्ड के गाँव सिसोलर में महाराजा बाबा का ऐतिहासिक एवं सुप्रसिद्ध कबीर पंथी आश्रम है।यहाँ कार्तिक पूर्णिमा एवं वैशाखी पूर्णिमा को वर्ष में दो बार मेला लगता है।जिसमें कार्तिक पूर्णिमा के मेले में सर्वाधिक भीड़ उमड़ती है। इसमें मेला और भंडारा के साथ ही ईनामी दंगल एवं युवाओं की दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जाती है।27 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के दिन महाराजा बाबा के हजारों भक्त उनकी समाधि स्थल पर मत्था टेकने पहुंचते हैं जिसमें गाँव, क्षेत्र के साथ ही आसपास के और दूरदराज के शहरों में रहने वाले भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है।तीन दिवसीय इस मेले में 29 नवंबर की सुबह आठ बजे से किशोर एवं युवाओं की दौड़ तथा दोपहर बाद भव्य ईनामी दंगल का आयोजन किया जाता है।मेला और दंगल में उमड़ने वाली भारी भीड़ को लेकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि एवं महाराजा बाबा मेला व दंगल के आयोजकों तथा स्थानीय प्रशासन द्वारा सभी प्रकार के इंतजाम किए गए हैं।साफसफाई के लिए ब्लॉक स्तर पर गठित सफाई कर्मचारियों की टीम लगाई गई है।प्रधान प्रतिनिधि विजय शंकर प्रजापति ने बताया है कि दौड़ प्रतियोगिता एवं ईनामी दंगल का आयोजन गाँव के खेल के मैदान में होना है साथ ही मेला एवं दंगल कमेटी व ग्रामीणों के द्वारा क्षेत्रीय व बाहरी दुकानदारों और अतिथियों की हर संभव सुविधाओं एवं सत्कार का प्रयास किया जायेगा।

## विश्व धरोहर सप्ताह का हुआ समापन

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** विश्व धरोहर सप्ताह पर क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई झांसी, इन्टैक ललितपुर चैप्टर एवं बुन्देलखण्ड इतिहास पुरातत्व एवं संस्कृति शोध समिति के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे विरासत सप्ताह का समापन किया गया। समापना अवसर पर अतिथि के रूप में डीएम अक्षय त्रिपाठी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा देश का गौरवशाली इतिहास एवं प्राचीन संस्कृति पूरे विश्व की मार्गदर्शक रही है, हमारी धरोहरें एवं पर्यटन केन्द्रों की बदौलत भारत को सोने की चिडिय़ा कहा जाता था। वीरभूमि बुन्देलखण्ड की संस्कृति सबसे प्राचीन संस्कृति है जहां पर रामायण, पुराणों, महाभारत जैसे ग्रंथों की रचना हुयी, यहां की सभ्यता सबसे प्राचीन सभ्यता है जिसने पूरे देश का मार्ग आदिकाल से प्रशस्त किया है। भगवान राम ने वनवास के 12 वर्ष चित्रकूट में व्यतीत किये एवं अजेय कालिंजर दुर्ग में भगवान शिव ने विष का समन किया, यहां हरदौल को आज भी पूजा जाता है। आल्हा-ऊदल, महारानी लक्ष्मीबाई एवं महाराज छत्रसाल एवं महाराजा मर्दन सिंह के पराक्रम ने इतिहास रचा है। उन्होंने कहा गोस्वामी तुलसीदास, हॉकी जादूगर मेजर ध्यानचंद, राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त, इतिहासकार वृन्दावन लाल वर्मा ने इस क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। आज भी झांसी, खजुराहो, चित्रकूट, देवगढ़, ओरछा, कालपी, दतिया के दर्शनीय स्थलों को देखने विश्व के सैलानी आते हैं। यहां का प्राकृतिक सौन्दर्य, लोक संस्कृति, झीलें और कला आज भी लुभाने वाली हैं। आवश्यकता हमें अपनी विरासत व पर्यटन स्थलों को विकसित करने की है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का अवलोकन करने पचखुरा गांव पहुंचे मण्डलायुक्त

अवधनामा सवांदाता



**हमीरपुर।** जनपद में 21 नवंबर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक चलने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का अवलोकन करने/प्रतिभाग करने आज आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल श्री बालकृष्ण त्रिपाठी कुरारा विकास खंड के पचखुरा गांव पहुंचे।

पचखुरा गांव में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी श्री राहुल पाण्डेय ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात एलईडी वैन के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा से संबंधित मा0 प्रधानमंत्री जी का संदेश देखा व सुना गया। इस मौके पर मंडलायुक्त ने उपस्थित लोगों/ ग्राम वासियों को पंचप्रण की शपथ दिलाई। इस मौके पर आईसीडीएस विभाग द्वारा पोषण मिशन, स्वयं सहायता समूह , स्वास्थ्य विभाग ,सहकारिता ,अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक द्वारा जन सुरक्षा योजनाओं एवं वित्तीय साक्षरता से संबंधित स्टॉल तथा समाज कल्याण विभाग ,पशुपालन विभाग ,जल जीवन मिशन ,कृषि विभाग , पंचायत राज विभाग आदि के द्वारा अपनी विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल / पम्पलेट लगाकर योजनाओं का प्रचार प्रचार किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि, वृद्धावस्था एवं निराश्रित पेंशन योजना ,स्वयं सहायता समूह, आयुष्मान कार्ड के लाभार्थी, जल जीवन मिशन के लाभार्थी आदि ने योजनाओं के लाभ से हुए उनके जीवन में बदलाव के अनुभव साझा किए इस अवसर पर मंडलायुक्त ने आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए। गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना ,स्वयं सहायता समूह की सखी, पेंशन लाभार्थियों आदि को प्रमाण पत्र/ स्वीकृति पत्र वितरित किए। इस मौके पर विभिन्न स्कूलों की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए इन छात्रों को मंडलायुक्त ने पुरस्कार वितरित किए इस मौके पर मंडलायुक्त ने कहा कि विकसित भारत संकल्प अभियान भारत को बर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से मा प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से प्रारंभ किया गया है। यह प्रत्येक ग्राम पंचायत में आयोजित होगा। इसके माध्यम से विभिन्न योजनाओं के पात्र व्यक्तियों का चिन्हांकन कर उन्हें योजनाओं से आच्छादित किया जाएगा । उन्होंने बताया कि हमारा राष्ट्र विकसित बनने से प्रत्येक व्यक्ति की आय व उम्र बढ़ेगी।

## अपर आयुक्त आगरा मंडल मंजू लता ने मतदेय स्थलों का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** अपर आयुक्त आगरा मण्डल आगरा मंजू लता ने आज भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदेय स्थलों पर आयोजित विशेष दिवस पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के संचालित विशेष पुनरीक्षण अभियान का पर्यवेक्षण किया। अपर आयुक्त ने विधानसभा क्षेत्र 110-करहल के पोलिंग बूथ 82-कंपोजिट विद्यालय सिमरऊ, बूथ संख्या-84 कंपोजिट विद्यालय कुतुबपुर बुजुर्ग, बूथ संख्या-85 कंपोजिट विद्यालय अंडनी का निरीक्षण कर चल रहे पुनरीक्षण कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर बूथ लेवल अधिकारियों, सुपरवायजर से प्राप्त फॉर्म-6, 7, 8 के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुये कहा कि अभियान के दौरान 01 जनवरी 2024 को अर्हतामान 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे प्रत्येक वयस्क का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाये, मृतक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल न रहें, जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से विलोपित किये जायें उन पर विशेष सावधानी बरती जाये, नाम विलोपित करने से पहले सम्बन्धित के परिजनों के संज्ञान में अवश्य लाया जाये। उन्होने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी से कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का सघन निरीक्षण कर फार्मों की संख्या बढाऐं, महिला मतदाताओं के नाम शामिल कराने पर विशेष फोकस किया जाये। उन्होने बीएलओ को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्धारित विशेष तिथियों पर अपने-अपने मतदान केन्द्रों, स्थलों पर दॉवे, आपत्तिया प्राप्त करने के लिए सभी बूथ लेवल अधिकारी, पदाभिहित अधिकारी प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक उपस्थित रहकर फॉर्म प्राप्त करें। अपर आयुक्त ने बूथों के निरीक्षण के उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में उपस्थित विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि बार-बार अनुरोध के बाद भी अभी तक किसी के द्वारा बूथ लेवल एजेंट की सूची उपलब्ध नहीं कराई गई है।

## महाराजश्री को नमन कर भावांजलि अर्पित की

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** महान विभूति सद्गुरूदेव श्रीस्वामी गीतानंद जी महाराज भिक्षु की 19 वीं पुण्यतिथि पर वृन्दावन के गांधी मार्ग स्थित श्री गीता आश्रम में विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। इस दौरान मंहत, संत व धर्माचार्यो ने आध्यात्म चिंतन के साथ महाराजश्री को नमन कर भावांजलि अर्पित की। वहीं समाजसेवियों ने भी समाज और राष्ट्र हित में संत गीतानंद जी महाराज द्वारा किये गये कार्यो को याद कर उनसे प्रेरणा लेने पर जोर दिया।

महामंडलेश्वर डा.स्वामी अवशेषानंद महाराज की अध्यक्षता में आयोजित विराट श्रद्धांजलि सभा में महामंडलेश्वर गोविंदानंद तीर्थ महाराज ने कहा कि महाराजश्री की भक्ति के साथ-साथ सेवा में विशेष रूचि थी। उन्होंने देश में किसी तरह की आपदा आयी हो या फिर सीमा पर युद्ध हो हर समय अपने सरल ह्दय का दर्शन कराते हुए पीडित मानवता की सेवा में कोई कसर नहीं छोडी। एनयूजेआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट ने कहा कि गीतानंद महाराज ने गीता, वाणी और प्रवचन के माध्यम से लोगों में जनजाग्रति पैदा की। वहीं आध्यात्म के माध्यम से मानव को जोडने का जो काम किया वह हमेशा स्मरणीय रहेगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजश्री के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया। महामंडलेश्वर डा.स्वामी अवशेषानंद महाराज ने कहा कि गीतानंद महाराज ने जीवन पर्यंत श्रीमद्भगवत गीता का प्रचार-प्रसार कर भक्तों को सद्मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन रामजीवन शर्मा द्वारा किया गया। श्रद्धांजलि सभा के पश्चात संतो, महन्तों, महामंडलेश्वरों का विशेष भण्डारा हुआ। कार्यक्रम महामंडलेश्वर नवलगिरी महाराज, बलराम बाबा, सुरेशानंद महाराज, हरिबोल बाबा, बिहारी लाल वशिष्ठ, राधेलाल पाठक

डॉ. विनोद बनर्जी, पार्षद राधाकृष्ण पाठक, वरिष्ठ पत्रकार अनंत स्वरूप वाजपेयी देशभक्त, अनूप शर्मा, छैलबिहारी शर्मा, अमेरिका से आये पं. सुनील, शांति, शांता, अनीता, कमीनी, राधाकृष्णा, देविका, गोपाल चतुर्वेदी, राजकुमार तोमर, डॉ. विवेक प्रिय आर्य आदि मौजूद रहे।

# एके शर्मा ने लॉन्च किया कंज्यूमर एप

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** बिजली उपभोक्ताओं को अब बिल का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। वे खुद ही बिल निकाल सकेंगे और समय पर जमा कर सकेंगे। यह संभव होगा उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन की वेबसाइट पर दिए गए लिंक और विभाग के कंज्यूमर एप से। रविवार को ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने फील्ड हॉस्टल में इस एप और वेबसाइट को लॉन्च किया।



ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि बिलिंग संबंधी समस्याओं एवं शिकायतों से हमेशा के लिए निजात दिलाने तथा मीटर रीडर द्वारा की जा रही गलत रीडिंग और गलत बिलिंग संबंधी शिकायतों से बचाने के लिए उपभोक्ताओं को ट्रस्ट बिलिंग की सुविधा दी है। इससे उपभोक्ताओं को बिलिंग की एक आसान व्यवस्था मिलेगी, जिससे वह अपने घर बैठे ही स्वयं अपना बिल जनरेट कर सकेंगे और बिल भी प्राप्त कर सकेंगे। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि नए उपभोक्ताओं को इस व्यवस्था का लाभ लेने के लिए पहले नजदीकी विद्युत कार्यालय या बिलिंग काउंटर से बिल को जनरेट करवाना होगा। फिर दूसरा बिल वे इससे निकाल सकेंगे। बकायेदार उपभोक्ता एकमुश्त समाधान योजना के तहत अपना अंतिम हिसाब करा लें। इसके बाद इस एप का लाभ ले पाएंगे। यदि बिल निकालने में किसी तरह की दिक्कत होती है तो अपने क्षेत्र के एसडीओ व अधिशासी अभियंता से संपर्क कर सकेगें या यूपीपीसीएल के हेल्पलाइन नंबर 1912 पर भी कॉल कर सकेंगे। इस वेबसाइट या कंज्यूमर एप पर माह में एक बार ही मीटर रीडिंग दर्ज की जा सकेगी। वर्तमान मीटर रीडिंग के साथ ही पिछले महीने की डिमांड रीडिंग को भी दर्ज करना होगा।

ट्रस्ट बिलिंग की वास्तविकता की जांच के लिये विभाग द्वारा कभी-कभी उपभोक्ता के परिसर में जाकर भी मीटर की सही रीडिंग की जांच की जाएगी। इसमें गड़बड़ी मिलने पर डेढ़ गुना अतिरिक्त एनर्जी चार्ज वसूल किया जाएगा। इस दौरान यूपीपीसीएल

**अब उपभोक्ता खुद निकाल सकेंगे अपना बिजली बिल**

के अध्यक्ष डा अशीष कुमार गोयल ने बतायाकि नई तकनीक से युक्त ट्रस्ट बिलिंग की सुविधा से 3.28 करोड़ उपभोक्तों को सही समय पर आसानी से बिल मिल सकेगा। बिल कलेक्शन के अन्य विकल्पों के प्रयोग की भी योजना पर कार्य हो रहा है। इसके तहत विभिन्न बैंकों, जनसेवा केन्द्रों, निजी संस्थानों का भी सहयोग लिया जाएगा।

## कैसे निकालें बिल

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि ट्रस्ट बिलिंग के तहत सेल्फ बिल जनरेशन की सुविधा घरेलू और वाणिज्यिक श्रेणी के नौ किलोवाट भार तक के उपभोक्ता को दी जाएगी। ऐसे उपभोक्ता अब घर बैठे अपना स्वयं का बिल जनरेट कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें- यूपीपीसीएल की वेबसाइट www.uppcl.org अथवा www.upenergy.in पर लॉगिन करना होगा। इसके अंतर्गत उपभोक्ता को वेबसाइट की कंज्यूमर कॉर्नर में जाकर सेल्फ बिल जनरेशन को क्लिक व लॉगिन कर रजिस्टर्ड करना होगा और इसमें अपने विद्युत कनेक्शन के खाता संबंधी विवरण को दर्ज कर वर्तमान मीटर रीडिंग के साथ पिछले महीने की डिमांड रीडिंग को भी दर्ज करना होगा। अन्य विकल्प के रूप में मोबाइल में प्ले स्टोर से यूपीपीसीएल कंज्यूमर ऐप को डाउनलोड कर लॉगिन करना होगा। यह मोबाइल एप्लिकेशन उपभोक्ताओं की सेवाओं के लिए नई बनाई गई है। इस पर लॉगिन के बाद सेल्फ बिल जनरेशन का विकल्प मिलेगा। इस तकनीक को अपनाने के बाद 24 से 48 घंटे में उपभोक्ता का बिल जनरेट हो जाएगा।

उसके रजिस्टर्ड ई-मेल या उसके दर्ज मोबाइल नंबर पर ई-मेल या एसएमएस के माध्यम से बिल की पूरी जानकारी मिल जाएगी। उपभोक्ता उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन की उपरोक्त वेबसाइट या एप पर लॉगिन कर अपना बिल डाउनलोड/प्रिंट कर सकेंगे।

# एनई रेलवे मजदूर यूनियन की कार्यकारिणी बैठक संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** एन ई रेलवे मजदूर यूनियन की कार्यकारिणी बैठक ऐशबाग कार्यालय मे सम्पन्न हुई बैठक मे मोहम्मद नसीम को सर्वसममति से एन ई रेलवे मजदूर यूनियन का मंडल मिडिया प्रभारी चुना गया। चुने जाने के बाद मोहम्मद नसीम मे बताया की लखनऊ की प्रिंट मिडिया हमारे रेल कर्मचारियों की समस्या को लगातार उठाती, जो सराहनीय है हम लखनऊ प्रिंट मिडिया के आभारी है, और आगे हम और हमारी यूनियन लखनऊ प्रिंट से मधुर संबंध बने रहे और कर्मचारियों की समस्याओं को ऐसे ही प्रखरता से उठाती रहे, इस दिशा मे कार्य करेंगे, इस अवसर पर मंडल मंत्री आर. एन. गर्ग ने मोहम्मद नसीम को माला पहना कर सम्मानित किया, और मिठाई बाट कर अपनी खुशी दिखाई। इस अवसर पर, शाखा मंत्री सफदर हुसैन, सेक्शनल इंचार्ज भानू प्रताप सिंह, ए.एच. सिद्दीकी, नसीम अख्तर, अरविन्द वर्मा, चंदन यादव, अनिल कुमार, भईया लाल, सरोज कुमार, सर्वेश कुमार रंजीत कुमार, अजय प्रजापति, अशफाक अहमद, अभिजीत कुमार, गौतम यादव, तौक़ीर अहमद, बनवारी प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

# स्वर्णज्योति आई हॉस्पिटल, अलीगंज शाखा में डायबीटिक रेटिनोपैथी स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** स्वर्णज्योति आई हॉस्पिटल ने अपने अलीगंज शाखा में एक डायबीटिक रेटिनोपैथी स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन किया, जिसमें 131 डैबेटिक रोगियों की रेटिना की जांच की गई।



इस कैम्प का मुख्य उद्देश्य डायबीटिक रेटिनोपैथी के संकेतों की पहचान करना और समय रहते उपचार शुरू करना था। चिकित्सकों के पैनल द्वारा 131 रोगियों की रेटिना की जांच की और उनके ब्लड शुगर स्तर की जाँच भी की गई। इस परिणामस्वरूप, 38 रोगियों में डायबीटिक रेटिनोपैथी का पता चला। इन रोगियों के लिए आगे के उपचार जिम्मा भी स्वर्णज्योति आई हॉस्पिटल उठाएगा। डॉ. एन के मिश्रा, डॉ. दिवा कांत मिश्रा, डॉ. पीयुष मिश्रा, डॉ. नीतिका पांडेय और डॉ. दीप्ति वाही शिविर के दौरान रोगियों की जांच के लिए मौजूद थे। डॉ. दिवा कांत मिश्रा (रेटीना विशेषज्ञ) ने कहा, यह स्क्रीनिंग शिविर एक सफल पहल है जिससे हमने समुचित संख्या में लोगों की रेटिना की जाँच करके उन्हें सही समय पर उपचार की सीधी योजना बनाने में मदद की है। स्वर्णज्योति आई हॉस्पिटल की ओर से आयोजित किए गए इस कैम्प के माध्यम से हम आगे भी ऐसे समुदाय सेवा कार्यों को बढ़ावा देने का संकल्प करते हैं।

स्वर्णज्योति आई हॉस्पिटल ने शिविर का आयोजन करके समुदाय के सदस्यों को अच्छे स्वास्थ्य की दिशा में एक कदम आगे बढ़ने के लिए अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता को दिखाया है।

# द एमएसजी फाउंडेशन की तरफ से वर्चुअल हेल्थ कैंप का आयोजन



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** द एमएसजी फाउंडेशन ने जयपुरिया के पास गरीब जुग्गी झोपड़ी में वर्चुअल हेल्थ कैंप का आयोजन किया। इस मेडिकल कैंप में एमबीबीएस एमडी पीडियाट्रिक (डॉ.मुज़फ़्फ़र हॉस्पिटल) की डॉक्टर सादिया मंसूर ने लोगों को ऑनलाइन देखा और दवाएं बताई यह दवाएं जो डॉक्टर सादिया मंसूर ने बताई द एमएसजी फाउंडेशन की तरफ से लोगों को दी गई। इस मेडिकल कैंप में तकरीबन 25 लोगों को देखा गया और उन्हें दवाई दी गई। इस मेडिकल कैंप में समाज के कई प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे और डॉ. ऐमन भी मौजूद रहीं। वही द एमएसजी फाउंडेशन की तरफ से फाउंडेशन के संस्थापक मोहम्मद सादिक, फाउंडेशन के अध्यक्ष मोहम्मद आलम, फाउंडेशन के उपाध्यक्ष शुजा अब्बास, सदफ इकबाल, ज़फ़र इकबाल, आबिद मौजूद रहे।

# यूपी प्रेस क्लब में संगोष्ठी का आयोजन हुआ



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सीमांत गांधी सोशल वेलफेयर ट्रस्ट की तरफ से संविधान दिवस पर यूपी प्रेस क्लब में संगोष्ठी का आयोजन किया गया ट्रस्ट के अध्यक्ष सैयद बिलाल नूरानी की अध्यक्षता में वक्ताओं ने संविधान की प्रस्तावना में वर्णित बराबरी और अभिव्यक्ति की आजादी की रक्षा के लिए संकल्प लिया प्रोग्राम की शुरुआत अजरा मुबीन के द्वारा संविधान की प्रस्तावना पढ़कर की गई विषय परिवर्तन करते हुए इतिहासकार और समाजवादी चिंतक शाहनवाज कादरी ने संविधान पर खतरे एवं संशोधनों के ज़रिए संविधान की मूल आत्मा से छेड़छाड़ की आशंका की तरफ इशारा किया समाज सेविका ताहिरा हसन ने डॉक्टर अंबेडकर के संघर्षों का जिक्र करते हुए संविधान के देश की महिलाओं और वंचित वर्गों का सबसे बड़ा हथियार बताया।

मौलाना सुफियान निजामी ने अल्पसंख्यकों के धार्मिक अधिकारों से छेड़छाड़ को रोकने की जरूरत पर जोर दिया एसजीपीजीआई के पीडियाट्रिक डिपार्मेंट के एचओडी डॉ बसंत ने बल देते हुए भविष्य में धार्मिक कट्टरता के माध्यम से संविधान से छेड़छाड़ की आशंका जाहिर की पूर्व विधायक एवं सपा प्रवक्ता अनूप संडा ने वक्ति लोकप्रियता के लिए राजनीतिक दलों द्वारा अपनाए जाने वाले कदमों के दुष्परिणामों के प्रति सचेत करते हुए समान विचार के लिए विचारों की एकता और संघर्ष पर बल दिया कार्यक्रम का संचालन श्री परवेज़ मलिकज़ादा ने किया ट्रस्ट की सचिव अज़रा मुबीन ने धन्यवाद ज्ञापन किया तथा ट्रस्ट की भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला

# बड्स एंड ब्लॉसम स्कूल में कला प्रदर्शनी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** बाला कदर रोड स्थित बड्स एंड ब्लॉसम स्कूल में वेस्ट मटेरियल से बनी वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें नर्सरी से लेकर कक्षा 8 तक के छात्र-छात्राओं ने स्वयं और अपने टीचर्स, अभिभावकों की मदद से वेस्ट मटेरियल से बनी हुई वस्तुओं को मनमोहक मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया। मॉडलों में चंद्रयान, ग्लोबल वार्मिंग,लेयर ऑफ़ द अर्थ, लखनऊ रेलवे जंक्शन, कंदील,जूट वर्क आदि विशेष रूप से दर्शनीय रहे। छोटे बच्चों ने तितली, गाजर, पशु-पक्षी और फल-फूलों के भी छोटे-छोटे क्राफ्ट मॉडल बनाएं,रंगोली भी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहीं।इस क्राफ्ट प्रदर्शनी का उद्घाटन संयुक्त रूप से विद्यालय की प्रधानाचार्य शिप्रा घोषाल और समाजसेवी अब्दुल वहीद ने किया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिप्रा घोषाल ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं इनका उत्साहवर्धन बहुत जरूरी है यही बच्चे जो आज एक छोटे से स्कूल में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं वही आई.ए.एस, आई.पी.एस, डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक के रूप में भविष्य में देश के विकास में अपना सहयोग देंगे।उन्होंने कहा कि 25 से अधिक वर्षो से हर वर्ष हम लगातार यह प्रदर्शनी लगाते रहते हैं,इस प्रदर्शनी की तैयारी में बच्चों के साथ-साथ स्कूल का स्टाफ और बच्चों के अभिवावकों की भी सराहनीय भूमिका रहती है।बहुत कम समय में इन सबने बहुत अच्छी तैयारी की है जिसको देखकर लोगो ने बड़ी प्रशन्सा की है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद समाजसेवी अब्दुल वहीद ने बच्चों के उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामना दी और स्कूल के पूरे स्टाफ को सफल आयोजन के लिए मुबारकबाद पेश की। इस आयोजन की सफलता में रजिया बेगम, नीलम, इशरत जहां, क्रिस्टीना, जेहरा, मानसी गुरुनानी, शालिनी चंद्रा,संगीता गुप्ता, मिस्बाह, नाजिया,नीरज गुप्ता, रेहाना,पूजा बत्रा,फरजाना,उज्मा आदि टीचरों का सराहनीय योगदान रहा है। स्कूल के मैनेजर सर्वजीत सिंह ने भी बच्चों और स्कूल स्टाफ की बहुत प्रशंसा की।नर्सरी के आद्विक सोनकर के.जी.फर्स्ट की शांवी को, क्लास फोर्थ के श्रेयांस को उनके मॉडल्स के लिये प्रथम पुरस्कार दिया गया। क्लास 6 के शौर्य, सुमित,आयान अली को स्टोन एज,विंड मील मॉडल हेतु और क्लास 8 के वैष्णवी, परी, अंकित, ऐनी, प्रखर को उनके मॉडल ग्लोबल वार्मिंग,चंद्रयान को प्रथम पुरस्कार दिया गया।स्कूल परिसर में विद्यालय के टीचर्स और बच्चों के अभिभावकों ने स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल्स भी लगाये थे,आये हुये अतिथियों ने क्राफ्ट प्रदर्शनी देखने के बाद इन स्टाल्स पर अपनी मनपसन्द चीजों का आनन्द लिया और खाने की प्रशन्सा की।



# जनजातीय समुदाय द्वारा उपयोग की जाने वाली औषधियां प्रस्तुत कीं

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ के सरोजिनी नगर स्थित नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (नाईपर), रायबरेली के ट्रांजिट कैंपस में जनजातीय गौरव दिवस के अंतर्गत सप्ताह भर चले समारोह में कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। संस्थान के छात्र-छात्राओं द्वारा जनजातीय समुदाय द्वारा उपयोग किये जाने वाले औषधीय पौधे और औषधियों की प्रस्तुति दी गई।



विशेषकर उत्तरी भारत के आदिवासी क्षेत्रों में इस्तेमाल होने वाली औषधियों पर प्रस्तुति देकर एम.एस. फार्म (रेग्युलेटरी टॉक्सिकॉलजी) की स्टूडेंट प्राजक्ता घुमे ने इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। समारोह के तहत 'आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें एम.एस. फार्म (बायोटेक्नॉलजी) की स्टूडेंट दीपाली डोंगरे ने आदिवासी क्रांतिवीर बाबुराव शेडमाके के जीवन संघर्ष पर प्रस्तुति देकर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इसके साथ ही पोस्टर प्रतियोगिता के तहत विद्यार्थियों ने आदिवासी समुदाय के बलिदान एवं जीवनशैली को प्रदर्शित किया। जनजातीय गौरव समारोह के साथ-साथ नाईपर के विद्यार्थियों ने 62वां राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह भी मनाया। पीएचजी एवं पीजी प्रोग्राम के विद्यार्थियों ने फार्मेसी पेशे में बरती जाने वाली सावधानियों पर प्रजेंटेशन दिया, ताकि आम लोगों द्वारा दवाओं का सुरक्षित इस्तेमाल किया जा सके। नाईपर- रायबरेली की डायरेक्टर प्रोफेसर शुभिनी ए. सराफ ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

## सतीश महाना ने शुभकामनाएं दीं

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना जी ने गुरू नानक जयन्ती, कार्तिक पूर्णिमा व देव दीपावली पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं है। अध्यक्ष, विधान सभा ने अपने संदेश में कहा है कि गुरु नानक जी बचपन से ही आध्यात्मिक व ज्ञानशील थे। गुरु नानक जी के बचपन के किस्से आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि देव दीपावली काशी की पवित्र भूमि सहित देश-विदेश में भी मनाये जा रहें हैं। श्री महाना ने बाबा श्री विश्वनाथ जी से प्रार्थना की है कि वह समस्त जनमानस को सुख-समृद्धि एवं आरोग्यता प्रदान करें।



# 'अरुणोदय' में दिखे संस्कृति के विविध रंग



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** 26 नवंबर रविवार-सीतापुर रोड स्थित महर्षि विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव 'अरुणोदय' धूमधाम से मनाया गया। ड़ॉ नीरज बोरा, विधायक, उत्तर विधानसभा, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। महर्षि संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अजय प्रकाश श्रीवास्तव जी की गरिमामयी उपस्थिति से समारोह और अधिक मूर्तिमान हो गया। वैदिक परंपरा अनुसार गुरु पूजन के उपरांत विद्यालय के प्रबंधक अनूप श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का औपचारिक स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम 'अरुणोदय' का शुभारंभ किया। सभी अतिथियों का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ माल्यार्पण करने के उपरांत अंग वस्त्र देकर सम्मान किया गया। सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत मंगलाचरण से हुई। मंगलाचरण से ही संगीत का जो जादू चढ़ा, वह ऑरकेस्ट्रा, पंचभूत, भजन, लावनी नृत्य एवं कव्वाली तक बराबर कायम रहा। त्योहारों के इन्द्रधनुष की सुंदर प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। लघु नाटक 'महान योगी' को दर्शकों के द्वारा खूब सराहना मिली। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के क्रम में 'स्वर्णिम लक्ष्य' के साथ संस्कृति के अनेक रंग दिखाई दिए। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि महर्षि जी के दिव्य आशीर्वाद एवं प्रेरणा से चेतना आधारित शिक्षा प्राप्त करने वाले यहां के सभी छात्र भाग्यशाली है। महर्षि जी के आदर्शों पर चलकर ही विश्व शांति स्थापित की जा सकती है। ड़ॉ0 नीरज बोरा ने हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों से कहा कि आज महर्षि विद्या मंदिर जैसे संस्थान में दी जाने वाली शिक्षा की प्रासंगिकता और बढ़ती जा रही है। महर्षि संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अजय प्रकाश श्रीवास्तव जी ने विद्यालय की उत्तरोत्तर हो रही प्रगति की सराहना की।


